CMYK

सूर्योदय : 6:57
सूर्यास्त : 5:33
अधिकतम तापमान : 21
न्यूनतम : 6.7

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-206 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 15 जनवरी 2026
25 रजब 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर

**■ ईरान के विदेश मंत्री ने एस. जयशंकर को लगाया फोन**



**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिकी अटैक के हमले की आहट के बीच ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को फोन कर ईरान और आसपास के इलाकों की बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की। जयशंकर ने खुद इस फोन कॉल की पुष्टि की है। इससे एक दिन पहले अमेरिकी विदेश मंत्री ने भी जयशंकर से बात की थी।

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव अपने चरम पर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजराइली प्रधानमंत्री का विशेष विमान उड़ान भर चुका है और अमेरिकी सेना कतर से निकल रही है। इन बड़े घटनाक्रमों के बीच ईरान का भारत को फोन करना बेहद अहम माना जा रहा है। अराघची ने जयशंकर को क्षेत्र की बदलती सुरक्षा हालात से अवगत कराया। भारत हमेशा से इस क्षेत्र में शांति का पक्षधर रहा है।

विदेश मंत्री जयशंकर को ईरान के विदेश मंत्री का फोन आना तेहरान का एक बड़ा संदेश माना जा रहा है। भारत के ईरान और इजरायल दोनों से पुराने और मजबूत रिश्ते हैं। जयशंकर की सलाह युद्ध को टालने और शांति बहाल करने में भूमिका निभा सकती है। ऐसा लगता है कि तेहरान भारत से मध्यस्थता या कूटनीतिक समर्थन की उम्मीद कर रहा है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची का फोन आया। हमने ईरान और उसके आसपास की बदलती स्थिति पर बात की। बता दें कि ईरान में हालात अभी काफी खराब हो चुके हैं। भारत सरकार ने ईरान में मौजूद अपने नागरिकों के लिए आपातकालीन संपर्क हेल्पलाइन भी जारी की है। इसके तहत मोबाइल नंबर 989128109115, 989128109109, 989128109102, 989932179359 पर संपर्क किया जा सकता है।

दूसरी ओर ईरान के प्रधान न्यायाधीश ने सरकार विरोधी राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिए गए लोगों के खिलाफ त्वरित सुनवाई और फांसी की सजा का संकेत दिया है। वहीं, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कहा कि मृतकों की संख्या बढ़कर 2,572 हो गई है।

## ईरान में बिगड़े हालात : विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को तुरंत देश छोड़ने की दी सलाह

**■ नई एडवाइजरी जारी, यात्रा दस्तावेज हमेशा रखें तैयार**

**नई दिल्ली।** ईरान में पिछले दो सप्ताह के अधिक समय से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारत सरकार ने ईरान में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है। ईरान में ये विरोध प्रदर्शन पिछले महीने के आखिर में तब शुरू हुए थे, जब ईरानी मुद्रा रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी। इसके बाद ये आंदोलन धीरे-धीरे देश के सभी 31 प्रांतों में फैल गया। शुरुआत में आर्थिक मुद्दों को लेकर शुरू हुए ये प्रदर्शन अब राजनीतिक बदलाव की मांग में बदल चुके हैं।

दूतावास ने सोशल मीडिया पर जारी एक सलाह में कहा, ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों (छात्रों, तीर्थयात्रियों, व्यापारियों और पर्यटकों) को वाणिज्यिक उड़ानों सहित उपलब्ध किसी भी परिवहन साधनों का उपयोग करके ईरान छोड़ने की सलाह दी जाती है।

सरकार ने दोहराया है कि ईरान में रह रहे सभी भारतीय नागरिक पूरी सतर्कता बरतें। उन्हें किसी भी तरह के प्रदर्शन या अशांत क्षेत्रों से दूर रहने, स्थानीय हालात पर नजर बनाए रखने और ईरान स्थित भारतीय दूतावास के नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने यात्रा और इमिग्रेशन से जुड़े दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट और पहचान पत्र, हर समय अपने पास सुरक्षित और तैयार रखें।

# अमेरिका ने 75 देशों के लिए रोका वीजा

**■ रूस-ईरान और अफगानिस्तान सहित लिस्ट में कई देशों के नाम**



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बड़ा फैसला लेते हुए 75 देशों के वीजा पर रोक लगा दी है। अमेरिकी स्टेट विभाग ने 75 देशों के लिए सभी वीजा प्रोसेस को रोक दिया है। इस लिस्ट में रूस, अफगानिस्तान और ईरान सहित बहुत सारे देशों का नाम है। इस कदम से पीछे अमेरिका का उन आवेदकों को रोकना है, जो देश पर सार्वजनिक लाभों पर बोझ बन सकते हैं।

फॉक्स न्यूज के मुताबिक स्टेट विभाग के एक ज्ञापन में कांसुलर अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे मौजूदा कानून के तहत वीजा देने से इनकार कर दें, जबकि विभाग स्क्रीनिंग और जांच प्रक्रियाओं का पुनर्मूल्यांकन कर रहा है। इस लिस्ट में सोमालिया, रूस, अफगानिस्तान, ब्राजील, ईरान, इराक, मिस्र, नाइजीरिया, थाईलैंड, यमन और अन्य देश शामिल हैं। ऐसे में अब इन देश के नागरिकों को अमेरिका का वीजा नहीं दिया जाएगा।

नवंबर 2025 में विभाग द्वारा दुनिया भर के दूतावासों को भेजे गए एक संदेश में कांसुलर अधिकारियों को आव्रजन कानून के तथाकथित सार्वजनिक प्रभार प्रावधान के तहत व्यापक नए स्क्रीनिंग नियमों को लागू करने का निर्देश दिया गया था। इस गाइडलाइन में कांसुलर अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे उन आवेदकों को वीजा देने से इनकार कर दें जिनके सार्वजनिक लाभों पर निर्भर रहने की संभावना है। इसके लिए स्वास्थ्य, आयु, अंग्रेजी भाषा की दक्षता, वित्तीय स्थिति और यहां तक कि दीर्घकालिक चिकित्सा देखभाल की संभावित आवश्यकता सहित कई कारकों पर विचार किया जाएगा।

अधिक उम्र या अधिक वजन वाले आवेदकों के आवेदन अस्वीकार किए जा सकते हैं। साथ ही उन लोगों के आवेदन भी अस्वीकार किए जा सकते हैं, जिन्होंने पहले कभी सरकारी नकद सहायता का उपयोग किया हो या किसी संस्था में रहे हों। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक बयान में कहा, विभाग अपने दीर्घकालिक अधिकार का उपयोग उन संभावित प्रवासियों को अयोग्य घोषित करने के लिए करेगा, जो संयुक्त राज्य अमेरिका पर सार्वजनिक बोझ बन जाएंगे और अमेरिकी लोगों की उदारता का शोषण करेंगे।

### 21 जनवरी से शुरू हो जाएगी रोक

यह रोक 21 जनवरी से शुरू होगी और विभाग की ओर से वीजा प्रोसेसिंग के पुनर्मूल्यांकन किए जाने तक अनिश्चितकाल तक जारी रहेगी। बता दें कि मिनेसोटा की घटना के बाद सोमालिया संघीय अधिकारियों की कड़ी निगरानी में आ गया है, जहां बड़े पैमाने पर घोटाले का खुलासा हुआ है। इस घोटाले में शामिल कई लोग सोमाली नागरिक या सोमाली-अमेरिकी हैं।

# मुख्यमंत्री योगी ने किया वार्षिक स्वच्छता कैलेंडर-2026 का भव्य विमोचन

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गोरखपुर नगर निगम द्वारा प्रकाशित 'वार्षिक स्वच्छता कैलेंडर-2026' का भव्य विमोचन माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर-कमलों से किया गया। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, सम्मानित पार्षदगण, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल सहित नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नगर निगम द्वारा जारी यह कैलेंडर मात्र तिथियों का संग्रह नहीं, बल्कि गोरखपुर के स्वच्छता अभियान की उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं का एक जीवंत दस्तावेज है। इसमें स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में प्राप्त 5-स्टार रेटिंग तथा 'सफाई मित्र सुरक्षित शहर' श्रेणी में देश के शीर्ष तीन शहरों में स्थान जैसी गौरवशाली उपलब्धियों को प्रमुखता से दर्शाया गया है।

कैलेंडर में शहर के सतत विकास को ध्यान में रखते हुए अर्बन फ्लड मैनेजमेंट, अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर, तथा राप्ती नदी के संरक्षण हेतु फाइटोरेमेडिएशन जैसी आधुनिक तकनीकों का विवरण शामिल किया गया है। इसके साथ ही 'वेस्ट टू वंडर', लिगेसी वेस्ट निस्तारण, और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को भी विस्तार से प्रस्तुत किया गया है।

नगर निगम का उद्देश्य इस कैलेंडर के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा जन-भागीदारी को बढ़ावा देते हुए गोरखपुर को एक आदर्श, स्वच्छ एवं आधुनिक नगर के रूप में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर स्थापित करना है। यह कैलेंडर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की थीम स्वच्छता की एक पहल - बढ़ाये हाथ, करें सफाई साथ से जुड़कर आमजन में स्वच्छता के प्रति चेतना और सहभागिता को और मजबूत करेगा।

### सीएम अर्पित करेंगे गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी

मकर संक्रांति पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को ब्रह्म मुहूर्त में गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर समूचे जनमानस की सुख-समृद्धि की मंगलकामना करेंगे। हालांकि बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला मंगलवार रात से ही शुरू हो गया। तमाम श्रद्धालु बुधवार को भी खिचड़ी चढ़ाएंगे जबकि गुरुवार को यहां आस्था का जनसमुद्र दिखेगा। सूर्यदेव के उत्तरायण होने पर खिचड़ी चढ़ाने की यह अनूठी परंपरा पूरी तरह लोक को समर्पित है। मान्यता है कि महायोगी गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर मन्नत मांगने वाला कभी निराश नहीं होता।

## बीजेपी सांसद निशिकांत के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत खारिज

**■ अमिताभ ठाकुर ने लगाए थे आरोप**

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत खारिज हो गई है। एक्टिविस्ट के तौर पर अमिताभ ठाकुर ने आरोप लगाया था कि निशिकांत दुबे और उनकी पत्नी के पास ज्ञात आय से अधिक संपत्ति है। लोकपाल के सामने लाई गई इस शिकायत को खारिज करते हुए लोकपाल ने कहा है कि शिकायत आधार हीन और तथ्यों से परे थी। संस्था ने यह भी कहा है कि शिकायत को देखकर यह लगता है कि यह स्वयं सांसद की बजाय उनकी पत्नी को कटघरे में खड़े करने के इरादे से दाखिल की गई थी।

अपने 134 पेज के ऑर्डर में लोकपाल ने कहा है कि अमिताभ ठाकुर ने निशिकांत दुबे पर ये आरोप उन तथ्यों के आधार पर लगाए थे जिसे स्वयं सांसद ने 2009 और 2024 के चुनावी हलफनामे में चुनाव आयोग के सामने पेश किए थे। ठाकुर ने निशिकांत दुबे और उनकी पत्नी की आय में वृद्धि होने के आधार पर ये आरोप लगा दिए थे, जबकि ये जानकारी स्वयं दुबे ने ही लोगों के सामने रखी थी।

# पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्री मुरुगन के घर मनाया पोंगल

**■ कहा- तमिल संस्कृति पूरे भारत की विरासत**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोंगल का त्योहार मनाया है। इस मौके पर पीएम मोदी केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के घर पहुंचे और वहां सभी रीति-रिवाजों के साथ पूजा की।

प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों को पोंगल की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति, परिवार और समाज के बीच संतुलन स्थापित करने का मार्ग दिखाता है। पीएम मोदी ने इस त्योहार के मौके पर तमिल रीति-रिवाजों से पूजा की। इसके बाद गाय और बछड़े को चारा खिलाया और उनकी भी माला पहनाकर पूजा की। प्रधामंत्री ने इस त्योहार के महत्व को बताते हुए कहा, यह त्योहार (पोंगल) प्रकृति, परिवार और समाज के बीच संतुलन स्थापित करने का मार्ग दिखाता है। इस समय देश के विभिन्न हिस्सों में लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और अन्य त्योहारों को लेकर उत्साह का माहौल है। भारत और दुनिया भर में रहने वाले सभी तमिल भाइयों और बहनों को मेरी ओर से पोंगल और सभी त्योहारों की शुभकामनाएं। पीएम ने कहा हमारी तमिल संस्कृति भारत की साझा विरासत है। इतना ही नहीं, यह पूरी मानवता की साझा विरासत है।






बिजनौर के नजीबाबाद निवासी सरफ़राज़ अहमद ने मॉडलिंग के क्षेत्र में प्रथम पुरुस्कार प्राप्त किया। नई दिल्ली में हुए कार्यक्रम में पहुंची सेलिब्रिटी एक्टर नवीना बोल और ShizzB ब्रांड की डायरेक्टर गीता डागर ने सरफ़राज़ को ट्रॉफी और ब्रांड का सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

# प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं से मिले अखिलेश यादव

**■ बोले-बूथ को मजबूत करो, 2027 में चूकना नहीं**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सतर्क और संगठित रहने का आह्वान किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने स्पष्ट कहा कि चुनावी जीत की असली लड़ाई बूथ पर लड़ी जाती है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता अपने बूथ पर मजबूती से काम करे। वोट बचाना और बूथ जिताना पार्टी कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। फार्म-6 के माध्यम से छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जरूर जुड़वाएं और भाजपा की चालाकियों से पूरी तरह सतर्क रहें। 2027 में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। अखिलेश ने भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि लोकतंत्र और संविधान के लिए सबसे बड़ा खतरा संघ परिवार से है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा झूठ बोलने और झूठा नरेटिव गढ़ने में माहिर है।




## भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद के घर में लगी आग

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद के यहां स्थित आवास में बुधवार सुबह आग लग गई। श्री प्रसाद राष्ट्रीय राजधानी में मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग पर कोठी नंबर 21 में रहते हैं। दमकल विभाग के मुताबिक आग घर के एक कमरे में बिस्तर से शुरू हुई।

एक अधिकारी ने बताया कि हमें सुबह आठ बजे घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही हमने दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा। सुबह 8:30 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और स्थानीय पुलिस को भी सूचना दे दी गई है।

CMYK

# सड़क के मध्य लगे विद्युत पोलों को दो दिनों के भीतर सड़क के किनारे शिफ्ट कराया जाएः सीडीओ



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** सीडीओ अभिषेक कुमार ने एसडीएम सदर के साथ मेला मैदान से मिदनियां तक निर्माणाधीन आरसीसी सड़क का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सड़क के मध्य स्थित विद्युत खंभों एवं ट्रांसफार्मर को सड़क किनारे स्थानांतरित किए जाने के कार्य की प्रगति भी देखी गई। इस संबंध में अधिशासी अभियंता, विद्युत को निर्देशित किया गया कि सड़क के मध्य लगे विद्युत पोलों को आगामी दो दिनों के भीतर सड़क के किनारे शिफ्ट कराया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं मानकों के अनुरूप पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए।इसके उपरांत सीडीओ द्वारा मेला मैदान चौराहे से मिदनियां की ओर जाने वाली सड़क पर यातायात जाम एवं अतिक्रमण की स्थिति का मौके पर निरीक्षण किया गया। सड़क के किनारे दुकानों के बाहर रखे सामान एवं अस्थायी अतिक्रमण के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ ने एसडीएम सदर तथा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका को निर्देशित किया कि दुकान के बाहर एवं सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को तत्काल स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किए जाएं, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित किया जा सके ननसाथ ही सीडीओ द्वारा मौके पर उपस्थित दुकानदारों से अपील की गई कि वे जनहित को ध्यान में रखते हुए अपना सामान सड़क पर न रखें तथा स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।इस अवसर पर सीडीओ के साथ एसडीएम सदर अश्वनी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अरविंद कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वीरांगनाओं का राष्ट्र निर्माण के लिए जो समर्पण है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकताः जिलाधिकारी

## वीर नारियों, पदक विजेता पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिला प्रशासन के तत्वावधान में उत्साह, उल्लास, उमंग से जिले में ÷सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस÷ मनाया गया। जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास दफ्तर में आयोजित कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद संग वीरनारी शांति रावत, ऑनररी कैप्टेन संतोष सिंह सेना मेडल एवं अन्य दस वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। इससे पूर्व अमर जवान स्मारक पर डीएम ने देश की सुरक्षा की खातिर शहीद हुए कारगिल शहीदों को पुष्प चढ़ाकर नमन किया डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने भारतीय सशस्त्र बल वेटरन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी पूर्व सैनिक देश के लिए प्रेरणा हैं। पूरे देश को आप पर गर्व है उन्होंने भारतीय सशस्त्र बल सैनिकों के राष्ट्र निर्माण व इसकी रक्षा में उनके अमूल्य योगदान को विस्तार से रेखांकित किया। देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने वाले वीर योद्धाओं की वीरांगनाओं को देखकर मन में वीरता और गर्व की अनुभूति हो रही है। वीरांगनाओं का राष्ट्र निर्माण के लिए जो समर्पण है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता डीएम ने कहा कि पूर्व सैनिक दिवस 14 जनवरी, 2017 से मनाया जा रहा है। यह दिन सेवानिवृत्त, सेवारतजनों, देश के बीच सौहार्द सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन नायकों को प्रतिबिंबित करने, स्मरण करने तथा उनका सम्मान करने के लिए समर्पित है, जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है और निस्वार्थ भाव से देश की सेवा की है जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद ने कहा कि भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करियप्पा ओबीई वर्ष 1953 में इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे। उनके द्वारा प्रदान की सेवाओं का स्मरण करने, उन्हें सम्मान देने के उद्देश्य से पूर्व सैनिक दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों की राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा और उनके बलिदान के सम्मान के प्रतीक के रूप में हमारे बहादुर सिपाहियों के परिजनों (एनओके) तथा भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति वचनबद्धता एवं एकजुटता को मजबूत करना है। कार्यक्रम के उपरांत ÷श्रीअन्न÷ कोदो की स्वादिष्ट खिचड़ी, रागी का हलवा, अंकुरित मेथी का सलाद भी परोसा गया।

# थाने में जहर खाने वाले मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** भीरा थाना क्षेत्र के मड़ईपुरवा गांव निवासी सुजीत मिश्रा ने मंगलवार को थाने में जहर खा लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। शव का पोस्टमॉर्टम सीतापुर जिला अस्पताल में कराया गया। बुधवार को जब शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया हैद्य अंतिम संस्कार के दौरान सुबह हल्की कहासुनी हुई, जिसे पुलिस ने शांत करा दिया। मौके पर सीओ गोला सहित खीरी थाना व भीरा थाना की पुलिस फोर्स मौजूद रही।

## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना नीमगांव पुलिस द्वारा , 01 नफर वारण्टी अभियुक्त संदीप पुत्र भगौती नि0ग्राम गोवर्धनपुर थाना मानपुर जिला सीतापुर को सम्बन्धित मु0सं0 365/2009 मु0अ0सं0 162/2009 धारा 302/201/34 भादवि में गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया।

# वसीम कुरैशी की मदद से युवक का शव पहुंचा घर



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के युवक की दुबई में मौत हो गई थी, परिवार में मचा कोहराम हुआ था। दस दिन के बाद वसीम कुरैशी की मदद से दुबई से नजीबाबाद पंहुचा शाहरुख़ का शव परिवार में मचा कोहराम। पूरा मामला दुबई के अबू धाबी का है जहाँ चार माह पूर्व नौकरी करने गये नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम अबकराबाद निवासी मोहम्मद शाहरुख पुत्र सईद अहमद 25 वर्ष की विगत 3 दिसम्बर को दुबई के आबू धाबी में अचानक मौत हो गईं थी। मृतक के परिजनों ने हाजी शमीम, हाजी यूनुस कुरैशी, अब्दुल वाहिद, सुल्तान खान आदि के माध्यम से नजीबाबाद निवासी वरिष्ठ समाजसेवी वसीम कुरैशी से संपर्क किया गया और मृतक की शव को इंडिया लाने के लिए वसीम कुरैशी से गुज़ारिश की गईं। वसीम कुरैशी ने तत्काल अपने सबसे अजीज़ भांजे मोबीन कुरैशी को आदेश किया। तत्काल उनके भांजे मोबिन कुरैशी ने लगभग चार-पांच दिनों तक कड़ी मेहनत की और मृतक शाहरुख के सारे कागजात की पूरी प्रक्रिया कराकर अपने निजी खर्चे पर मृतक के शव को दुबई से मोबीन कुरैशी के साथ इंडिया भेजी। जिसको मंगलवार को मृतक के शव को फ्री एम्बुलेंस के ड्राइवर सलीम कुरैशी के माध्यम से दिल्ली एयर पोर्ट से शव को उसके गांव तक पंहुचाया। जिसका दफीना कराया गया। आपको बता दे की वरिष्ठ समाजसेवी वसीम कुरैशी ने इससे पूर्व में भी कई शवों को अपने निजी ख़र्च पर इंडिया भेजना का कार्य किया है। जो की सराहनीय कार्य है। जैसे ही शाहरुख़ की लाश उसके गांव पहुंची तो अंतिम बार शाहरुख़ के शव को देखने के लिए सेकड़ो की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## अवैध खनन पर कड़ा प्रहार, पांच वाहन जब्त

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना बेहट पुलिस ने अवैध खनन पर कड़ा प्रहार करते हुए पांच वाहनों को जब्त किया है। थाना बेहट प्रभारी सतपाल सिंह भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में अवैध खनन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर व उपजिलाधिकारी बेहट मानवेन्द्र सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना बेहट पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम ने अवैध खनन में प्रयुक्त 05 ट्रक जब्त किये गए। श्री भाटी ने बताया कि इन वाहनों के बिना प्रपत्र, बिना रॉयल्टी, ओवरलोड व खनन के पुराने चालान लम्बित आदि पाए गए है। वाहनों से अवैध उपखनिज सामग्री भी बरामद की गई।

# बाइक सवार युवक को पिकअप वाहन ने मारी टक्कर,मौत

## लगभग छह माह पहले ही हुई थी युवक की शादी



**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** थाना उघैती क्षेत्र में बाइक सवार एक युवक की चार पहिया वाहन पिकअप से टकराने के बाद मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना उघैती क्षेत्र के ग्राम छिबऊ खुर्द निवासी बाइक सवार एक युवक को थाना क्षेत्र में ही विपरीत दिशा से आ रही चार पहिया वाहन पिकअप द्वारा टक्कर मार दी गई। मृतक के तहेरे भाई रविंद्र ने पोस्टमार्टम हाउस पर घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कुलदीप(30) पुत्र देवेंद्र सिंह बुधवार सुबह लगभग 10 बजे दवाई लेने हेतु अपने घर से बाइक पर सवार होकर उघैती के लिए निकले थे,इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे चार पहिया वाहन पिकअप द्वारा उनकी बाइक को टक्कर मार दी गई,इस हादसे के कुछ देर बाद ही इलाज को ले जाते समय कुलदीप की मौत हो गई।उन्होंने बताया कि घटना के बाद पिकअप वाहन चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि मृतक कुलदीप का विवाह 6 माह पूर्व ही हुआ था,वह नोएडा में रहकर एक प्राइवेट कंपनी में काम करता थे।नोएडा से तीन दिन पहले ही वह अपने घर ग्राम छिबऊ खुर्द आए थे।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा पिकअप वाहन को कब्जे में लेते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार, 20 लाख रूपये के आभूषण बरामद



**सहारनपुर।** थाना मण्डी पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियो के कब्जे से 20 लाख रुपये कीमत के आभूषण बरामद किए है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है। थाना मण्डी प्रभारी रोजन्त त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि वादी रईस अहमद पुत्र नूर अहमद पीर वाली थाना मण्डी की तहरीर पर अज्ञात चोरो के खिलाफ रात के समय छत के रास्ते घर में घुसकर घर में रखे जेवरात चोरी करने के संबंध में थाना मण्डी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री त्यागी ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक अवशेष भाटी तथा सुधीर कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 62 फुटा रोड मण्डी समिति के पास से चैकिंग/गश्त के दौरान दो शातिर चोरों साऊद पुत्र रईस अहमद व मोईनुद्दीन पुत्र इमामुद्दीन निवासी पीर वाली थाना मण्डी को गिरफ्तार कर लिया।

# राजधानी दिल्ली में किया जनपद बिजनौर का नाम रौशन

## एक्टर नवीना बोल ने ट्रॉफी और फ्रेंड सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*



**नजीबाबाद।** कहते हैं अगर इंसान में कुछ करने का जज़्बा और हौंसला हो तो वह क्या कुछ नहीं कर सकता बस शर्त है कि लगन और मेहनत होनी चाहिए तो इंसान हर नामुमकिन काम को मुमकिन कर सकता है और बड़ी से बड़ी सफल हासिल कर सकता है। जनपद बिजनौर का युवा आए दिन राजधानी से लेकर तमाम बड़े शहरों और विदेशों तक में जनपद बिजनौर का नाम रौशन करता रहता है। अगर बात करें नजीबाबाद के मौहल्ला रम्पुरा निवासी सरफ़राज़ अहमद की तो काफी लंबे समय से मॉडलिंग में अपना कैरियर तलाश कर रहे थे कड़ी मेहनत और मशक्कत के बाद आखिरकार यह मौक उन्हें मिल ही गया और उनकी मेहनत सफलता में बदल गई। दिल्ली फरीदाबाद ShizzB ब्यूटी ब्रांड की ओर से हुए ब्यूटी पैगेंट और फैशन रनवे शो इवेंट मे मॉडलिंग कंपटीशन में बाज़ी मारी। इवेंट में तमाम बड़े शहरों से आए मेकअप आर्टिस्ट, नेल्स आर्ट, मेहंदी आर्टिस्ट, ब्राइड आर्टिस्ट और मॉडल्स ने अपना जलवा दिखाया। इवेंट में मेकअप आर्टिस्ट ने ब्यूटी के टिप्स दिये और साथ ही चेहरे को घरेलू तरीको से सुंदर रखने के बारे में भी बताया। मेकअप आर्टिस्ट कविता ने बताया कि अगर आपको अपना चेहरे और मेकअप सुंदर बनाना है तो स्द्धद्ध55क्क ब्रांड के प्रोडक्ट्स को एक बार जरूर आज़माएं। इवेंट में मॉडलिंग फैशन रनवे कंपटीशन में लगभग 47 फीमेल्स और मेल्स ने हिस्सा लेकर रैंप वॉक कर अपना जलवा दिखाया, जिसमें फर्स्ट प्राइज़ पर सरफराज़ ने अपने नाम की मोहर लगाई तो सेकंड प्राइज़ प्रतयकश और फीमेल में फर्स्ट प्राइज़ रिया मॉडल रही। इवेंट में पहुंची सेलिब्रिटी एक्टर नवीना बोल और स्द्धद्ध55क्क ब्रांड की डायरेक्टर गीता डागर ने ट्रॉफी और ब्रांड का सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। एक्टर नवीना बोल ने भी जमकर स्द्धद्ध55क्क ब्रांड की तारीफ की चीप एंड बेस्ट बताया। इवेंट में शहर की तमाम बड़ी हस्तियां और सेलिब्रेटरी मॉडल मौजूद रही। वहीं इवेंट में आए सभी मेहमानों का गीता डागर ने दिल से धन्यवाद आभार व्यक्त किया।

# दस दुकानों का सामान जब्त, 16 दुकानदारों पर जुर्माना

## कोर्ट रोड व कोर्ट रोड की गलियों में भी चला अतिक्रमणरोधी अभियान

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** नगर निगम के अतिक्रमणरोधी दस्ते ने नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज कोर्ट रोड पर पार्श्वनाथ प्लाजा से दिल्ली रोड स्वाति होण्डा तक तथा कोर्ट रोड से चंद्र नगर की ओर जाने वाली गलियों में अतिक्रमणरोधी अभियान चलाया। इस दौरान 16 दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया और 10 दुकानदारों का सड़क पर रखा सामान जब्त किया गया।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा को लिखित निर्देश देते हुए कहा था कि स्वाति होण्डा के बराबर वाली गली, चंद्रनगर में आशा मॉडर्न वाली गली तथा पार्श्वनाथ प्लाजा के बराबर में टेलीफोन एक्सचेंज वाली गली में दुकानों पर आने वाले लोगों द्वारा अव्यवस्थित रुप से अपने वाहन खड़े करने तथा दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखकर किये गए अतिक्रमण से आने जाने वाले बुजुर्गों और महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त तीनों गलियां प्रमुख स्कूलों की ओर जाती हैं,जिससे स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसी क्रम में नगरायुक्त ने उक्त तीनों गलियों से तथा कोर्ट रोड़ पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। नगरायुक्त के उक्त निर्देशों के अनुपालन में अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में आज अतिक्रमणरोधी दस्ते ने कोर्ट रोड पर पार्श्वनाथ प्लाजा से दिल्ली रोड स्वाति होण्डा तक तथा उक्त तीनों गलियों में अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया। अभियान के तहत सड़क पर रखे पुतले, काउण्टर, बोर्ड, लोहे व प्लास्टिक की जालियां, पेंट के डिब्बे व एल्यूमीनियम की सीढ़ी आदि 20 दुकानों का सामान जब्त किया गया। दस दुकानदारों का सामान मौके पर ही जुर्माना राशि अदा करने पर चेतावनी के साथ लौटा दिया गया।

दो बाइक भी जब्त की गयी, जिन्हें जुर्माना अदा करने पर वापिस कर दिया गया। अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि कुल 16 दुकानदारों से 16 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया और 10 दुकानदारों का सामान जब्त कर टैऊक्टर ट्राली में भरकर नगर निगम लाया गया। इस दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग व प्रवर्तन दल के जवान मौजूद रहे।

# 5.20 लाख की अवैध स्मैक के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना गंगोह पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5.20 लाख रूपये कीमत की 26 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। पुलिस ने नशा तस्कर का चालान काटकर जेल भेज दिया है। थाना गंगोह प्रभारी संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक अतुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आपरेशन सवेरा 2.0 के अंतर्गत आलमपुर चौराहे कस्बा गंगोह के पास गश्त व चैकिंग के दौरान एक शातिर नशा तस्कर विकास उर्फ साहिल पुत्र राजपाल निवासी ज्योति नगर थाना सदर बाजार जनपद करनाल हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से 5.20 लाख रूपये कीमत की 26 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

# सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिलेः बीडीओ

## समीक्षा बैठक में बीडियो नें दिखाएं सख्त तेवर



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मुजफ्फराबाद ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी योगेंद्र चौधरी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आवास के नाम पर दलालो के चक्कर में मत लगे और कर्मचारी घर-घर जाकर आवास विहीन लोगो का सत्यापन करे। बीडीओ योगेंद्र चौधरी आज यहां मुजफ्फराबाद ब्लॉक में समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी को सरकार की प्राथमिकता से अवगत कराया। उन्होंने 15 महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर ब्लॉक ग्राम पंचायत, ग्राम विकास अधिकारीयों की समीक्षा बैठक की। साथ ही ग्राम सचिवों से 15 बिन्दुओ पर वार्ता करते हुए बताया कि जीरो पावर्टी, फेमिली आईडी, आयुष्मान कार्ड और पेंशन की केवाईसी की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा से कराए गये कार्य, मनरेगा से होने वाले अच्छे कार्य का अभिलेखीय कार्य तथा ग्राम पंचायतों में हो रहे अन्य विकास कार्यो की समीक्षा कर प्रधानमंत्री आवास के लिए पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार करने तथा प्रचार प्रसार पर जोर दिया। उन्होंने गांव में साफ सफाई, पीएम आवास, शौचालय की सूची के बारे में जानकारी लेते हुए विकास कार्यों में तेजी लाने को कहा। बीडीओ ने कहा कि आवास विहीन पात्र प्रधानमंत्री आवास सूची का घर-घर जाकर निष्पक्ष तरीके से सत्यापन करें।

उन्होंने सड़कों पर घूम रहे गौवंश को गौशालाओं में भेजने के निर्देश दिये। आंगनवाड़ी केंद्रों व मॉडल शॉप निर्माण कार्यों को शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीओ पंचायत प्रमोद कुमार, प्रवीन कुमार शर्मा, अंकुर कपिल, प्रवीन कुमार, कमल राणा, राजीव कुमार, प्रदीप काम्बोज, राजीव कुमार, अनिल प्रजापति, राजीव सैनी, कपिल तोमर, वैभव निर्वाल, विक्रांत त्यागी, अजय कुमार, जसबीर सिंह, बेगपाल, पुष्पेंद्र रोहिला, प्रशांत, अर्जुन सिंह समेत तकनीकी सहायक, संजय कुमार, चंद्रपाल सिंह, रोजगार सेवक आदि मौजूद रहे।

# सांसद इकरा हसन ने मनाया लोहड़ी पर्व

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** समाजवादी पार्टी की सांसद चौधरी इकरा हसन ने वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा के आवास पर पहुंचकर लोहड़ी का पर्व बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया और लोहड़ी को अग्नि देकर लोहड़ी का प्रसाद भी वितरित किया। सांसद इकरा हसन ने कहा कि हमें सभी धर्म के त्यौहारो को आपस में मिल-जुलकर मनाना चाहिए, इससे आपसी सद्भाव को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि आज मुझे लोहड़ी पर्व पर शामिल होने का अवसर मिला, मुझे बहुत अच्छा लगा। इस तरह के भाईचारे और आपसी सौहार्द से ही देश की तरक्की हो सकती है। उन्होंने कहा आज के समय में कुछ लोग नफ़रत फैलाने का काम कर रहे हैं, लेकिन हम उन नफ़रत फैलाने वालों को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेंगे। उन्होंने सभी को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दी। पार्षद टिंकू अरोड़ा ने कहा कि सांसद इकरा हसन का अचानक से लोहड़ी पर्व पर आना हम सबके परिवार के लिए बहुत खुशी की बात है।

सांसद इकरा हसन का परिवार शुरू से ही सभी धर्मों का और हर वर्ग का सम्मान करते हैं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर समाजवादी पार्टी की ओर से समस्त नगरवासियों को लोहड़ी पर्व की बधाई दी। इस मौके पर मंजू अरोड़ा, अरीशा सलमानी, सिमरन अरोड़ा, नबिया सलमानी, रूबी, साजिद हसन, विश्वेंद्र सिंह गोलू, अंकुश राठी, मनप्रीत सिंह, बंटी अरोड़ा, शुभम वर्मा, रवि यादव, अकबर, जोगिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# समूह सखी महिलाओं का वेतन बढ़ाने की मांग, ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जनता देश संगठन के कार्यकर्ताओ ने समूह सखी महिलाओं को उचित वेतन दिलाने समेत विभिन्न मांगो को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा।

जनता देश संगठन की राष्ट्रीय महासचिव एवं अध्यक्षा महिला विंग एडवोकेट पिंकी पवन शिंदे ने बताया कि समूह-सखी महिलाओं को उचित वेतन नहीं मिल रहा है। जबकि इन समूह सखी महिलाओं से हर क्षेत्र में कार्य करवाया जाता है। संगठन पिछले डेढ़ वर्षो से महिलाओं का वेतन बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। लेकिन प्रदेश सरकार महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से नही ले रही है। इन्हें आज भी न्यूनतम वेतन महज 800 रूपए प्रतिमाह दिया जाता है। जबकि शहर में होने वाली कोई भी मिटिंग या प्रोग्रामों में होने वाला खर्च यह समूह-सखी स्वयं से निर्वहन करती है। जिस कारण समूह-सखी महिलाएँ अपना जीवन यापन उचित रूप से नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि राज्य सरकार इसे गंभीरता से लेगी तथा जल्द ही समूह-सखी महिलाओं की समस्याओं का समाधान कराया जायेगा। लेकिन आज भी स्थिति जस की तस बनी हुयी है।

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश कुमार (फौजी), मुख्य सलाहकार राजेश्वर दास सैनी, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बर्मन, प्रदेश अध्यक्षा महिला विंग एवं अध्यक्षा समूह-सखी संघर्ष समिति बबीता कश्यप, जिला अध्यक्ष सौरण सिंह, मिडिया प्रभारी बोबी कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

## सपा प्रदेश कार्यकारिणी में महर्षि राम द्विवेदी को मिली जगह, जिले में खुशी की लहर



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के युवा और दमदार नेता तथा पूर्व गोसाईगंज विधानसभा प्रभारी महर्षि राम द्विवेदी ने प्रदेश की राजनीति में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की सहमति से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने उन्हें समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य नामित किया है। इस घोषणा के बाद पूरे जनपद में कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष का माहौल है।लगभग तीन दशकों तक फैजाबाद की राजनीति में प्रभावी भूमिका निभाने वाले द्विवेदी परिवार में बीते 23 वर्षों से राजनीतिक सन्नाटा पसरा हुआ था, जिसे महज 27 वर्ष की उम्र में महर्षि राम द्विवेदी ने समाप्त कर अपनी सियासी ताकत का एहसास करा दिया। युवाओं में उनकी इस उपलब्धि को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।बताया जाता है कि महर्षि राम द्विवेदी ने स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। तब से लेकर अब तक वह लगातार युवाओं और किसानों के हक और हकूक की आवाज को बुलंद करते रहे हैं। समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में उनके सक्रिय योगदान को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है।प्रदेश कार्यकारिणी में नामित होने पर महर्षि राम द्विवेदी ने कहा कि वह पूरी मजबूती और ईमानदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे तथा समाजवादी विचारधारा को प्रदेश से लेकर गांव-गली तक प्रचारित और प्रसारित करने का कार्य करेंगे।

# विनय शंकर तिवारी का भव्य स्वागत, ब्राह्मण समाज सहित सर्व समाज ने जताया समर्थन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं चिल्लूपार के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी का अयोध्या स्थित कृष्णापुर आवास पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे 'पवन' ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज सहित सर्व समाज के लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनय शंकर तिवारी ने कहा कि समाजवादी पार्टी में ही ब्राह्मण समाज का सम्मान सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में ब्राह्मण बेटियों को कन्या विद्याधन एवं लैपटॉप जैसी योजनाओं का लाभ मिला तथा संस्कृत विद्यालयों को मान्यता देने का कार्य भी सपा सरकार ने ही किया। उन्होंने वर्तमान भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज ब्राह्मण समाज पर फर्जी मुकदमे लगाए जा रहे हैं और हालात



यह हैं कि भाजपा सरकार में ब्राह्मण समाज के विधायक भी एक साथ बैठकर अपनी बात नहीं रख पा रहे हैं, जो लोकतंत्र का खुला हनन है।इस अवसर पर अयोध्या विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव, शमशेर यादव, तरजीत गौड़, गोपी नाथ वर्मा, शिवबरन यादव, राकेश तिवारी, शैलेन्द्र तिवारी, सूबेदार पांडे, घनश्याम मिश्रा, रमेश पांडे, बबलू मिश्रा, बलराम पांडे, अनिल तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, धीरेन्द्र पांडे, आदित्य तिवारी, सुनील पांडे, जयराम मिश्रा, सदाशिव पांडे, रवि देव तिवारी, मिन तिवारी, विनोद मिश्रा, चंद्रगुप्त तिवारी, राजेश्वर तिवारी, रामू तिवारी, सुनील तिवारी, जितेंद्र तिवारी, शीतांशु तिवारी, रुद्र मनी तिवारी, ज्ञानेन्द्र शुक्ला, मोनू पांडे, दीप पाठक, संजय तिवारी, शिव कुमार यादव, ननकन यादव, शिव राम यादव, राम शंकर वर्मा, हौसला वर्मा, आलोक वर्मा, सुभाष वर्मा, पंकज शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सुभासपा कार्यकर्ताओं ने किया खिचड़ी भोज का आयोजन, प्रभु श्रीराम व हनुमान जी के किए दर्शन

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अयोध्या के तत्वावधान में जिला बलरामपुर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अयोध्या के बालूघाट में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व सभी कार्यकर्ताओं ने प्रभु श्रीराम एवं श्री हनुमान जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र नायक, जिला अध्यक्ष सुभासपा डॉ. जेपी सेन, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट रमाकांत शर्मा, आईटी सेल जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार, विधानसभा अध्यक्ष अयोध्या दीपक चौरसिया, जिला प्रमुख महासचिव सागर शर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

## संगठित होकर देश के उत्थान के लिए कार्य करने आवश्यकता: चंपत राय



*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली अयोध्या।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विचार देश की स्वतंत्रता से पूर्व ही कार्य कर रहा था एवं विपरीत परिस्थितियों में भी इसके स्वयंसेवकों में स्वदेश प्रेम के अनूठे उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। अपने महापुरुषों से हमें प्रेरणा लेते हुए

देश के उत्थान के लिए हम सबको संगठित होकर सक्रियता से कार्य करने की आवश्यकता है। हमें अपनी जड़ों को मजबूत रखना है सदैव उससे स्वयं को संबद्ध रखना है।अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भूलने से हम कमजोर हो सकते हैं। भारत भूमि को अपनी मां मानकर एक पुत्र भाव से हम सबको कार्य करना होगा। यह बातें श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष संपत राय ने रुदौली के आरसीएम लान में आयोजित हिंदू सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता कही। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विचार इसकी संगठन की स्थापना से पूर्व ही विभिन्न रूपों में कार्य करता रहा है और हम सबको विचार को प्रमुख मानकर भारत माता की जय के लिए कटिबंध रहनाहै।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले आलोक सिंह रोहित, अयोध्या के विकास कार्यों की दी जानकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला पंचायतों अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने बुधवार को दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने अयोध्या में पार्टी द्वारा संचालित कार्यक्रमों, जमीनी स्तर पर चल रही सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और जनता से मिल रहे फीडबैक की विस्तृत जानकारी रक्षा मंत्री को दी। आलोक सिंह रोहित ने रक्षामंत्री को अवगत कराया कि अयोध्या महानगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐतिहासिक विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। उन्होंने अवगत कराया कि अयोध्या परिक्षेत्र में स्थित धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों और कुंडों पर पर्यटकीय सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम से जुड़े प्रमुख स्थलों को सूचीबद्ध कर चरणबद्ध ढंग से विकास कार्य कराए जा रहे हैं, ताकि अयोध्या की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को और सशक्त बनाया जा सके। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों के मूलभूत विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए लगातार जनसंपर्क आवश्यक है। साथ ही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पारदर्शिता पर भी जोर देने की बात कही।

## मकर संक्रांति पर रामनगरी में उमड़ा आस्था का सैलाब, सरयू तट पर भोर से जारी स्नान-दान

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर रामनगरी अयोध्या में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। ठंड के बावजूद श्रद्धालु भोर से ही सरयू नदी में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। सुबह करीब 4 बजे से ही स्नान-दान का क्रम शुरू हो गया, जो निरंतर जारी है।आज सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास का समापन हो गया है। इसके साथ ही शुभ कार्यों और धार्मिक अनुष्ठानों की विधिवत शुरुआत हो गई है। सरयू तट पर स्नान के बाद श्रद्धालु दान-पुण्य कर रहे हैं। मकर संक्रांति पर खिचड़ी दान और पवित्र स्नान का विशेष महत्व माना जाता है।हालांकि इस वर्ष एकादशी तिथि के कारण खिचड़ी पर्व कल यानी 15 जनवरी को मनाया जाएगा, इसके बावजूद आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु सरयू स्नान कर रहे हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कट एवं अतिक्रमण के विरुद्ध सघन अभियान के निर्देश**



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देशित किया कि जनपद को ÷जीरो फेटलिटी डिस्ट्रिक्ट÷ के रूप में विकसित किए जाने के उद्देश्य से सतत, समन्वित एवं प्रभावी प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद की समस्त सड़कों की आरओडब्लू (राइट ऑफ वे) तथा सड़क की पटरियों की नियमित सफाई, कटाई-छंटाई एवं अनुरक्षण सुनिश्चित किया जाए, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु एवं सुरक्षित बनी रहे। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-अयोध्या के दोनों ओर स्थित अवैध कट एवं अवैध अतिक्रमण को गंभीर दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बताते हुए इनके विरुद्ध सघन प्रवर्तन अभियान चलाकर प्रभावी एवं निरंतर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस सम्बन्ध में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में पूर्व में चिंहित किये गए 29 ब्लैकइस्पाट पर अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चिन्हित स्थानों पर संकेतक, चेतावनी बोर्ड, रेडियम मार्किंग, प्रकाश व्यवस्था एवं आवश्यक सड़क सुधार कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराए जाएं, जिससे दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-अयोध्या पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात सुगमता की दृष्टि से प्रस्तावित सफेदाबाद, दादरा, सफदरगंज एवं भिटरिया में अंडरपासों के सम्बन्ध में निर्देश दिए कि इनके समस्त अभिलेखीय, तकनीकी एवं औपचारिक कार्य तत्काल पूर्ण कर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए।

## मकर संक्रांति के अवसर पर एलएसडीपी पब्लिक स्कूल में भव्य काइट फ्लाइंग शो का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली।** एल.एस.डी.पी पब्लिक स्कूल गौरियामऊ में मकर संक्रांति के अवसर पर एक भव्य काइट फ्लाइंग शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने पतंग उड़ाना सिखा और पतंग उड़ाने की प्रतियोगिता में भाग लिया। सीसीए इंचार्ज प्रवीण गिरी ने बताया कि काइट फ्लाइंग शो में कुल 212 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य पाठक, उप प्रधानाचार्य अरबी सिंह, सीनियर कोऑर्डिनेटर बी के गोस्वामी, एकेडमी इंचार्ज श्वेता चतुर्वेदी, एकेडमिक इंचार्ज संतोष सिंह, परीक्षा इंचार्ज आशीष यादव,रंजीत शर्मा,कृष्णा तिवारी, अलभ्या श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने जमकर पतंग उड़ाई और आनंद लिया।कार्यक्रम संयोजक रंजीत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को मकर संक्रांति के महत्व को समझाना और उन्हें इस अवसर पर आनंद लेने का अवसर प्रदान करना था। विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य पाठक ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने एक दूसरे के साथ मिलकर मकर संक्रांति का जश्न मनाया।

## एनटीपीसी टांडा में सुरक्षा शपथ के साथ मनाया गया 26वां स्थापना दिवस

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** एनटीपीसी टांडा में बुधवार को 26वां स्थापना दिवस सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परिसर स्थित विश्वकर्मा पार्क में मनाया गया। इस अवसर पर सामूहिक सेफ्टी पीप टॉक एवं सुरक्षा शपथ के माध्यम से सुरक्षित कार्य संस्कृति को और मजबूत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत एनटीपीसी गीत से हुई, जिसके बाद अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संविदाकारों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। कार्यकारी निदेशक ने कहा कि दुर्घटना-मुक्त कार्यस्थल के लिए सभी का सतर्क व अनुशासित रहना आवश्यक है। समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों, सीआईएसएफ के जवानों, यूनियन प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।

## रंगदारी मामले में पुलिस अपराधी को बचाने का आरोप

**कप्तान से शिकायत, दिए जांच के आदेश**



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जनपद बाराबंकी के मसौली थाना क्षेत्र से कानून-व्यवस्था को शर्मसार करने वाला गंभीर मामला सामने आया है, जहां दबंग अभियुक्तों और स्थानीय पुलिस चौकी की कथित मिलीभगत पर सवाल खड़े हो गए हैं। रंगदारी और जानलेवा हमले के मुकदमे में नामजद अभियुक्तों को विवेचना से बाहर करने की कोशिशों ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। मुकदमा अपराध संख्या 485/2025, धारा 3(5), 115(2), 352, 351(3) बीएनएस के तहत दर्ज इस मामले में कुल छह अभियुक्त नामजद हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि विवेचना के दौरान प्रभावशाली दबंगों के नाम हटाने की ÷डील÷ चल रही है, जिससे न्याय की हत्या की जा रही है। घटना 27 दिसंबर 2025 की रात करीब 9—30 बजे की है, जब मेले से लौट रहे दो युवक—मोहम्मद तौसीफ (18) और मोहम्मद सूफियान (21)—को गांव के ही दबंगों ने रास्ते में घेर लिया। रंगदारी की मांग, अश्लील गालियां और विरोध करने पर लोहे की रॉड व लाठियों से जानलेवा हमला कर दोनों को लहूलुहान कर दिया गया। साथ ही धमकी दी गई कि पुलिस या कहीं शिकायत की तो जान से मार देंगे। पीड़ितों का आरोप है कि अभियुक्त आदतन अपराधी हैं और उनके खिलाफ पूर्व से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बावजूद इसके, वे खुलेआम दावा कर रहे हैं कि ÷चौकी पर वही होगा जो हम चाहेंगे÷ और चौकी इंचार्ज से नजदीकी का रौब दिखाकर पीड़ितों को डरा-धमका रहे हैं। गांव में यह चर्चा आम है कि अभियुक्त दिन-रात चौकी पर बैठते हैं, जिससे आम जनता में भय और असुरक्षा का माहौल है। सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि चार नाम मुकदमे से निकालने की बातचीत फाइनल बताई जा रही है। यदि ऐसा हुआ तो यह न सिर्फ पीड़ितों के साथ अन्याय होगा, बल्कि अपराधियों के हौसले और बुलंद होंगे और कानून का भय पूरी तरह खत्म हो जाएगा। पीड़ित पक्ष ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष व पारदर्शी विवेचना, अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास तलब करने, विवेचना किसी वरिष्ठ अधिकारी से कराने और जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## पुलिस मुठभेड़ मे इनामिया बदमाश के पैर मे लगी गोली, गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिले की तेजतर्रार एसपी द्वारा जनपद मे अपराधियों पर अंकुश लगाने को लेकर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसी क्रम मे बीती रात्रि मे जैदपुर पुलिस और 15 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त के साथ मुठभेड़ हुई, जिसमे अभियुक्त के पैर मे गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह अपनी टीम के साथ इलाके मे गश्त/चेकिंग की जा रही थी तभी भनोली नहर पुलिस के पास एक संदिग्ध आपराधिक व्यक्ति के होने की सूचना मिली। जिसके बाद जैदपुर पुलिस टीम द्वारा गाड़बन्दी की। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया गया तो व्यक्ति पुलिस टीम को देख कर भागने लगा और गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। जिस पर पुलिस टीम ने भी अपना बचाव करते हुवे फायरिंग की। जिसके नतीजे मे अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल होकर वहीं गिर गया और पुलिस टीम ने उसे घायल अवस्था मे गिरफ्तार कर लिया और उसे इलाज हेतु तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मोहम्मद वसीम पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम जमलापुर थाना असन्द्रा जनपद के रूप में हुई।

## अखिल भारतीय प्रधान संगठन की बैठक में पहुंचे सांसद तनुज पुनिया



**बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय प्रधान संगठन ब्लाक अध्यक्ष देवा रामनाथ यादव द्वारा खजूरगांव स्थित प्रधान मार्केट में एक बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद तनुज पुनिया का ग्राम प्रधानों ने भव्य स्वागत किया बैठक में मौजूद अखिल भारतीय प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने ग्राम प्रधानों की विभिन्न समस्याओं से सांसद तनुज पुनिया को अवगत कराया जिसे सांसद ने ध्यान पूर्वक सुना और सरकार से पत्राचार कर निराकरण का भरोसा दिलाया इस अवसर पर विशेष रूप से अखिल भारतीय प्रधान संगठन ब्लाक महामंत्री मोहम्मद इजहार सिद्दीकी, प्रधान प्रतिनिधि केसरुआ फिरोज़ हैदर प्रधान नवल किशोर, प्रधान कृष्ण कुमार, प्रधान बाल गोविंद, प्रधान विश्राम यादव, प्रधान मान सिंह,प्रधान अनिल कुमार, प्रधान अमर सिंह सहित बड़ी संख्या में अन्य गांवों के प्रधान और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## खिचड़ी मेले की तैयारी पूर्ण, आज श्रद्धालु चढ़ाएंगे आस्था की खिचड़ी

**श्रद्धा, सुरक्षा और संस्कृति का अनूठा संगम, नगर पंचायत चौक गोरक्षधाम में उमड़ेगा जनसैलाब**



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** नगर पंचायत चौक स्थित प्रसिद्ध गुरु गोरक्षनाथ मंदिर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर लगने वाले आस्था की खिचड़ी मेले की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शुक्रवार को होने वाले इस आयोजन में दूर-दराज के क्षेत्रों के साथ-साथ स्थानीय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसी को देखते हुए प्रशासन और नगर पंचायत द्वारा सुरक्षा, सुविधा और व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मिनी गोरक्षधाम के नाम से प्रसिद्ध इस मंदिर में वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार श्रद्धालु बाबा गुरु गोरक्षनाथ को खिचड़ी अर्पित करते हैं। मान्यता है कि बाबा के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें अवश्य पूर्ण होती हैं। इसी आस्था के कारण हर वर्ष लाखों श्रद्धालु इस मेले में भाग लेते हैं।

**सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद**

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर पंचायत चौक में अस्थायी थाना स्थापित किया गया है। पूरे मेले क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा निगरानी के लिए कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही खोया-पाया केंद्र की स्थापना की गई है ताकि बच्चों और बुजुर्गों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। भीड़ नियंत्रण के लिए जिले के विभिन्न थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है। नगर पंचायत चौक को जोड़ने वाले सभी मार्गों पर बैरिकेडिंग कर यातायात को नियंत्रित किया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में राहत कार्य में बाधा न आए।

**सजावट और रोशनी से सजा पूरा नगर पंचायत**

मंदिर परिसर सहित पूरे नगर पंचायत को आकर्षक सजावट और रोशनी से सजाया गया है। रंग-बिरंगी लाइटों और झंडियों से चौक क्षेत्र भक्तिमय और उत्सवमय वातावरण में तब्दील हो गया है। मेले में बच्चों के लिए खिलौनों की दुकानें, झूले और जंपिंग राइड्स, वहीं मिठाइयों और खान-पान की दर्जनों दुकानें सजी हैं। महिलाओं के लिए सौंदर्य प्रसाधन और श्रृंगार की दुकानें लगाई गई हैं। मनोरंजन के लिए मौत का कुआं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु नृत्य पार्टियां और लोक कलाकार भी आमजन के मनोरंजन के लिए पहुंचे हैं।

## सीएससी केंद्रों का गहन सत्यापन शुरू, महाराजगंज में 140 आईडी बंद

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिकृत सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के अंतर्गत संचालित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) केंद्रों का इन दिनों देशभर में गहन सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई बढ़ते साइबर अपराधों को ध्यान में रखते हुए नागरिकों को डिजिटल फ्रॉड से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से की जा रही है। सीएससी द्वारा संचालित केंद्रों को जागरूक करने के साथ-साथ स्थानीय जिला एवं राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर उनका सत्यापन किया जा रहा है। इसी क्रम में महाराजगंज जनपद में कुल 140 सीएससी आईडी को बंद कर दिया गया है। वहीं, देशभर में हजारों ऐसे सीएससी केंद्रों की पहचान की गई है, जो निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार, जिन सीएससी केंद्रों ने अपने निर्धारित स्थान पर संचालन, सेवा सूची (रेट लिस्ट), ब्रांडिंग तथा पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र (पीसीसी) अब तक जमा नहीं किया था, उनकी आईडी निष्क्रिय कर दी गई है। इसके अलावा, लंबे समय से निष्क्रिय अथवा स्थापित होने के बावजूद संचालित न हो रहे केंद्रों पर भी सख्त कार्रवाई की गई है। सीएससी के जिला प्रबंधक संजय कुमार मौर्या ने बताया कि प्रथम चरण में महाराजगंज जिले के 140 सीएससी केंद्रों को पुनरीक्षण के तहत बंद किया गया है। इसके सापेक्ष अब तक 50 से अधिक सीएससी केंद्रों का सत्यापन पूरा किया जा चुका है। यह प्रक्रिया आगे भी चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि सीएससी केंद्रों के माध्यम से बिजली बिल भुगतान, प्रधानमंत्री योजनाएं, पैन व पासपोर्ट सेवाएं, बीमा, ई-डिस्ट्रिक्ट, यूसीएल, बैंकिंग सहित विभिन्न डिजिटल सेवाएं आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जाती हैं।

## पूर्व सैनिक राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं: जिलाधिकारी

**आर्म्ड फोर्सेस वेटरन्स डे पर कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ सम्मान समारोह, शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि**

*अवधनामा संवाददाता*




**महराजगंज।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय द्वारा आर्म्ड फोर्सेस वेटरन्स डे का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। आयोजन के दौरान सर्वप्रथम सभागार में 02 मिनट मौन रहकर देश के अमर शहीदों को श्रृद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात् जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा सभागार में उपस्थित जिलाधिकारी एसएसबी कमांडेंट, अपर जिलाधिकारी सहित पूर्व सैनिकों का स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्र की एक अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने अपनी जवानी तो देश के नाम समर्पित ही किया, बल्कि सेवानिवृत्ति के बाद भी देशसेवा का काम कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन पूर्व सैनिकों के अनुभवों का लाभ नागरिक सुरक्षा को मजबूत करने में लेना चाहता है। इनकी सेवा जिला प्रशासन नागरिक सेवा के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करने में उपयोग करना चाहता है, ताकि जनपद में कुशल और मजबूत नागरिक सुरक्षा बल तैयार किया जा सके। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि तीनों सेनाओं द्वारा संयुक्त रूप से पूर्व सैनिकों के शौर्य, बलिदान, त्याग और समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु आर्म्ड फोर्सेज वेटरन डे का आयोजन किया जा रहा है। यह दिवस सिर्फ पूर्व सैनिकों के सम्मान का नहीं है, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को परिलक्षित करने का भी माध्यम है। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने पूर्व सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश और समाज आपका चिर ऋणी रहेगा। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिलाधिकारी महोदय और जिला प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत वीर शहीद रैंक नायक प्रेम बहादुर खत्री, रैंक नायक पूरन बहादुर थापा और रैंक हवलदार प्रदीप कुमार थापा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय के नारे के साथ किया गया। इस अवसर पर एसएसबी कमांडेंट 22वीं वाहिनी श्री शक्ति सिंह ठाकुर, जिला सैनिक कल्याण और पुनर्वास अधिकारी कर्नल (रि.) धीरेन्द्र राय, अतरिक्त उपजिलाधिकारी श्री विजय यादव, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति पर गौसेवा का आयोजन, अस्थायी गौशाला में गोवंशीयों को खिलाई गई खिचड़ी



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** मिठवल ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत दुभरा स्थित अस्थायी गौशाला में मकर संक्रांति (खिचड़ी) के पावन पर्व पर गोवंशीयों की सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव अनिल कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में ग्राम प्रधान लालेन्द्र चौधरी व अन्य सहयोगियों द्वारा श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ गौवंशीयों को खिचड़ी खिलाई गई। सनातन परंपरा में गौसेवा को पुण्य का कार्य माना जाता है। मकर संक्रांति जैसे पावन पर्व पर किया गया यह आयोजन भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक बना। गौशाला परिसर में पूरे विधि-विधान के साथ सेवा कार्य संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मौजूद अनूप यादव, आदर्श चौधरी, रामवृक्ष, रामकुम्भ, दिनेश यादव, अब्दुल गनी, रामकेश यादव, रामचंद्र, शिवमूरत, विजय प्रकाश,रामनाथ, सुखदेव, रामप्रकाश द्विवेदी, सफाई कर्मी राजेंद्र, श्री राम आदि ने गौसेवा में सहभागिता कर पर्व को सार्थक बनाया। ग्राम पंचायत दुभरा द्वारा किया गया यह आयोजन समाज के लिए एक सकारात्मक एवं अनुकरणीय संदेश है।

# डीएम ने की समस्त विभागों के आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जनपद के समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ आईजीआरएस (एकीकृत जन शिकायत निवारण प्रणाली) पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जन शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण को सुनिश्चित करना रहा।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभागवार प्राप्त शिकायतों की स्थिति, उनके निस्तारण की प्रगति तथा आवेदकों से प्राप्त फीडबैक की गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिन विभागों द्वारा शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में नहीं किया गया अथवा जिन मामलों में आवेदकों द्वारा असंतोषजनक फीडबैक दिया गया, उन विभागों के अधिकारियों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन विभागों के अधिकारियों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही है तथा जिनका फीडबैक असंतोषजनक पाया गया है, उनका वेतन रोके जाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संबंधित अधिकारियों का वेतन तभी निर्गत किया जाएगा, जब उनके द्वारा लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति पुनः पाए जाने पर और भी कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें, मौके पर जाकर जांच कराएं तथा शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित करते हुए समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि शिकायत निस्तारण के उपरांत फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाए, ताकि निस्तारण की गुणवत्ता बनी रहे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन, मुख्य राजस्व अधिकारी श्री महेश प्रकाश, जिला पंचायत राज अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, डीसी मनरेगा, एसडीओ वन विभाग सहित जनपद के सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें, ताकि आम जनमानस को त्वरित एवं प्रभावी राहत मिल सके।

## एसआईआर कार्यों का मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों का निरीक्षण करने मंगलवार को मंडलायुक्त अखिलेश सिंह और जिलाधिकारी डॉ. शिवशरणप्पा जी.एन. ढेबरुआ क्षेत्र के बूथ संख्या 40 पर पहुंचे। इस दौरान उपजिलाधिकारी विवेकानंद मिश्र और नायब तहसीलदार महबूब अंसारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बूथ पर चल रहे एसआईआर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित कर्मियों को कार्य को सुचारू व समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की जांच की गई तथा मतदाताओं से भी बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। इस अवसर पर एसआईआर कार्यों के सफल संचालन में सहयोग कर रहे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामजी यादव, प्रधानाध्यापक निसार अहमद तथा गांव के सम्मानित मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही। अधिकारियों ने टीम के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। बीएलओ आशुतोष कुमार मिश्र ने कहा कि सभी के सहयोग से एसआईआर का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कराया जा रहा है।

# पूर्व प्रधानी की योजनाएं फाइलों में दबीं, गांव में अधर में लटका पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालय

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** ग्राम प्रधानों का पंचवर्षीय कार्यकाल समाप्ति की ओर है, लेकिन शोहरतगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत गजहड़ा में पूर्व प्रधानी कार्यकाल के दौरान शुरू हुई योजनाएं आज भी अधूरी पड़ी हैं। ग्राम पंचायत निधि से स्वीकृत पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय का निर्माण न तो पूरा हो सका और न ही ग्रामीणों के उपयोग में आ पाया। इसे लेकर गांव से लेकर सोशल मीडिया तक चर्चाओं का बाजार गर्म है।

ग्रामीणों के मुताबिक पंचायत भवन का निर्माण कार्य महज नींव तक पहुंचकर ठप हो गया, जबकि सामुदायिक शौचालय में तत्कालीन स्वीकृत लागत से अधिक भुगतान होने के बावजूद भवन आज भी खंडहरनुमा और अनुपयोगी हालत में है। इस मामले में वर्ष 2022 में अधिशासी अभियंता, सिंचाई निर्माण खंड द्वारा जांच भी की गई थी, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं।

जांच अधिकारी के पत्र संख्या 1581 दिनांक 27.09.2022 के अनुसार, सामुदायिक शौचालय निर्माण में 4.08 लाख रुपये की स्वीकृत लागत के सापेक्ष 5.09 लाख रुपये आहरित किए गए। संलग्न फोटोग्राफ में शौचालय निर्माण अधूरा और जर्जर पाया गया। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि सामुदायिक शौचालय मद में आहरित पूरी धनराशि वसूली योग्य है।

वहीं पंचायत भवन निर्माण में 20 लाख रुपये के प्राक्कलन के सापेक्ष 3,78,912 रुपये का भुगतान दर्शाया गया। जांच आख्या में निर्माण कार्य को मानकविहीन और निष्प्रयोज्य बताया गया है। रिपोर्ट में तत्कालीन ग्राम प्रधान से 15 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया और संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में उ.प्र. पंचायतराज अधिनियम 1947 की धारा-27 के तहत 8,87,912 रुपये की 50 प्रतिशत राशि की वसूली भू-राजस्व की भांति किए जाने की चेतावनी दी गई। इसी प्रकरण को लेकर वर्तमान ग्राम प्रधान के सहयोगी यार मोहम्मद ने तहसील समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन न होने से अस्थायी व्यवस्था में काम चल रहा है, जबकि सामुदायिक शौचालय आज भी स्वच्छ भारत मिशन के दावों को आईना दिखा रहा है।

मामले में जब खंड विकास अधिकारी, शोहरतगढ़ चंद्रभूषण तिवारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि प्रकरण उनके संज्ञान में नहीं है। पत्रावली मंगाकर जांच कराई जाएगी और यदि नियमविरुद्ध कार्य पाया गया तो निश्चित कार्रवाई की जाएगी।

## किसान संघ के जिला मंत्री बने त्रिलोकी सिंह



**गोंडा।** करनैलगंज के युवा समाजसेवी एवं भाजपा सहकार भारती गोंडा इकाई के उपाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह को भारतीय किसान संघ, गोंडा का जिला मंत्री बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके मनोनयन पर युवा वर्ग सहित जनपद के प्रबुद्ध नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।बुधवार को करनैलगंज के युवा समाजसेवी राहुल सिंह चौहान ने त्रिलोकी सिंह की ताजपोसी पर प्रसन्नता जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि त्रिलोकी सिंह लंबे समय से सामाजिक व संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं, जिसका लाभ किसान हितों को मिलेगा। क्षेत्रवासियों का कहना है कि त्रिलोकी सिंह के जिला मंत्री बनने से संघ को नई ऊर्जा मिलेगी।

# सशस्त्र प्रहरी का पूर्व-पश्चिम झंडा मार्च अभियान कपिलवस्तु पहुंचा

**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** 25वें सशस्त्र प्रहरी दिवस 2082 एवं रजत महोत्सव के अवसर पर संचालित ÷पूर्वङ्कपश्चिम झंडा मार्च÷ अभियान के तहत सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल का दल कपिलवस्तु पहुंच गया है। यह दल बुधवार सुबह कपिलवस्तु जिले के विजयनगर गांवपालिका वार्ड संख्या 5 स्थित ठकुरापुर में मौजूद सीमा स्तंभ संख्या 578.4 पर पहुंचा।

सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल नंबर 29 गण मुख्यालय ज्वालामाई, दांग के गणपति सशस्त्र प्रहरी उपरीक्षक मनोज धिताल ने सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल नंबर 28 गण मुख्यालय कपिलवस्तु के गणपति सशस्त्र प्रहरी उपरीक्षक नेत्र के.सी. की टीम को पूर्वङ्कपश्चिम झंडा मार्च विधिवत रूप से सौंपा।

इस अभियान के तहत 35 सदस्यीय सशस्त्र प्रहरी दल कपिलवस्तु के सीमा नाकों से पैदल यात्रा करते हुए झंडा मार्च कर रहा है। यह दल कृष्णनगर, भिल्मी, हदौना, मर्यादपुर, चाकरचौड़ा होते हुए सुद्धोधन गांवपालिका के घेराउजोत तक पहुंचेगा। सशस्त्र प्रहरी उपरीक्षक नेत्र के.सी.ने बताया कि गुरुवार सुबह घेराउजोत में यह झंडा मार्च रुपंदेही जिले की सशस्त्र प्रहरी टीम को सौंपा जाएगा।



### सीमावासियों में भरोसा जगाने का उद्देश्य

उन्होंने बताया कि यह अभियान 20 पुस को पूर्व में इलाम और सुदूर पश्चिम में गड्डा चौकी से शुरू हुआ था, जो माघ 7 को पर्सा में संपन्न होगा। अभियान के दौरान सीमा स्तंभों की स्थिति का निरीक्षण किया जा रहा है तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में सशस्त्र प्रहरी बल के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूरे अभियान के दौरान टीम सीमा नाकों पर पैदल मार्च पास करते हुए आगे बढ़ेगी।

## सफाई कर्मचारी संघ का गठन ब्लाक अध्यक्ष योगेंद्र भारतीय, गुलाम चन्द्र को मंत्री की जिम्मेदारी



**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ ब्लाक इकाई लोटन का गठन बुधवार को ब्लाक सभागार में सम्पन्न हुआ।जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ने किया। ब्लाक के दूसरे गुट के सफाई कर्मचारियों ने आपस में बिचार विमर्श करने के बाद सर्व सम्मति से पदाधिकारीयों का चयन हुआ जिसमें ब्लाक अध्यक्ष के लिए योगेन्द्र भारती, मंत्री गुलाबचंद, कोषाध्यक्ष उमाशंकर यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, संगठन मंत्री रोहित प्रसाद, संयुक्त मंत्री मनोज कुमार, संप्रेक्षक गंगा राम, मिडिया प्रभारी रामू प्रकाश, कार्यवाहक अध्यक्ष अरविंद दूबे उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जगनरायन ने चुनाव अधिकारी के रुप में सभी पदाधिकारीयों को पद निर्वाहन करने की प्रेरणा देते हुए बधाई दिया। ब्लाक अध्यक्ष योगेंद्र भारतीय ने कहा कि हमारे संगठन के लोगों ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर हमेशा खरा उतरुगा।

ब्लाक मंत्री गुलाम चन्द्र ने जिले के सभी पदाधिकारीयो का आभार प्रकट किया और कहा कि हमारे लोग ने जिस विश्वास के साथ मंत्री की जिम्मेदारी दी है उस विश्वास के साथ संगठन के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। जिला मंत्री आश्वनीकर पाठक, शोभनाथ गुप्ता, अर्जुन प्रसाद यादव,अजय कुमार द्विवेदी, जयशंकर, दिलीप कुमार प्रजापति, रामबरन, मुन्नी लाल, मनोज कुमार,सर्वजीत सहित तमाम सफाई कर्मी मौजूद रहें।

## बसखारी क्षेत्र में बेशकीमती ज़मीन पर भूमाफियाओं की लगी नज़र

**अंबेडकरनगर।** जनपद के थाना बसखारी क्षेत्र अंतर्गत मोतिगरपुर गांव में भू-माफियाओं द्वारा जमीन पर जबरन कब्जे का मामला सामने आया है। विश्वास सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हाईवे से सटी यह जमीन अत्यंत कीमती बताई जा रही है, जिस पर नवीन प्रति के नाम दर्ज भूमि को निशाना बनाया जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि मिल-जुमला खाता संख्या 148 का कथित तौर पर गलत लाभ उठाते हुए भू-माफिया इस जमीन पर निर्माण जोरों पर चल रहा है?। लेकिन राजस्व विभाग वहीं पर आंख मूदे बैठा हुआ है। बताया जा रहा है कि निर्माण जबरदस्ती भी कराया जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या इस पूरे मामले की जानकारी प्रशासन और शासन को नहीं है? यदि जानकारी है तो अब तक इस पर प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हो सकी। प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर लोग सवाल कर रहे हैं कि क्या भू-माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वे सरकारी व निजी संपत्तियों पर बेखौफ कब्जा कर लेंगे।

# सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना सभी नागरिकों का उत्तरदायित्व : डॉ सुधीर श्रीवास्तव



**अवधनामा संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में बुधवार, 14 जनवरी 2026 को मां तिलेसरा देवी पी0जी0 कॉलेज, भसड़ा टांडा, जनपद अंबेडकर नगर के प्रांगण में सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

साथ ही छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य एक गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में महाविद्यालय के वक्ताओं द्वारा सड़क पर चल रहे हैं प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी का स्वयं निर्वहन करें द्य कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने स्वयं सुरक्षित वाहन संचालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, यातायात नियमों का पालन करने तथा समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ ली।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा प्रत्येक नागरिक का उत्तरदायित्व है। मुख्य नियंता डॉ0 सुशील कुमार ने छात्रों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन कर दूसरों के लिए प्रेरणा बनें। इस अवसर पर बी0एड0 विभागाध्यक्ष डॉ0 अश्वनी कुमार, एन0एस0एस0 कार्यक्रमाधिकारी अभिषेक पांडेय (प्रथम इकाई) एवं डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव (द्वितीय इकाई) ने भी सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सुनील कुमार वर्मा, अरुण कुमार, डॉ0 अमित शर्मा, डॉ0 रामपाल यादव, सुश्री अंशिका रानी, श्री शिव प्रकाश, श्री इंद्रेश कुमार सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। वहीं छात्र-छात्राओं में नेहा वर्मा, अंजली, नैंसी, अंतिमा, रूबी, सीपी, गरिमा, आभा, नंदिनी, किरण, रोली, कुसुम, सुमन, वंदना वर्मा, प्रीति सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का समापन सड़क सुरक्षा के प्रति सतत जागरूकता फैलाने के संकल्प के साथ किया गया।

## बढ़नी क्षेत्र के विभिन्न केंद्रों पर हो रहे टीकाकरण सत्र का पीएचसी प्रभारी डा 0 अविनाश चौधरी ने किया निरीक्षण



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बढ़नी क्षेत्र में विभिन्न केंद्रों पर हो रहे टीकाकरण सत्र का प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डा. अविनाश चौधरी द्वारा बुधवार को ग्राम पंचायत -पचउथ, गड़रखा एवं खैरी शीतल प्रसाद में हो रहे टीकाकरण का निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी स्टाफ उपस्थित पाए गए एवं टीकाकरण सुचारू रूप से होता मिला। अधीक्षक ने एएनएम एवं आशा को निर्देशित किया कि ड्यू लिस्ट के अनुसार समस्त बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण करते हुए शत-प्रतिशत डेटा को यू-विन पोर्टल पर फीड करें एवं आशा के सहयोग से गाँव में उच्च खतरे वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हीकरण करते हुए उनकी सूची तैयार करते हुए उपलब्ध कराएं, किसी भी गर्भवती महिलाओं का प्रसव घर पर न हो यह जरूर सुनिश्चित करें। अधीक्षक द्वारा उपस्थित कर्मियों को निर्देशित किया गया कि गाँव में कैंप लगाकर सभी पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड अविलम्ब बनाएं । इस दौरान डा. ओ.पी यादव, राजकुमार एवं आशुतोष शुक्ल, एएनएम निर्मला, रीता एवं पुष्पा आदि मौजूद रहें।

## सिकन्दरपुर गांव में मजलिसे चेहल्लुम 15 जनवरी को

**अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत सिकंदरपुर स्थित चकबुलाकी इमाम बारगाह में आगामी 15 जनवरी को प्रातः 10 बजे दिन में मजलिस ए चेहल्लुम का आयोजन किया गया है। मरहूम सय्यद रईस हैदर जैदी इब्ने सय्यद कौसर हुसैन जैदी की ईसाल-ए-सवाब के लिए आयोजित मजलिस को मौलाना सैयद मोहम्मद हसनैन बाकरी लखनऊ खिताब करेंगे। मजलिस से पूर्व अली रिज़वी इलाहाबादी व मीसम रज़ा उस्मानपुरी अपने हमनवां के साथ मर्सिया ख्वानी करेंगे। उक्त जानकारी आमिर अली नजफी ने दी है।

## निषादराज व वीर एकलव्य के मन्दिर का हुआ उदघाटन



**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** पिंडोरिया क्षेत्र स्थित सीताघाट में श्री समाधि साहब सर्व समाज सेवा समिति के तत्वावधान में निषादराज एवं वीर एकलव्य देव की मूर्तियों का भव्य मंदिर में स्थापना एवं उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय ने की। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह ने निषादराज के गौरवशाली इतिहास और वीर एकलव्य के त्याग एवं समर्पण तथा सांस्कृतिक पहचान को सहेजने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय संयोजक निषाद पार्टी एवं पूर्व सांसद प्रवीण निषाद ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक प्रतीकों की स्थापना से नई पीढ़ी को अपनी विरासत का ज्ञान होगा। पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय ने कहा कि श्रीराम और निषादराज की मित्रता सनातन संस्कृति में सामाजिक समरसता, स्नेह और आपसी सम्मान का उत्कृष्ट उदाहरण है। निषाद समाज का इतिहास बहुत समृद्ध और वीरतापूर्ण है।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद राजभर, विधायक धर्मराज निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव, डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता पंकज वर्मा, अंशुमान सिंह, आशुतोष उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह, त्रिभुवन नाथ आदि मौजूद रहे।

# सिद्धार्थ स्पोर्ट स्टेडियम, सिकरी में बयारा ने बिस्कोहर को 43 रनों से हराया

**अवधनामा संवाददाता**



**इटवा सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ स्पोर्ट स्टेडियम, सिकरी में आयोजित रोमांचक क्रिकेट मुकाबले में बयारा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिस्कोहर की टीम को 43 रनों से पराजित कर दिया। दर्शकों की मौजूदगी में खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए भरपूर प्रयास किया, लेकिन अंततः बाज़ी बयारा के हाथ लगी। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी बयारा की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 83 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

टीम की शुरुआत संतुलित रही और मध्यक्रम में बल्लेबाज़ों ने तेज़ रन बनाकर स्कोर को मजबूत किया। बयारा की ओर से अजीजुर रहमान और जमाल ने बेहतरीन बल्लेबाज़ी का प्रदर्शन किया। दोनों बल्लेबाज़ों ने 20ङ्क20 रन की उपयोगी पारियां खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। खास कर जमाल की आक्रामक बल्लेबाज़ी ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। वहीं, बिस्कोहर की ओर से इनामुल्लाह ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 3 विकेट झटके और बयारा के रन रेट को नियंत्रित करने की कोशिश की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिस्कोहर की टीम शुरुआत से ही दबाव में दिखाई दी। बयारा के गेंदबाज़ों ने सटीक लाइन-लेंथ के साथ गेंदबाज़ी करते हुए बिस्कोहर के बल्लेबाज़ों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। लगातार विकेट गिरने के कारण पूरी टीम मात्र 40 रन पर सिमट गई और लक्ष्य से काफी दूर रह गई।

इस तरह बयारा की टीम ने यह मुकाबला 43 रनों से अपने नाम कर लिया। मैच के हीरो जमाल रहे, जिन्होंने केवल 8 गेंदों में 20 रन की तूफानी पारी खेली और साथ ही टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के बाद खिलाड़ियों और दर्शकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## पशु चोरी का प्रयास करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**गोण्डा ।** शरीफ मो0 पुत्र हब्बू निवासी किंधौरा (पूरे घमण्ड) थाना तरबगंज जनपद गोण्डा द्वारा थाना तरबगंज में लिखित तहरीर दी गई कि दिनांक 16/17.12.2025 की रात्रि मे करीब 12.00-01.00 बजे घर के पास बंधा भैंसा अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने का प्रयास कर रहे थे तभी वादी द्वारा हल्ला गुहार करने पर चोर अपनी पिकअप यूपी 43 एटी 7295 पर भैंसा लदा छोड़कर भाग गये है । वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना तरबगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 14.01.2026 को थाना तरबगंज पुलिस द्वारा विवेचना व साक्ष्य संकलन के दौरान दौरान आरोपी अभियुक्तगण 1. राजितराम यादव पुत्र श्री राम मनोहर उम्र करीब 30 वर्ष निवासी पलिया चौंठा थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा व 2. लक्ष्मण कुमार पुत्र श्री मुस्करीदीन उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम लाले पुरवा अमदही थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा को हल्दीगाढ़ा मैरिज हाल के पास से गिरफ्तार किया गया।

## एडीओ पंचायत कार्यालय बढ़नी में फैले भ्रष्टाचार की जांच करेंगे अपर जिला पंचायतराज अधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**एक कंम्पयूटर आपरेटर ने उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायती पत्र भेजकर धन उगाही व मानसिक उत्पीड़न का लगाया था गंभीर आरोप**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** एडीओ पंचायत कार्यालय बढ़नी में फैले भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने अपर जिला पंचायतराज अधिकारी को जांच सौंपी है। मिली जानकारी अनुसार बीते कुछ दिनों पहले कार्यालय में तैनात एक कर्मचारी जनार्दन कुमार पाण्डेय ने सहायक विकास अधिकारी के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी सहित तमाम उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई थी। उन्होंने भेजे गये शिकायती पत्र में लिखा था कि वह एडीओ पंचायत कार्यालय बढ़नी ब्लाक में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर कार्यरत है। सहायक विकास अधिकारी (पं) के द्वारा अभ्टूबर माह में धन का माँग किया गया था, जिसे मेरे द्वारा नहीं दिये जाने पर मुझे तहसील पर सम्बद्ध कर दिया गया है। विकास खण्ड में सहायक विकास अधिकारी के कार्यालय में सफाई कर्मी राकेश कुमार एवं राजकिशोर मौर्या को सम्बद्ध किया गया है । जो विकास खण्ड के ही दो ग्राम पंचायतों में तैनात हैं। जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, परिवार रजिस्टर नकल आदि के नाम पर इन्हीं सफाई कर्मियों के माध्यम से सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा धन उगाही की जा रही है।सहायक विकास अधिकारी (पं) के कार्यालय में न ही मुझे बैठने की अनुमति दी जा रही है ,और न ही कार्य करने के लिए कम्प्यूटर-सेट दिया जा रहा है। जिसके संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा द्वारा अपर जिला पंचायत राज अधिकारी को जनार्दन पाण्डेय कम्प्यूटर आपरेटर स्वच्छ भारत मिशन विकास खण्ड बढनी द्वारा शिकायतीपत्र में उल्लिखित तथ्यों की जांच कर अपनी सुस्पष्ट आख्या शीघ्र साक्ष्यो सहित उपलब्ध कराने का दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

## नए निर्यात बाजार तलाशना जरूरी

यद्यपि इस समय भारत पर अमेरिका के द्वारा 50 फीसदी टैरिफ होने से भारत से अमेरिका को निर्यात में कमी आई है और अब ट्रंप के द्वारा रूस पर प्रतिबंध वाले बिल के आधार पर भारत पर 500 फीसदी तक टैरिफ लगाए जाने की चुनौती सामने है। पिछले साल अगस्त 2025 से अब तक अमेरिका में भारतीय उत्पादों- गारमेंट, लैदर, जेम्स व ज्वेलरी, इंजीनियरिंग गुड्स के निर्यात की वृद्धि दर घटी है। ऐसे में अमेरिका के बाजार में प्रभावित होने वाले निर्यात की भरपाई के लिए जहां वर्ष 2026 में मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत निर्यात बढ़ाने होंगे, वहीं नए निर्यात बाजारों की तलाश करते हुए वैकल्पिक बाजार के रूप में भारत के द्वारा चिन्हित दुनिया के 200 बाजारों में निर्यात बढ़ाने की रणनीति के साथ आगे बढना होगा। इस समय देश और दुनिया में रेखांकित हो रहा है कि भारत के एफटीए इस समय ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच भी भारत से अमेरिका को छोड़कर अन्य देशों में निर्यात बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं अब नए वर्ष 2026 में कई देशों के साथ एफटीए के आकार लेने से भारत का निर्यात तेजी से बढ़ेगा। भारत द्वारा किए गए विभिन्न एफटीए से पेशेवर सेवाओं के तहत साफ्टवेयर इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, आर्किटेक्ट जैसी पेशेवर सेवाओं पर कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रतिबद्धताओं से भारतीय पेशेवरों के लिए वैश्विक अवसर खुलेंगे और पेशेवर सेवाओं का निर्यात भी बढ़ेगा। गौरतलब है कि विगत 22 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच एफटीए की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा कि भारत-न्यूजीलैंड की साझेदारी नई ऊंचाइयों पर पहुंचने वाली है और इस एफटीए से अगले 5 वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने में मदद मिलेगी। इस एफटीए के तहत न्यूजीलैंड में 100 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शून्य शुल्क सुनिश्चित किया गया है। साथ ही न्यूजीलैंड ने भारत में अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर के एफडीआई की प्रतिबद्धता भी जताई है। दूसरी ओर भारत भारत ने न्यूजीलैंड के 70 प्रतिशत उत्पादों के लिए शुल्क में कमी की पेशकश की है, जो 95 प्रतिशत द्विपक्षीय व्यापार मूल्य को शामिल करती है। इस एफटीए का अत्यधिक मजबूत पक्ष भारत से सेवा निर्यात बढ़ाना और भारत से पेशेवरों को न्यूजीलैंड में अच्छे अवसरों के लिए आगे बढ़ाना भी है। यह एफटीए भारत की प्रतिभाओं, स्टार्टअप्स और नवाचार के लिए एक मजबूत बुनियाद प्रदान करता है। यह एफटीए भारत के लिए सबसे प्रमुख सेवाओं की ऐसी पेशकश करता है, जो अब तक किसी भी पिछले एफटीए में शामिल नहीं हैं। भारत-न्यूजीलैंड एफटीए के महज चार दिन पहले 18 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक की मौजूदगी में मस्कट में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ओमान के उनके समकक्ष कैस बिन मोहम्मद अल यूसुफ ने एफटीए पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस एफटीए को आधिकारिक तौर पर समग्र आर्थिक भागीदारी समझौता (सीपा) कहा गया है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत-ओमान एफटीए के तहत भारत के 98 प्रतिशत निर्यात को ओमान के बाजार में शून्य पर पहुंच मिलेगी। इसमें ओमान को होने वाले 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात शामिल हैं। इस समझौते से भारत के कपड़ा, रत्न-आभूषण, दवाई, वाहन, कृषि उत्पाद और चमड़ा उद्योग को बड़ा फायदा होने की उम्मीद है। यह बात महत्वपूर्ण है कि मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया के साथ किए गए एफटीए की प्रगति से संबंधित जो नए आंकड़े प्रकाशित हुए हैं, उनके मुताबिक जहां इन देशों के साथ व्यापार तेजी से बढ़ा है, वहीं इन देशों में निर्यात भी बढ़ रहे हैं। और इन देशों से भारत में अधिक निवेश प्राप्त हो रहा है। एक अक्टूबर से भारत और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के बीच एफटीए लागू हो गया है और एफ्टा देशों को निर्यात बढने लगे हैं। इसी तरह अब 2026 में भारत के द्वारा ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और ओमान के साथ किए गए एफटीए लागू हो जाएंगे।

## सूर्यदेव को समर्पित है मकर संक्रांति


डॉ. एके राय


वैदिक और पौराणिक धर्म शास्त्रों में प्रकृति के पंच महाभूतों को ईश्वर के समतुल्य माना गया है। सनातनी परम्परा को मानने वाले आदि काल से ही पंच महाभूत के रूप में पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश की महत्ता को स्वीकार करते हैं। प्रकृति और पर्यावरण को शुद्ध रखने में सूर्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इनकी रश्मियों और प्रकाश से जीवों में ऊर्जा का संचार होता है। आज सौर ऊर्जा को संग्रहित कर उसका उपयोग विभिन्न रुपों में सफलता पूर्वक किया जा रहा है। सनातनी व्रत और त्योहारों में भी सूर्योपासना को विशेष दर्जा दिया गया है।

प्रकृति में सूर्य को प्रत्यक्ष देव की संज्ञा दी गई है। इनका सीधा संबंध पृथ्वी और सौरमंडल से होता है। जीवन के आधार के साथ ही ज्ञान, प्रकाश, शक्ति और ऊर्जा के स्रोत सूर्य को कृतज्ञता प्रकट करने हेतु साधु-सन्त, ऋषि-मुनि, योगी, साधक के साथ ही साथ वैष्णवजन भी नित्य प्रति सूर्योपासना हर युग में करते रहे हैं।

सूर्य महापर्व के रूप में सूर्य षष्ठी (छठ पर्व) में व्रतियों द्वारा शाम को अस्ताचलगामी और सवेरे उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर उनकी ऊर्जा को आत्मसात कर शरीर की सकारात्मक ऊर्जा को सक्रिय किया जाता है। यौगिक क्रिया सूर्य नमस्कार के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने में मदद मिलती है।

वास्तविकता है कि सूर्य सौरमंडल की बारह राशियों पर भ्रमणशील रहता है। सूर्य जब एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करता है तब उस समय को संक्रांति कहते हैं। इस क्रम में वर्ष में बारह संक्रांति होती हैं जिसमें सर्वाधिक लोकप्रिय संक्रांति मकर संक्रांति होती है। इस दिन ही सूर्य धनुराशि से बाहर निकल कर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। यह समय हर साल चौदह या पन्द्रह जनवरी का होता है, जो प्रति वर्ष सनातनी जनों द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया जाता है।

इस दिन का धार्मिक महत्व भी होता है क्योंकि इसी दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण होते हैं अर्थात सूर्य का झुकाव उत्तर तरफ हो जाता है। प्राणियों की ऊर्जा और संकल्प शक्ति में बढ़ोतरी होने लगती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मकर राशि के स्वामी शनि हैं जो सूर्य पुत्र हैं। मकर सक्रांति के दिन सूर्य अपने पुत्र शनि के यहां एक माह के लिए पहुंचते हैं। सूर्य के मकर राशि में पहुंचने से क्रमशः दिन बड़े और रात्रि छोटी होने लगती हैं। सूर्य के उत्तरायण होते ही धार्मिक शुभ आयोजन आरम्भ हो जाते हैं। मकर संक्रांति पर लोग पवित्र नदियों में प्रातः काल में स्नान और सूर्योपासना कर तिल, गुड़ आदि का सेवन व दान पुण्य करते हैं और खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करते हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में यह त्यौहार विभिन्न नाम के साथ रीति रिवाज से मनाया जाता है।





स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**बैराबी-सैरांग रेलवे परियोजना की समीक्षा पीएम की अध्यक्षता वाले सक्रिय शासन और समय पर कार्यान्वयन (प्रगति) मंच के तहत निर्धारित की गई थी। परियोजना लंबे समय तक हाशिये पर रही, लेकिन प्रगति के अंतर्गत समीक्षा से प्राधिकार व जवाबदेही तय हुई और हर लंबित मुद्दे तथा एजेंसियों के बीच अड़चनों के सम्बन्ध में वास्तविक समय पर जांच की व्यवस्था की गयी। इस बैठक के बाद निर्णय मेल खाने लगे, और प्रगति दिखाई दी, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि किस प्रकार शासन अक्सर परिणाम तय करता है।**

# प्रगति और मिजोरम की रेल अवसंरचना


वरूण अधिकारी

जब मैं 2015 में बैराबी-सैरांग रेलवे परियोजना में शामिल हुआ, तो मुझे लगता था कि यह देश के ऐसे हिस्से में कदम रखने जैसा है, जिस पर शायद ही कभी राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान दिया गया हो। यह सफ़र खुद ही अपनी कहानी कहता है। राष्ट्रीय राजमार्ग-154, जिसे अब राष्ट्रीय राजमार्ग-06 कहा जाता है, एकमात्र पहुंच मार्ग था, जो बुरी तरह क्षतिग्रस्त था और भरोसे के लायक नहीं था। भारी ट्रक अक्सर कई दिनों तक फंसे रहते थे और निकटवर्ती स्थानों की यात्रा हिचकोलों से भरी होती थी। आस-पास की पहाड़ियाँ छोटी, कमजोर और अस्थिर थीं, जिनका आकार तीव्र वर्षा और निरंतर ढलान गति के कारण बदलता रहता था। कागज पर, परियोजना ऐतिहासिक थी, राष्ट्रीय नेटवर्क से मिजोरम का पहला रेल-परिवहन संपर्क, जो पहाड़ों, तीव्र ढलान और गहरी घाटियों को काट कर तैयार किया जा रहा था।

हालाँकि, ज़मीनी स्तर पर प्रगति बहुत धीमी थी। सामग्री की अनुपलब्धता, श्रम की कमी, परिवहन में विलंब, स्थानीय बाधाएं और लगातार स्थगित निर्णयों के कारण कार्यस्थल पर काम न होना आम बात थी। एक सुरंग डिज़ाइन सलाहकार और भूविज्ञानी के रूप में, भूविज्ञान कार्य चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसकी गंभीरता समझी जा सकती थी। जो बात वास्तव में अधिक कठिन साबित हुई, वह थी - संस्थागत निष्क्रियता। परियोजना देश के सबसे दूर-दराज के क्षेत्र में स्थित थी। समीक्षा छिटपुट थी। निर्णय लेने का अधिकार मंत्रालयों, राज्य विभागों और एजेंसियों में बिखरा हुआ था। धीरे-धीरे, एक असहज सच्चाई स्पष्ट होने लगीः ऐसा प्रतीत होता था कि कोई भी वास्तव में यह उम्मीद नहीं करता था कि परियोजना निकट भविष्य में पूरी होगी। फिर, शांतिपूर्वक और बिना किसी घोषणा के, पूरी प्रणाली में अचानक तेजी आयी। परियोजना कार्यालयों में एक स्पष्ट तत्परता का भाव दिखने लगा। फोन बार-बार बजने लगे। वरिष्ठ अधिकारी नियमित रूप से कार्यस्थलों का दौरा करने लगे। लंबे समय से लंबित फाइलों को तुरंत सामने लाया गया, उनकी समीक्षा की गई और उन्हें दूसरी जगहों पर भेजा गया। बैठकें तेजी से व नियमित रूप से निर्धारित की जाने लगीं, अक्सर उन एजेंसियों को भी शामिल किया गया, जो पहले अलग-थलग रहकर काम करती थीं।

एक निजी सलाहकार के रूप में, मैं प्रशासनिक विभाग का हिस्सा नहीं था और किसी ने भी गतिविधि में आयी इस अचानक तेजी के पीछे का कारण नहीं बताया। लेकिन बड़ी अवसंरचना परियोजनाओं के लंबे अनुभव ने मुझे संकेत की पहचान करना सिखा दिया था। यह सामान्य दबाव नहीं था। यह शीर्ष स्तर पर निरीक्षण की तैयारी थी। जल्द ही कारण स्पष्ट हो गयाः बैराबी-सैरांग रेलवे परियोजना की समीक्षा पीएम की अध्यक्षता वाले सक्रिय शासन और समय पर कार्यान्वयन (प्रगति) मंच के तहत निर्धारित की गई थी। परियोजना लंबे समय तक हाशिये पर रही, लेकिन प्रगति के अंतर्गत समीक्षा से प्राधिकार व जवाबदेही तय हुई और हर लंबित मुद्दे तथा एजेंसियों के बीच अड़चनों के सम्बन्ध में वास्तविक समय पर जांच की व्यवस्था की गयी। इस बैठक के बाद निर्णय मेल खाने लगे, और प्रगति दिखाई दी, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि किस प्रकार शासन अक्सर परिणाम तय करता है।




मार्च 2016 की प्रगति समीक्षा बैठक ने परियोजना के आयाम में मूलभूत बदलाव किये। इस रूपरेखा के तहत, समस्याओं की अलग-अलग जाँच नहीं की जा सकती थी और न ही उन्हें अनिश्चितकाल के लिए टाला जा सकता था। एन-एच-06 की अत्यंत खराब हालत अब रेलवे के कार्य क्षेत्र के बाहर नहीं मानी जा रही थी। स्पष्ट समयसीमा और निरंतर निगरानी के साथ सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को मरम्मत और सुधार कार्य करने का निर्देश दिया गया। भूमि अधिग्रहण में देरी को अब केवल सामान्य प्रशासनिक बाधाओं के रूप में नहीं देखा जा रहा था; मिजोरम सरकार को समाधान तेज करने का निर्देश दिया गया और प्रगति पर निगरानी रखी गई। कानून और व्यवस्था से संबंधित मुद्दों को औपचारिक रूप से क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण जोखिम माना गया और उन पर कड़ी निगरानी रखी गयी।

व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि निर्णयों का समन्वय ही वह बात थी, जो सबसे अधिक ध्यान खींचती थी। प्रगति के तहत, एजेंसियां अब अलग-थलग रहकर काम नहीं कर सकती थीं। जिम्मेदारियां निर्धारित की गई, समन्वय को अनिवार्य किया गया और अनुवर्ती कार्यों में निरंतरता लाई गयी। इसका असर तुरंत दिखा, कटकहल-बैराबी खंड को मार्च 2016 में चालू किया गया, जिससे माल ढुलाई संभव हुई और पहुंच, लॉजिस्टिक्स और योजना में सुधार हुआ।

जैसे-जैसे महीने बीतते गए, यह स्पष्ट हो गया कि प्रगति संस्थागत व्यवहार को बदल रही थी। समीक्षा अब देरी की व्याख्या करने से हटकर उन्हें हल करने पर केंद्रित हो गई और रिपोर्ट के स्थान पर तस्वीरों, समयरेखाओं और स्थल अवस्थिति डेटा का उपयोग होने लगा। डिजिटल निगरानी यह सुनिश्चित करती थी कि एक बार उठाए गए मुद्दे तब तक चर्चा में बने रहें जब तक कि उनका समाधान न हो जाए। इस अनुशासन से पूरी प्रणाली में काम करने के तरीके बदल गये। इंजीनियर अधिक निर्णायक हो गए, ठेकेदार अधिक जवाबदेह बन गये तथा राज्य और केंद्रीय एजेंसियां अधिक निकटता से समन्वय करने लगीं, क्योंकि हिस्सों में काम करने को अब सहन नहीं किया जाता था। जमीनी स्तर पर, प्रभाव स्पष्ट था। सुरंग खुदाई पहले छिटपुट तरीके से की जा रही थी। जटिल भूविज्ञान, टूटे हुए चट्टान, संरचनात्मक बदलाव क्षेत्र, पानी का रिसाव और कमजोर स्तरों के बावजूद अब खुदाई के काम में लगातार प्रगति होने लगी। समर्थन प्रणालियों और डिज़ाइन संशोधनों के लिए अनुमोदन महीनों की बजाय हफ्तों में होने लगे। गहरी घाटियों में पुलों का निर्माण होने लगा, कुछ सत्तर मीटर से अधिक ऊँचे थे, जो सैकड़ों किलोमीटर दूर लिए गए निर्णयों को कार्यस्थल पर कंक्रीट और स्टील में बदल रहे थे। यहां तक कि कोविड-19 अवधि के दौरान भी, यही व्यवस्था निरंतरता सुनिश्चित करती रही; श्रम की कमी, संविदात्मक विवाद और कार्यान्वयन चुनौतियों पर कड़ी निगरानी रखी गई, और परियोजना धीमी हुई, लेकिन भटकाव नहीं हुआ। समय के साथ, उपलब्धि का पैमाना स्पष्ट हो गया लगभग एक-तिहाई मार्ग को कवर करने वाली पैंतालीस सुरंगें, 150 से अधिक पुल, सुरंग खंडों के माध्यम से बिना बालास्ट वाला ट्रैक, और देश के सबसे चुनौतीपूर्ण भौगोलिक क्षेत्रों में से एक में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की डिजाइन गति की सुविधा।

# मकर संक्रांति : 12 संक्रांतियों में में सबसे शुभ

**उत्तर भारत में इसे मकर संक्रांति, तमिलनाडु में पोंगल, कर्नाटक, केरल। आंध्र प्रदेश में इसे केवल 'संक्रांति कहते हैं। हरियाणा और पंजाब में इसे लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, मकर संक्रांति के दिन, भगवान विष्णु ने राक्षसों के सिर काटकर और उन्हें एक पहाड़ के नीचे गाड़ दिया था और इस प्रकार उनके आतंक को हराया था जो नकारात्मकता के अंत का प्रतीक था।**


हर्षवर्धन पान्डे

हमारे हिन्दू पंचांग में एक वर्ष में कुल बारह संक्रांतियां होती हैं। मकर संक्रांति और कर्क संक्रांति दो अयनी संक्रांति हैं जिन्हें क्रमशः उत्तरायण संक्रांति और दक्षिणायन संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें पंचांग में शीतकालीन संक्रांति और ग्रीष्म संक्रांति के रूप में भी माना जाता है। जब सूर्य उत्तरी गोलार्ध में जाता है, तो छह महीने की समय अवधि को उत्तरायण कहते हैं और जब सूर्य दक्षिणी गोलार्ध में जाता है, तो शेष छह महीने की समय अवधि को दक्षिणायन कहते हैं। मेष और तुला संक्रांति दो विषुव संक्रांति हैं जिन्हें क्रमशः वसंत संपत और शरद संपत के नाम से भी जाना जाता है। इन दोनों संक्रांतियों के लिए, संक्रांति से पहले और बाद की पंद्रह घटी के क्षणों को कार्यों के लिए शुभ माना जाता है। सिंह , कुंभ, वृषभ और वृश्चिक संक्रांति, चार विष्णुपदी संक्रांति हैं। इन सभी चार संक्रांतियों के लिए संक्रांति से पहले के सोलह घटी क्षणों को कार्यों के लिए शुभ माना जाता है। मीन, कन्या, मिथुन और धनु संक्रांति, चार षडशीत-मुखी संक्रांति हैं। इन सभी चार संक्रांतियों के लिए, संक्रांति के बाद के सोलह घटी क्षणों को कार्यों के लिए शुभ माना जाता है।

मकर संक्रांति का उत्सव भगवान सूर्य की पूजा के लिए विशेष रूप से समर्पित है। भक्त इस दिन भगवान सूर्य की पूजा कर आशीर्वाद मांगते हैं। इस दिन से वसंत ऋतु की शुरुआत और नई फसलों की कटाई शुरू होती है। मकर संक्रांति पर भक्त यमुना, गोदावरी, सरयू और सिंधु नदी में पवित्र स्नान करते हैं और भगवान सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इस दिन यमुना स्नान और जरूरतमंद लोगों को भोजन दालें, अनाज, गेहूं का आटा और ऊनी कपड़े दान करना शुभ माना जाता है। भगवान सूर्य जब धनु राशि को छोड़ कर मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे उत्तरायण काल कहा जाता है। इस अवसर पर प्राणी जगत में एक नये परिवर्तन की शुरूआत होती है जिसे जीवंत बनाने के लिए त्यौहार एवं उत्सव आयोजित किये जाते हैं। मकर संक्रांति में वसुधैव कुटुम्बकम की पावन भावना सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार की तरह रहने का संदेश देती है। उत्तरायण काल से सूर्य की उत्तरायण गति प्रारंभ होती है इसलिए इसको उत्तरायणी भी कहते हैं। उत्तर भारत में इसे मकर संक्रांति, तमिलनाडु में पोंगल, कर्नाटक, केरल। आंध्र प्रदेश में इसे केवल 'संक्रांति कहते हैं। हरियाणा और पंजाब में इसे लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, मकर संक्रांति के दिन, भगवान विष्णु ने राक्षसों के सिर काटकर और उन्हें एक पहाड़ के नीचे गाड़ दिया था और इस प्रकार उनके आतंक को हराया था जो नकारात्मकता के अंत का प्रतीक था। इसलिए यह दिन साधना, आध्यात्मिक अभ्यास या ध्यान के लिए बहुत अनुकूल है क्योंकि इस दिन वातावरण को चैतन्य, अर्थात ब्रह्मांडीय तेज़ से



भरा हुआ माना जाता है। इसके अलावा मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव के प्रति एक विशेष पूजा भी अर्पित की जाती है जो अंधेरे पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। भक्त कृतज्ञता व्यक्त करने और समृद्ध फसल और उत्तरी गोलार्ध में सूर्य के प्रवेश के साथ सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए, आशीर्वाद मांगने हेतु अनेक अनुष्ठान करते हैं। मकर संक्रांति को भारत के विभिन्न हिस्सों में उत्तरायण के नाम से भी जाना जाता है।

देवभूमि उत्तराखण्ड में मकर संकांति की पहली रात्रि को जागरण की परम्परा है। इस दिन सात्विक भोजन के उपरान्त रात्रि काल में लोग आग जलाकर उसके चारों ओर बैठ जाते हैं और अपनी प्राचीन परम्परा एवं मर्यादाओं पर आधारित कथा-कहानियां तथा आदर्शों को याद करते हैं। प्रातःकाल नदियों, तालाबों, जल बाराओं पर जाकर सूर्योदय से पूर्व स्नान करते हैं और अपने पूर्वजों की पूजा करते हुए बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया जाता है। कूर्मांचल क्षेत्र में इसे महारानी जिया की जयन्ती के रूप में तथा घुघुतिया त्यौहार के रूप में भी मनाया जाता है। भगवान भास्कर के मकर में प्रवेश करने पर उत्तराखंड के कुमाऊं में घुघुतिया त्यार मनाया जाता है। मकर संक्रांति पर पवित्र नदियों में स्नान करने के साथ दान व पुण्य का महत्व तो है। कुमाऊं में मीठे पानी में से गूंथे आटे से विशेष पकवान बनाने का भी चलन है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल आदि क्षेत्रों में इस दिन गोधूलि के बाद आग जलाकर अग्नि पूजा करते हुए तिल, गुड़, चावल और भुने हुए मक्के की आहुति दी जाती है। इस सामग्री को तिलचौली कहा जाता है। इस अवसर पर लोग मूंगफली, तिल की गजक, रेवड़ियां आपस में बांटकर खुशियां मनाते हैं। बहुएं घर-घर जाकर लोकगीत गाते हुए मंगल गीत गाती हैं। नई बहू और नवजात बच्चे के लिए लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इसके साथ पारंपरिक मक्के की रोटी और सरसों के साग का भी लुत्फ उठाया जाता है। उत्तर प्रदेश में यह पर्व माघ मेले के नाम से जाना जाता है। 14 जनवरी से प्रयागराज में हर साल माघ मेले की शुरूआत होती है। 14 दिसम्बर से 14 जनवरी का समय खर मास के नाम से जाना जाता है। 14 जनवरी यानी मकर संकांति से अच्छे दिनों की शुरूआत होती है। माघ मेला पहला स्नान मकर संतंति से शुरू होकर शिवरात्रि तक चलता है। संक्रांति के दिन स्नान के बाद दान करने का चलन है। मकर संक्रांति के अवसर पर उत्तराखण्ड के सभी तीर्थों में बड़ा मेले लगते हैं जिसमें बागेश्वर का उत्तरायणी मेला, गौचर मेला, देव प्रयाग मेला आदि प्रसिद्ध हैं।

गंगा, यमुना, सरयू, गोमती, रामगंगा, कौशिकी गंगा, अलकनंदा, भागीरथी आदि सभी नदियों के पवित्र तटों पर स्नान, बयान, साधना व अनुष्ठान करने की परम्परा है। अनेक नदी तटों पर मेले भी लगते हैं। पुण्य स्नान रामेश्वर, चित्रशिला व अन्य स्थानों में भी होते हैं। इस दिन गंगा स्नान करके तिल के मिष्ठान आदि को ब्राह्मणों व पूज्य व्यक्तियों को दान दिया जाता है। उत्तर भारत के अनेक भागों में इस दिन खिचड़ी सेवन एवं खिचड़ी दान का अत्यधिक महत्व होता है। महाराष्ट्र में इस दिन सभी विवाहित महिलाएं अपनी पहली संकांति पर कपास, तेल, नमक आदि चीजें अन्य सुहागिन महिलाओं को दान करती हैं। तिल, गुड़ के हलवे के बांटने की प्रथा भी है। लोग एक दूसरे को तिल और गुड़ देते हैं और देते समय बोलते हैं- ''तिल गूल बया आणि गोड़ गोड़ बोला' अर्थात तिल गुड़ लो और मीठा मीठा बोलो। इस दिन महिलाएं आपस में तिल, गुड़, रोली और हल्दी बांटती हैं। असम में मकर संकांति को माघ-बिहू अथवा भोगाली-बिहू के नाम से मनाते हैं। राजस्थान में इस पर्व पर सुहागन महिलाएं अपनी सास का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। साथ ही महिलाएं किसी भी सौभाग्यसूचक वस्तु का चौदह की संख्या में पूजन एवं संकल्प कर दान देती हैं। अतः मकर संकांति के माध्यम से भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की झलक विविध रूपों में दिखती है। बंगाल में इस पर्व पर स्नान पश्चात तिल दान करने की प्रथा है।

# 'भजन-राज' यानी 'भरोसे के शासन' में राजस्थान के नये आयाम

**भजनलाल शर्मा ने बिना किसी टकराव, बिना शोर-शराबे और बिना किसी को अपमानित किए, इन सभी प्रवृत्तियों को धीरे-धीरे अप्रासंगिक कर दिया। उन्होंने शासन को व्यक्ति-केंद्रित नहीं, बल्कि प्रणाली-केंद्रित बनाया। यही कारण है कि आज निर्णय तेजी से होते हैं, उन पर अमल भी होता है और उनकी जवाबदेही भी तय होती है। उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी पहचान 'जीरो टॉलरेंस' की नीति है, जो केवल कागजों या भाषणों तक सीमित नहीं रही।**


ललित गर्ग

राजस्थान की राजनीति में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का हालिया दौरा किसी औपचारिक कार्यक्रम या शिष्टाचार भर तक सीमित नहीं था, वह एक स्पष्ट राजनीतिक संकेत, एक भरोसे की सार्वजनिक मुहर और एक स्थायित्व का उद्घोष था। जाते-जाते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पीठ थपथपाकर अमित शाह ने यह जता दिया कि प्रदेश की कमान अब पूरी तरह ऐसे नेतृत्व के हाथों में है, जिस पर केंद्रीय आलाकमान को केवल विश्वास ही नहीं, बल्कि गहरा संतोष भी है। जिसे कभी राजनीतिक गलियारों में 'सरप्राइज पैकेज' कहकर देखा गया था, वही नेतृत्व आज राजस्थान की स्थिरता, सुशासन और भविष्य की ठोस नींव के रूप में स्थापित हो चुका है और राजस्थान की स्वर्णगाथा लिखने को तत्पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक विशिष्ट और लगातार सफल रहा प्रयोग यह रहा है कि वे सत्ता और संगठन में नए चेहरों को निर्णायक जिम्मेदारियां सौंपने से नहीं हिचकते। पर्दे के पीछे वर्षों तक ईमानदारी और निष्ठा से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को अचानक मुख्यमंत्री, उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष या राज्यपाल जैसे पदों पर आसीन करना मोदी की राजनीतिक शैली का साहसिक पक्ष रहा है। इन निर्णयों ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि राजनीति में अनुभव के साथ-साथ चरित्र, प्रतिबद्धता और संगठन के प्रति निष्ठा भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। राजस्थान में भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाना भी ऐसा ही एक निर्णय था, जिसने आरंभ में अनेक लोगों को आश्चर्य में डाला। किंतु समय ने सिद्ध कर दिया कि यह निर्णय भावनात्मक नहीं, बल्कि गहरी राजनीतिक समझ और दूरदृष्टि पर आधारित था।



मुख्यमंत्री पद संभालते ही भजनलाल शर्मा ने यह साफ कर दिया कि वे सत्ता को साधन मानते हैं, साध्य नहीं। उनका एजेंडा कुर्सी बचाने का नहीं, बल्कि व्यवस्था बदलने का है। राजस्थान लंबे समय तक गुटीय राजनीति, शक्ति-संतुलन और पर्दे के पीछे चलने वाले समीकरणों से जूझता रहा है। सत्ता के भीतर ही सत्ता को चुनौती देने वाली प्रवृत्तियां यहां सामान्य रही हैं। भजनलाल शर्मा ने बिना किसी टकराव, बिना शोर-शराबे और बिना किसी को अपमानित किए, इन सभी प्रवृत्तियों को धीरे-धीरे अप्रासंगिक कर दिया। उन्होंने शासन को व्यक्ति-केंद्रित नहीं, बल्कि प्रणाली-केंद्रित बनाया। यही कारण है कि आज निर्णय तेजी से होते हैं, उन पर अमल भी होता है और उनकी जवाबदेही भी तय होती है। उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी पहचान 'जीरो टॉलरेंस' की नीति है, जो केवल कागजों या भाषणों तक सीमित नहीं रही। विशेष रूप से पेपर लीक माफिया के खिलाफ की गई कार्रवाई ने सरकार की मंशा और मुख्यमंत्री के साहस को स्पष्ट रूप से उजागर किया। वर्षों से यह माफिया लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करता रहा, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते उस पर हाथ डालने का साहस कोई नहीं कर पाया। भजनलाल शर्मा ने सत्ता संभालते ही इस समस्या को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया। एसआईटी के गठन, त्वरित जांच, बड़े नामों की गिरफ्तारी और बिना किसी दबाव के निष्पक्ष कार्रवाई ने यह सिद्ध कर दिया कि यह सरकार केवल घोषणाओं में नहीं, परिणामों में विश्वास रखती है। इससे न केवल युवाओं का भरोसा लौटा, बल्कि यह संदेश भी गया कि अब राजस्थान में कानून से बड़ा कोई नहीं है।

इसी प्रकार, दशकों से प्यास से जूझ रहे राजस्थान के लिए ईआरसीपी परियोजना पर मध्य प्रदेश के साथ हुआ ऐतिहासिक समझौता मुख्यमंत्री की राजनीतिक परिपक्वता और संवाद क्षमता का प्रमाण है। जिस योजना को वर्षों तक केवल चुनावी वादों और फाइलों में उलझाकर रखा गया था, उसे उन्होंने केंद्र सरकार के सहयोग और पड़ोसी राज्य के साथ सकारात्मक संवाद के जरिए वास्तविकता में बदलने का मार्ग प्रशस्त किया। यह निर्णय बताता है कि भजनलाल शर्मा टकराव की राजनीति के बजाय समाधान की राजनीति में विश्वास रखते हैं। कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर भी उनकी सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराध और अपराधियों के लिए अब कोई नरमी नहीं है। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन, संगठित अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अपराधियों में कानून का भय-ये सभी कदम इस बात के प्रमाण हैं कि राज्य में सत्ता का इकबाल लौट रहा है। आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है और अपराधी खुद को असुरक्षित। यह सुशासन का सबसे ठोस संकेत होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'विकसित भारत' की संकल्पना को राजस्थान में जमीन पर उतारने में भी मुख्यमंत्री की सक्रियता स्पष्ट दिखाई देती है। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाएं पहुंचें, यह केवल नारा नहीं, बल्कि प्रशासनिक प्राथमिकता बनी है। फैसलों में स्पष्टता, गति और निष्पक्षता-इन तीनों का संतुलन उनकी कार्यशैली को विशिष्ट बनाता है। यही कारण है कि विपक्ष भी आज ठोस आलोचना के बिंदु खोजने में असहज नजर आता है। भजनलाल शर्मा के शासन की चर्चा करते समय उनके चारित्रिक और व्यक्तिगत गुणों का उल्लेख अत्यंत आवश्यक है। राजनीति में जहां दिखावा, आडंबर और अहंकार आम बात हो चली है, वहीं भजनलाल शर्मा अपनी सरलता, सहजता और सादगीपूर्ण जीवनशैली के लिए पहचाने जाते हैं। सत्ता में आने के बाद भी उनके व्यवहार, भाषा और जीवन-शैली में कोई कृत्रिम बदलाव नहीं आया। वे निर्णय लेते समय दृढ़ होते हैं, लेकिन संवाद में विनम्र रहते हैं। उनका राजनीतिक कौशल शोर में नहीं, बल्कि परिणामों में दिखाई देता है। वे जानते हैं कि कब कठोर होना है और कब संयम रखना है। यही संतुलन उन्हें भीड़ से अलग करता है। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान और जनता के प्रति उत्तरदायित्व-ये सभी गुण उनके नेतृत्व को नैतिक आधार प्रदान करते हैं। राजस्थान के अब तक के मुख्यमंत्रियों का शासन बहुआयामी अनुभवों से भरा रहा है, जिसमें प्रशासनिक दक्षता, सामाजिक न्याय, विकासात्मक प्राथमिकताओं और राजनीतिक स्थिरता-इन सभी के विविध रूप देखने को मिलते हैं। हीरालाल शास्त्री और जय नारायण व्यास जैसे प्रारंभिक मुख्यमंत्रियों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रशासनिक ढांचे की नींव रखी।

अवधनामा

लखनऊ, गुरुवार, 15 जनवरी, 2026



# ब्रज कला केंद्र का रंगमंच सिंधीयत से हुआ सराबोर

- बच्चों ने दी सिंधी संस्कृति और लोकगीत से सजी प्रस्तुतियां
- उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी द्वारा ने कराया सिंधी - हिंदी भाषा पर कार्यक्रम



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** सिंधी - हिंदी की परिभाषा खोली, संस्कृति की भाषा बोली। विभाजन की धूप में भी जो छाँव बनकर ठहरे, वो भाषा नहीं, वो मूल्य थे जो भारत में आकर निखरे। हम बात कर रहे हैं उस सिंधी समाज की जिनके लिए हिंदी बनी सेतु , सिंधी बनी आत्मा, दोनों ने मिलकर गढ़ी, एक सशक्त भारत की कथा। सिंधी बच्चों ने हिंदी भाषी जमीन पर सिंधीयत को किया बुलंद और दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां। 4 से 18 वर्ष तक के बच्चों ने सिंधी लोकगीत, भजन, कविताएं और नृत्य प्रस्तुत कर सिंधी संस्कृति की अद्भुत छटा बिखेरी। मौका था सिंधी बोली भाषा के प्रचार प्रसार और सिंधी संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, सिंधी मातृशक्ति संस्कार मंच की मेजबानी में मंगलवार को वृंदावन मार्ग स्थित ब्रज कला केंद्र के ऑडोटोरियम में उप्र सिंधी अकादमी द्वारा आयोजित सिंधी सांस्कृतिक चटाभेटी कार्यक्रम का, जिसमें विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर हिंदी - सिंधी में समानता तथा राष्ट्र निर्माण में सिंधी संस्कृति÷ विषयक संगोष्ठी भी हुई। लखनऊ से आए उप्र सिंधी अकादमी के निदेशक अभिषेक कुमार अखिल ने कहा कि सिंधी बोली भाषा के उत्थान के लिए माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उप्र सिंधी अकादमी द्वारा प्रदेशभर में विविध आयोजन कराए जा रहे हैं, लेकिन अपनी बोली भाषा को बचाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी उसी समाज की ही होती है। हिंदी - सिंधी में काफी समानताएं है तथा राष्ट्र निर्माण में सिंधी संस्कृति का भी अहम योगदान है। वरिष्ठ वक्ता नारायण दास लखवानी ने कहा कि सिंधी - हिंदी बोली-भाषा और संस्कृति को बनाए रखने पर गहरा चिंतन मंथन भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। समाजसेवी रामचंद्र खत्री ने सिंधी बोली-भाषा को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि हम अपने परिवार और समाज में आपसी बातचीत सिंधी में ही करें, इसके लिए मातृशक्तियों की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि वह ही संस्कार दे सकती हैं। अध्यापिका ज्योति घावरी ने कहा कि सिंधी और हिंदी भाषाएँ विरोधी नहीं, बल्कि सहायक भाषाएँ हैं। इनकी समानता इन्हें जोड़ती है और संभावनाएँ इन्हें भविष्य की ओर ले जाती हैं। यदि दोनों भाषाओं को साथ लेकर चला जाए, तो संस्कृति, शिक्षा और समाज सभी समृद्ध होंगे। भूमिका केवलानी ने कहा कि हमें गर्व है कि हम सिंधी हैं क्योंकि सिंधी समाज का उदय सिंधु नदी सिंधु घाटी से हुआ है, जिसका अस्तित्व अखंड भारत की प्राचीन मुअन जो दड़ो सभ्यता से जुड़ा है। कार्यक्रम संयोजिका गीता नाथानी एवं कार्यक्रम की निर्णायक अनिता चावला एडवोकेट ने सिंधी जनरल पंचायत, भारतीय सिंधु सभा, लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत, जिए सिंध सेवा संगम, सिंधी वेलफेयर फाउंडेशन मिशन स्माइल, सिंधी महिला मंडल, सिंधी नवयुवक मंडल आदि संगठनों और बच्चों के अभिभावकों की प्रशंसा करते हुए आभार जताया और कहा कि हम सबको जोड़ने का सूत्र सिंधीयत ही है। कार्यक्रम के सूत्रधार युवा विचारक किशोर इसरानी ने सिंधी बोली को ही अपनी पहचान बनाने पर बल देते हुए कहा कि हिंदी भाषा हमारी मौसी है जो बहुत प्यारी है और सिंधी बोली हमारी मां है जो बहुत जरूरी है। इस मौके पर उप्र सिंधी अकादमी के निदेशक अभिषेक कुमार अखिल, कार्यक्रम संयोजक गीता नाथानी, निर्णायक अनिता चावला एडवोकेट, कार्यक्रम के सूत्रधार किशोर इसरानी, नारायण दास लखवानी, रामचंद्र खत्री, ज्योति घावरी, भूमिका केवलानी, भारती केवलानी, मनीषा अंदानी, कोमल नाथानी, चंद्रा खत्री, रजनी इसरानी, महक वाधवानी, ज्योति भाटिया, कविता मंगलानी आदि मातृशक्तियां तथा अकादमी के वरिष्ठ असिस्टेंट रवि यादव सहित तमाम गणमान्यजन शामिल थे। कार्यक्रम का सफल संचालन हेमा गंगवानी ने किया।

# पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी: कलराज

**हिमांशु राय**



- पत्रकारों की भूमिका लोकतंत्र की आधारशिला

**लखनऊ।** पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू कराने की मांग को लेकर जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना ने हिमाचल प्रदेश एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र से भेंट कर पत्रकार समस्याओं पर पर विस्तृत एवं सार्थक वार्ता की।

बैठक में पत्रकारों के समक्ष उत्पन्न हो रही चुनौतियों, बढ़ती असुरक्षा, हमलों और फर्जी मामलों व मुकदमों जैसे गंभीर विषयों पर गहन चर्चा की गई। पत्रकार सुरक्षा कानून की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए डॉ.अनुराग सक्सेना ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत करने के लिए पत्रकारों को कानूनी संरक्षण देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में पत्रकारों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए उत्पीड़न, धमकी और हिंसा का सामना कर रहा है, जिससे निष्पक्ष पत्रकारिता प्रभावित हो रही है।

पूर्व राज्यपाल ने संगठन की मांगों को गंभीरता से सुना और पत्रकारों की भूमिका को लोकतंत्र की आधारशिला बताते हुए कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ़ इंडिया द्वारा उठाए गए। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को वे केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष पूरी मजबूती के साथ प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून समय की आवश्यकता है और इसे लागू कराने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने संगठन के प्रयासों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि पत्रकारों के हित में सकारात्मक निर्णय शीघ्र लिए जाएंगे।

बैठक को पत्रकार हितों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। आशा व्यक्त की जा रही है कि इसके सार्थक परिणाम मिलेंगे, जिससे आने वाले समय में पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर ठोस कदम उठाए जाने की उम्मीद बढ़ी है।

# फैमिली आईडी बनवाने से नहीं कटेगा राशन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** फैमिली आईडी (एक परिवार एक पहचान) योजना को लेकर आम लोगों में फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि फैमिली आईडी बनवाने के बाद भी राशन कार्ड और उससे जुड़ी सभी सुविधाएं पूर्व की तरह रहेंगी। जिला पूर्ति अधिकारी संजीव कुमार ने नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश का हवाला देते हुए बताया कि यह आशंका जताई जा रही थी कि फैमिली आईडी बनने पर राशन कार्ड का लाभ बंद हो सकता है। इस भ्रम को समाप्त करते हुए प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन ने स्थिति पूरी तरह स्पष्ट कर दी है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिन परिवारों का राशन कार्ड बनने योग्य है लेकिन अभी तक कार्ड नहीं बन पाया है, वे फैमिली आईडी पोर्टल के माध्यम से फैमिली आईडी बनवा सकते हैं। फैमिली आईडी बन जाने के बाद भी वे किसी भी समय पात्रतानुसार राशन कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं, इससे उनकी पात्रता पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

वहीं जिन परिवारों का राशन कार्ड नहीं है और उनकी फैमिली आईडी बनाई जा चुकी है, राशन कार्ड जारी होने के बाद वही राशन कार्ड संख्या उनकी फैमिली आईडी मानी जाएगी।

राशन कार्ड जारी होते ही परिवारों को सभी राशन संबंधी सुविधाएं नियमित रूप से मिलने लगेंगी।

उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और निःसंकोच फैमिली आईडी बनवाएं, क्योंकि यह योजना भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ सरल और पारदर्शी तरीके से दिलाने में सहायक होगी।

## शीतलहर के चलते कक्षा आठ तक के बच्चों का 17 तक रहेगा अवकाश

**मुरादाबाद।** जिले में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने नर्सरी से आठ तक के सभी स्कूल 17 जनवरी तक बंद रखने का फैसला लिया है। दरअसल, जिले में अत्यधिक शीतलहर से कड़ाके की सर्दी है और सुबह के समय कोहरा भी गहराया रहता है। जिलाधिकारी की अनुमति के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए जनपद के सभी परिषदीय, मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त, राजकीय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों सहित सभी बोर्ड के नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यालयों में 17 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सभी संबंधित अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधन को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# समाज के प्रति दायित्व का करें ट्रेनिज निर्वाहन : राजेश कुमार

**अवधनामा संवाददाता**



- स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का समापन 360 प्रशिक्षणार्थियों ने किया प्रशिक्षण प्राप्त

**चन्दौली।** भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा प्रायोजित नागरिक सुरक्षा के वार्डन एवं स्वयंसेवको का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण के चतुर्थ सत्र के साथ सम्पूर्ण समापन अलीनगर स्थित प्रशिक्षण स्थल में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथियों द्वारा समापन समारोह में चौथे बैच के सभी 90 प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट, आई कार्ड, पेन ड्राइव देकर सम्मानित किया गया।

उक्त अवसर नागरिक सुरक्षा कोर के योगेश कुमार श्रीवास्तव सहायक उपनियंत्रक ने मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व व प्रभारी नागरिक सुरक्षा कोर राजेश कुमार, आपदा विशेषज्ञ प्रीत शिखा श्रीवास्तव व उपमुख्य चिकित्साधिकारी प्रेम प्रकाश उपाध्याय एवं वरिष्ट सेक्सन इंजीनियर पू.म.रे. डीडीयू अक्षय कुमार को बुके देकर सम्मानित किया। इस संबंध में आपदा विशेषज्ञ प्रीत शिखा श्रीवास्तव ने कहा कि आप सभी प्रशिक्षणार्थी के लिए प्रशिक्षण लेना और आपदा में राहत प्रदान करना यही हमारा मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। उपमुख्य चिकित्साधिकारी प्रेम प्रकाश उपाध्याय ने कहा कि संकटकालीन समय से उबरने हेतु आप सभी ने जो प्रशिक्षण लिया है उसे दूसरो के बीच साझा करने का प्रयास करें। इससे हम समाज में जागरूकता को बल प्रदान करेंगें। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व व प्रभारी नागरिक सुरक्षा कोर राजेश कुमार ने अपने उद्बोधन के दौरान स्वयंसेवकों में ऊर्जा भरते हुए कहा कि हमें समाज के प्रति जो उत्तरदायित्व मिला है उसे पूरा करने में उसमे कोई त्रुटि नहीं करनी हैं। प्रशिक्षण के बीच आपको जो जानकारियॉ दी गयी है उन्हें आप अपने परिवार सहित समाज के लिए उपयोगी बना सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खिचड़ी वितरण का आयोजन

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** मकरसंक्रांति पर्व को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नगर के केशव बस्ती क्षेत्र में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के केशव बस्ती में आरएसएस द्वारा आयोजित खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धा और सेवा भाव के साथ खिचड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान एकता का भाव देखने को मिला। कार्यक्रम में आशीष सोनी ने कहा कि यह पर्व सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है, जो नई ऊर्जा, सकारात्मकता और सामाजिकता का संदेश देता है। कार्यक्रम में विकास गुप्ता, हरिश्चंद्र वर्मा, मनीष सोनी, अरविंद बीनू गुप्ता, आशीष सोनी, विनय खत्री, गोलू सोनी, सुशील तिवारी, विवेक सोनी, कपिल सोनी, बॉबी गुप्ता आदि रहे।

### सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया

**सम्भल (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में जनपद सम्भल पुलिस द्वारा यातायात पुलिस के साथ संयुक्त रूप से बढ़ती ठंड एवं घने कोहरे को दृष्टिगत रखते हुए सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कोहरे के कारण होने वाली संभावित सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए, जिससे कम दृश्यता की स्थिति में वाहन दूर से ही स्पष्ट दिखाई दे सकें। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित गति, लाइटों के समुचित प्रयोग एवं दुर्घटनाओं से बचाव से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों के बारे में जागरूक किया गया। जनपद पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे कोहरे एवं ठंड के मौसम में विशेष सावधानी बरतें, यातायात नियमों का पालन करें तथा सुरक्षित वाहन संचालन कर स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।



### मिशन शक्तिः महिलाओं एवं बलिकाओं को किया जागरूक

**सम्भल (अवधनामा संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं, बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के निर्देशन में आज दिनाँक 14 जनवरी को जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया । महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।



### मंत्री नरेंद्र कश्यप, मृतक सोनू के परिवार को दिया हौसला

**मेरठ/सरधना (अवधनामा संवाददाता)।** मेरठ जिले के सरधना क्षेत्र में हुई युवक सोनू कश्यप की हत्या के बाद बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री (दिव्यांगजन) एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने मृतक सोनू के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार नरेंद्र कश्यप ने मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को मामले में निष्पक्ष एवं गंभीर जांच करने के निर्देश दिए।



# योगी सरकार छात्र, नौजवान, किसान और महिला विरोधी नीतियों पर चल रही

**अवधनामा संवाददाता**



- एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**देवरिया।** प्रदेश की भाजपा सरकार पर जनता की आवाज दबाने और विपक्षी नेताओं व कार्यकर्ताओं पर पुलिस उत्पीड़न व फर्जी मुकदमे दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि योगी सरकार छात्र, नौजवान, किसान और महिला विरोधी नीतियों पर चल रही है।

एसआईआर, वोट चोरी और केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदले जाने के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के कार्यकर्ता वाराणसी में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी सहित कई कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस द्वारा किए गए व्यवहार को कांग्रेस नेताओं ने अलोकतांत्रिक करार दिया। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर लॉकअप में बंद किया गया। इस पुलिस कार्रवाई के विरोध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में सुभाष चौक पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने कहा कि मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ आवाज उठा रहे छात्रों पर लाठीचार्ज और दमन भाजपा सरकार के डर को दर्शाता है। यह डबल इंजन सरकार की कमजोरी है, जो असहमति की आवाज से घबरा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सरकार की इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण और अलोकतांत्रिक बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की तथा भविष्य में आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह 'राकेश', पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष जयदीप त्रिपाठी, पूर्व प्रत्याशी मुकुंद भास्कर मणि त्रिपाठी, मनरेगा बचाओ संग्राम के जिला कोआर्डिनेटर सत्य प्रताप अंशु, पूर्व पीसीसी सदस्य नागेंद्र शुक्ला, पूर्व जिला उपाध्यक्ष वरुण राय, जिला उपाध्यक्ष भरत मणि त्रिपाठी, जयप्रकाश, सुनील, अब्दुल जब्बार, दीनदयाल, जिला महासचिव मनोज मणि त्रिपाठी, रामप्रवेश, बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वेटरन्स डे का आयोजन

**मेरठ।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में वेटरन्स डे का गरिमामय आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (नगर) बृजेश सिंह द्वारा की गई। इस अवसर पर वीरता पुरस्कार प्राप्त पूर्व सैनिकों तथा वीर नारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ सैन्य अधिकारी पूर्व सैनिक, वीर नारियाँ एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। समारोह के दौरान अपर जिलाधिकारी (नगर) को पूर्व सैनिक समुदाय से जुड़े कुछ लम्बे समय से लंबित मुद्दों-जैसे हाउस टैक्स माफी, स्टाम्प ड्यूटी में छूट, शस्त्र लाइसेंस संबंधी समस्याएँ तथा बैटल कैजुअल्टी के लिए एक्सग्रेशिया के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। ले जनरल जेएस वर्मा ने अपर जिलाधिकारी (नगर) का आभार व्यक्त करते हुए सैनिक बोर्ड के कार्यों की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व सैनिकों के मुद्दों के त्वरित निस्तारण के लिए एक अधिक प्रो. वेटरन दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है ताकि उनके त्याग और सेवा के अनुरूप सम्मान सुनिश्चित हो सके।

# शातिर बदमाश पुलिस की मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**गाजीपुर।** करण्डा थाना पुलिस टीम ने शातिर गौ तश्कर को पुलिस मुठभेड़ में घायलावस्था में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस में घायल अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 0.315 बोर, एक खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस , एक मोबाइल तथा एक पीकअप बोलेरो मैक्स वाहन सहित 15 राशि गोवंश बरामद किया।

पुलिस को यह कामयाबी मुखबिर की सूचना पर मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मैनपुर बाजार में घेराबन्दी करते हेतु गोवंशों से लदी पिकअप का पीछा किया। तब बोलेरो में बैठे दोनों व्यक्तियों द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर किया गया। बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी और दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। घायल अभियुक्त रोहन यादव पुत्र मनीराम यादव निवासी ग्राम देवचन्दपुर थाना रामपुर मांझा जनपद गाज़ीपुर का निवासी है। पुलिस अभिरक्षा में उसको इलाज हेतु सीएचसी करण्डा गाजीपुर भेजा गया। उसे पर गैंगस्टर सहित आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की गयी । मुठभेड़ व गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष करण्डा अशोक कुमार गुप्ता मय हमराह थाना करण्डा जनपद ग़ाज़ीपर शामिल रहे।

# मकर संक्रांति सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई ( जालौन)।** मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर अखिल भारतीय महिला उद्योग व्यापार मंडल, जनपद जालौन के तत्वावधान में सर्राफा बाजार, उरई में सामाजिक समरसता एवं आपसी सौहार्द का अनुपम उदाहरण देखने को मिला। इस शुभ अवसर पर आमजन को प्रसाद स्वरूप मगौड़ी एवं कढ़ी-समोसा का वितरण किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य मकर संक्रांति जैसे पवित्र पर्व पर समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ना तथा भारतीय परंपराओं को जीवंत बनाए रखना था। सर्राफा बाजार में आयोजित इस आयोजन में सुबह से ही श्रद्धालुओं, व्यापारियों एवं आम नागरिकों की अच्छी-खासी उपस्थिति रही। ठंड के मौसम में गरमागरम कढ़ी-समोसा एवं मगौड़ी का स्वाद पाकर लोगों के चेहरे पर प्रसन्नता स्पष्ट दिखाई दी। अखिल भारतीय महिला उद्योग व्यापार मंडल की पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पूरे उत्साह और सेवा भाव के साथ प्रसाद वितरण किया। महिला उद्यमियों ने न केवल भोजन वितरण किया, बल्कि लोगों को मकर संक्रांति के महत्व के बारे में भी बताया।

## 62 ग्राम पंचायतों में 10 आदर्श ग्राम पंचायतें चिन्हित

**उरई (जालौन)।** ब्लाक जालौन की कुल 62 ग्राम पंचायतों में से 10 ग्राम पंचायतों को आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में चिन्हित किया गया है। इन चयनित गांवों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेज गति से कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में चयनित गांवों में सदुपुरा, गढ़गुवा, रिनिया, हरदोई राजा, अलाईपुरा, सहाव, नैनपुरा, मांडरी, सारंगपुर, छिरिया सलेमपुर शामिल हैं। इन सभी ग्राम पंचायतों में लगभग 20-20 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। खंड विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श ग्राम पंचायत योजना के अंतर्गत गांवों में सड़क, नाली, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सामुदायिक भवन, जल निकासी, हरियाली एवं अन्य जनोपयोगी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# वाराणसी में कार्यकताओं से पुलिस अभद्रता के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



- दोषी पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई कराने की मांग

**मुरादाबाद।** वाराणसी में मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित धांधली के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई कार्यकताओं पर पुलिस ने अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए जिला व महानगर कमेटी ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने महामहिम राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में दोषी पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई कराने की मांग उठाई है।

बुधवार दोपहर जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर के नेतृत्व में जिला व महानगर कमेटी कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर एकत्र हुए। जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर ने कहा कि 11 जनवरी को वाराणसी मे एसआईअर के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे एनएसयूअई कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस ने अभद्रता की है। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यक्ष वरूण चौधरी के खिलाफ आपत्तिजनक वर्ताव किया है जो उचित नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात कहने और आंदोलन करने का अधिकार है, लेकिन सरकार लोकतंत्र को कुचलने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घरों पर जाकर महिलाओं और बच्चों से भी अभद्रता की है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने इसे सरकार की दमनकारी नीति बवाते हुए उचित जांच कराकर दोषी पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष असलम खुर्शीद, नजाकत अंसारी, बन्ने पहलवान, अंजार हुसैन, मुहम्मद शादान, राजा अली, श्याम बाबू वाल्मीकि, मुहम्मद अनस, अफसर खां, पार्षद मोअज्जम अली, बब्बन खान, पार्षद कप्तान कमर सलीम, पार्षद अफसर अंसारी, अरशद परवेज आदि शामिल रहे।

# कर एवं राजस्व वसूली में शिथिलता पर डीएम सख्त

**अवधनामा संवाददाता**

- लक्ष्य से पीछे रहने वाले विभागों पर कार्रवाई के निर्देश

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व वसूली होने पर सम्बंधित अधिकारियों को लगाई फटकार।

उन्होंने आबकारी, स्टाम्प, परिवहन तथा व्यापार कर विभागों की अपेक्षाकृत कम प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। व्यापार कर विभाग द्वारा प्रवर्तन कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाई तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में किसी भी स्तर पर कर क्रापवंचन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अभियान चलाकर प्रवर्तन की कार्रवाई में तेजी लाने और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मंडी परिषद को भी राजस्व वसूली में तेजी लाने को कहा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्धारित राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि तीन वर्ष से अधिक पुराने राजस्व वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही धारा 34 एवं 116 के अंतर्गत लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए, जिससे आमजन को समयबद्ध न्याय मिल सके। जिलाधिकारी ने सरकारी भूमि, तालाब, चारागाह एवं अन्य सार्वजनिक संपत्तियों पर अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी एवं निरंतर अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# प्रशासन उनके सम्मान व अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है



■ डीएम ने सैनिकों एवं वीरांगनाओं को शाल ओढ़ाई तथा प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया

**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित आर्मड फोर्सेज वेटरन्स दिवस समारोह का शुभारंभ अमर शहीदों के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद के पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं सहित कुल 67 लोगों को शाल ओढ़ाई तथा प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की ओर से जिलाधिकारी को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

बुधवार को आयोजित समारोह में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान की नींव हमारे सैनिकों के त्याग, साहस और अनुशासन पर टिकी है। पूर्व सैनिकों ने अपने जीवन के सर्वोत्तम वर्ष देश की सेवा में समर्पित किए हैं, जिसका ऋण देश कभी नहीं चुका सकता। उन्होंने कहा कि सैनिक और उनके परिवारजन प्रशासन के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। पूर्व सैनिकों अथवा वीरांगनाओं को पेंशन, स्वास्थ्य, भूमि, रोजगार, शिक्षा या किसी भी प्रकार की प्रशासनिक समस्या होने पर त्वरित और संवेदनशील समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

जनपद प्रशासन उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि पूर्व सैनिक समाज के लिए अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति का जीवंत उदाहरण हैं। उनका अनुभव और नेतृत्व युवाओं को सही दिशा देने में अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पूर्व सैनिकों के जीवन से प्रेरणा लें और राष्ट्र निर्माण में ईमानदारी, परिश्रम और समर्पण के साथ अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि आज का यह समारोह केवल सम्मान का नहीं, बल्कि यह संकल्प लेने का अवसर है कि हम सब मिलकर सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल रोहित भटारा ने आर्मड फोर्सेज वेटरन्स दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस उन वीर सैनिकों और पूर्व सैनिकों को नमन करने का प्रतीक है, जिन्होंने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कन्नौज पूर्व सैनिकों के कल्याण, पुनर्वास और सम्मान हेतु सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह, कैप्टन रविंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं शहीद सैनिकों की वीरांगनाएँ उपस्थित रहीं।

# किसी भी प्रकार की जबरदस्ती को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा



■ सौसरापुर में विरोध की सूचना पर पहुंचे भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष ने लौटाये स्मार्ट मीटर

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम पंचायत सौसरापुर में बिजली विभाग द्वारा ग्रामीणों व किसानों की सहमति के बिना जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने की सूचना पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, जिलाध्यक्ष ठाकुर महेंद्र प्रताप सिंह एवं महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान के नेतृत्व में भारी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तत्काल मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के विरुद्ध मनमानी का आरोप लगाया एवं कड़ा विरोध दर्ज कराया और धरने पर बैठ गए। जिससे विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच हड़कंप मच गया। मंगलवार को किसानों के एकजुट विरोध को संज्ञान में लेते हुए मौके पर पहुंचे एसडीओ पंकज चौधरी ने प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी से मामले की जानकारी लेकर स्मार्ट मीटर लगाने वाले कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बिना किसी किसान एवं ग्रामीण की मर्जी के स्मार्ट मीटर नहीं लगाओगे। उन्होंने कहा कि जब तक किसान स्वयं नहीं चाहेगा, तब तक किसी भी किसान के घर स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जाएगा। मामले के संबंध में प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि यह संघर्ष किसानों के अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय किसान यूनियन स्पष्ट करती है कि किसानों की इच्छा के विरुद्ध किसी भी प्रकार की जबरदस्ती को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी किसानों के हित में संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष साजिद हुसैन, प्रमोद तिवारी, राहुल कुमार, सत्यम प्रजापति, नफीस सिद्दीकी, श्रीकांत शुक्ला, डब्लू ठाकुर, अनवर खान सहित भारी संख्या में ग्रामीण किसान मौजूद रहे।

# डोभाल के भाषण के राजनीतिकरण से बचें पसमांदा मुस्लिम : एआइपीएमएम

■ भाषण में किसी धर्म या संप्रदाय का उल्लेख नहीं, फिर भी इसे मुस्लिम समाज से जोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण



**अवधनामा संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हाल ही में दिल्ली में आयोजित विकसित भारत युवा लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल द्वारा दिए गए भाषण को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक व्याख्याओं के बीच ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज (एआइपीएमएम) ने सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की अपील की है। महाज ने स्पष्ट किया कि श्री डोभाल का संबोधन भारत के इतिहास से सीख लेकर राष्ट्र को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और सामरिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से था। उन्होंने अपने भाषण में किसी भी धर्म, समुदाय या संप्रदाय का उल्लेख नहीं किया। प्रतिशोध शब्द के प्रयोग को लेकर स्वयं श्री डोभाल ने यह स्पष्ट किया कि उनका आशय किसी के विरुद्ध बदले की भावना से नहीं, बल्कि ऐतिहासिक पीड़ा को सकारात्मक राष्ट्रनिर्माण की ऊर्जा में बदलने से था। महाज ने कहा कि कुछ तत्वों द्वारा इस भाषण को संदर्भ से अलग कर मुस्लिम समाज के विरुद्ध प्रस्तुत करना तथ्यात्मक रूप से गलत, भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण है। संगठन ने यह भी स्मरण कराया कि श्री डोभाल पूर्व में भारतीय मुसलमानों की देशभक्ति की सार्वजनिक रूप से सराहना कर चुके हैं और विभिन्न मुस्लिम देशों में भारत के हितों की रक्षा में अहम भूमिका निभा चुके हैं।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और मीडिया से अपील की कि वे संवेदनशील मुद्दों पर संतुलित, तथ्यपरक और जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाएं। संगठन ने दोहराया कि सामाजिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा ही देश की प्रगति का आधार है।

## 18 जनवरी को प्रकाशित मतदाता सूची की कमी को सुधरवायें : एडीएम

**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया है कि विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य निर्वाचक नामावली (ड्रफ्ट इलेक्ट्रोरल रोल) को प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा पढ़े जाने का कार्यक्रम 18 जनवरी को निर्धारित किया गया है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रकाशित मतदाता सूची में यदि कही कोई कमी रह गई है तो उस कमी को दूर करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जाएगी। बताया कि इस हेतु समस्त बी0एल0ओ0/सुपरवाइजर्स दिनांकः 18. 01.2026 (रविवार) को प्रातः 10.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक प्रपत्र 6, 7 व 8 एवं घोषणा पत्र के साथ उपस्थित रहेगें। उन्होंने जनसामान्य, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों/बूथ लेवल एजेण्ट, ग्राम पंचायत प्रधान, नगर पालिका/नगर पंचायत अध्यक्ष/सभासद तथा स्थानीय प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि दिनांकः 18.01. 2026 (रविवार) को आयोजित विशेष अभियान को सफल बनाने हेतु अपने स्थल से अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

# धार्मिक कार्यक्रमों से आपसी मेलमिलाप बढ़ता है: छोटू पांडेय



■ आयोजित श्रीमद् भागवत में विधायक पुत्र ने कथावाचक को किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम मधबापुर खेल मैदान प्रांगण में चल रही श्रीराम एवं श्रीमद् भागवत कथा में पहुंच कर विधायिका पुत्र एवं भाजपा नेता छोटू पांडेय एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर ने कथावाचक नितिन पाठक को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं के माध्यम से धार्मिक समितियों को बढावा दे रही है।

भागवत कथा कार्यक्रम में भाजपा नेता छोटू पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश से गुंडाराज लगभग खत्म कर दिया है चारों ओर रामराज की स्थापना हो चुकी है। पूर्व की सरकारों में आम आदमी प्रदेश में फैली अराजकता को लेकर भयभीत था लेकिन हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में चौमुखी विकास का इतिहास रचा है। कार्यक्रम में भाजपा नेता राजीव ठाकुर ने कहा कि श्रीराम का जीवन मर्यादा का प्रतीक है। हमें उन्हीं के पद चिन्ह पर चलते हुए उनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए भागवत कथा में मुख्य रूप से महात्मा करुणा शंकर शुक्ला, उमेश चंद्र त्रिपाठी, सोनू दुबे, अजय दुबे, आलोक त्रिपाठी, मुन्नू बाबू त्रिपाठी, अनुज त्रिपाठी, पप्पू दुबे, सर्वेश पाल, सर्वेश दुबे, देवेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र त्रिपाठी, प्रमोद त्रिपाठी बबल, पप्पू श्रीवास्तव, संत कुमार दुबे, अनुराग दुबे अटलू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पीड़ित कर्मचारियों के साथ खड़ा है परिषद : मुकेश सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जानकी बाई गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा के स्टाफ का मैनेजमेंट द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न और जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा द्वारा पीड़ित कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान न करने, मैनेजमेंट का साथ देने को लेकर पीड़ित स्टाफ द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा कार्यालय पर अनिश्चित कालीन अनशन नोटिस जिला अधिकारी मथुरा एवं सयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा को देने एवं इन अधिकारियों के द्वारा आदेश देने के बाद भी पीड़ित कर्मचारियों का समाधान जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा द्वारा नहीं करने पर परिषद गंभीर है 16 जनवरी से जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा कार्यालय पर पीड़ित कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे अनिश्चितकालीन अनशन को देखते हुए जिलावार मथुरा पहुंचे और पीड़ित कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाए जब तक उनकी प्रत्येक समस्या का समाधान न हो जाए इस संबंध मे परिषद द्वारा मुख्यमंत्री, शिक्षा निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा को सूचित कर अनुरोध किया गया है कि वह जल्द से जल्द पीड़ित कर्मचारियों ओर जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा को अपने कार्यालय में अपने सामने बैठकर निराकरण कराए, विद्यालय मैनेजमेंट के खिलाफ माध्यमिक शिक्षा अधिनियम एवं वेतन वितरण अधिनियम की सुसंगत धराओं के अंतर्गत कार्यवाही की जाए।

# डीएम व एसपी ने जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण कर निर्देश दिये

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा जिला कारागार कन्नौज का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी बैरकों तथा बन्दियों एवं उनके स्वास्थ्य सेवाओं का गहन निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक कन्नौज द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। बुधवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा जिला कारागार मे निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजनक पायी गयी। जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए इसके लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही जिला कारागार में आने वाले नये कैदियों का जेल चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे एवं निरूद्ध बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखें एवं आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार मे निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें।

# फर्जी फसल बीमा क्लेम पर कार्रवाई

■ 9 किसानों से 66 लाख की होगी वसूली

■ कृषि विभाग ने जारी की आरसी

■ जिलास्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी ने चिन्हित किए फर्जी क्लेम लेने वाले

■ वर्ष 2021-22 में गलत तरीके से फसल बीमा लेने का मामला

**पूर्व में भेजे हैं 110 किसानों को नोटिस**

वर्ष 2021-22 के अंतर्गत 732 संदिग्ध बीमा पालिसियों को चिन्हित किया गया। इनकी जांच गत वर्ष 11 नवंबर को पूरी हुई थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर 110 कृषकों से क्षतिपूर्ति की धनराशि 2 42 करोड़ रुपये की वसूली की जानी है। कृषि विभाग ने इन सभी किसानों को वसूली के लिए नोटिस भेज दिए हैं।

बीमा कंपनी को पिछले वर्षों में बार-बार धोखाधड़ी से बीमा लाभ प्राप्त करने का प्रयास करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार करने के लिए कहा गया है। इस सूची के आधार पर विभाग उनके ऊपर सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कराएगा।

**वसंत कुमार दुबे, उप निदेशक**

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में जिलास्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी ने 29 ऐसे किसानों को चिन्हित किया है, जिनको कृषि विभाग दो बार और बीमा कंपनी एक बार नोटिस दे चुकी है, लेकिन इसके बावजूद इन किसानों ने बीमा रकम नहीं चुकाई है। इन किसानों ने वर्ष 2021-22 में फसल बीमा कराया था। अब कृषि विभाग ने इन किसानों की आरसी जारी कर दी है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा के लिए बनी जिला स्तरीय मानिटरिंग समिति ने गलत तरीके फसल बीमा लेने वाले किसानों से वसूली की कार्रवाई शुरू करने के लिए कहा है। उप कृषि निदेशक वसंत कुमार दुबे ने वर्ष 2021-22 में गलत तरीके से प्राप्त किए गए फसल बीमा प्रकरण के बारे में समिति को रिपोर्ट दी है। जिले में 42 लोगों के 61 आवेदनों के सापेक्ष धनराशि 90 60 लाख रुपये की वसूली की जानी है। दरअसल इन संबंधित लोगों को फर्जी बीमा क्लेम की धनराशि जमा करने के लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय से दो बार नोटिस जारी किए गए।

एग्रीकल्चर इश्योरेंस कंपनी आफ इंडिया ने भी एक बार नोटिस जारी किये गये जिसके सापेक्ष 13 लोगों ने.बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से 21 31 लाख रुपये की वसूली की जा रही है। बाकी 29 लोगों द्वारा गलत तरीके से प्राप्त की गई बीमा क्लेम की धनराशि जमा नहीं

कराई गई है। इस संबंध में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि बाकी 29 लोगों से धनराशि 66 28 लाख रुपये की वसूली के लिए तुरंत आरसी जारी कर आगे की कार्रवाई की जाए।

# मथुरा में 'पीला पंजा' का कोहराम



**संवाददाता आलोक तिवारी**

■ अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर, चार निर्माण सील

**चौमुंहा/मथुरा।** मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण (एमवीडीए) ने मंगलवार को अवैध कॉलोनाइजेशन और बिना मानचित्र स्वीकृति के हो रहे निर्माणों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भू-माफियाओं पर करारा प्रहार किया। प्राधिकरण के सचिव आशीष कुमार के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई से जिले भर के अवैध निर्माणकर्ताओं में हड़कंप मच गया। जैत में 12 हजार वर्ग मीटर अवैध कॉलोनी ध्वस्त सबसे बड़ी कार्रवाई थाना जैत क्षेत्र के अंतर्गत मौजा जैत में की गई, जहां ललित बंसल और पवन राजावत द्वारा भक्ति वेदांता मंदिर के समीप करीब 12 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में बिना किसी स्वीकृति के अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण ने मौके पर पहुंचकर आरसीसी सड़कों सहित अवैध ढांचों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

बताया गया कि इस कॉलोनी को लेकर जुलाई 2025 में ही ध्वस्तीकरण के आदेश जारी हो चुके थे, लेकिन आदेशों की अनदेखी के चलते मंगलवार को भारी पुलिस बल के साथ कार्रवाई की गई।

**मानचित्र के विपरीत निर्माण पर सीलिंग**

वृंदावन रोड स्थित आनंदा कॉलोनी के सामने सुनील भदौरिया और अरविंद कुमार द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए किए गए निर्माणों को प्राधिकरण ने सील कर दिया।

इसके अलावा मयूर संरक्षण केंद्र के पास घनश्याम सिंह की दुकान तथा गौरव वार्ष्णेय के लगभग 200 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किए गए अवैध निर्माण पर भी ताले जड़ दिए गए। गौरव वार्ष्णेय द्वारा शमन (कंपाउंडिंग) का प्रयास किया गया, लेकिन मानचित्र के विपरीत निर्माण पाए जाने पर प्राधिकरण ने आवेदन निरस्त कर दिया।

**भू-माफियाओं में मची अफरा-तफरी**

सुबह जैसे ही एमवीडीए का दस्ता पुलिस बल और बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंचा, अवैध निर्माणकर्ताओं में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग कार्रवाई रुकवाने के प्रयास करते दिखे, लेकिन अधिकारियों ने साफ कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई तय है।

**एमवीडीए की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन. ने स्पष्ट शब्दों में कहा—**

अवैध निर्माण और बिना नक्शा स्वीकृत कराए बसाई जा रही कॉलोनियों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नियम तोड़ने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

**प्रमुख बिंदु-** ध्वस्तीकरणः 12,000 वर्ग मीटर में फैली 2 अवैध कॉलोनियां

सीलिंगः 4 अवैध निर्माण कार्रवाई क्षेत्रः जैत, वृंदावन रोड, मयूर संरक्षण केंद्र क्षेत्र

## मकरसंक्रांति पर्व पर गौ माताओं की सेवा वृन्दावन धाम में

**मथुरा।** आपकों बता दें कि ब्रजवासी गौ रक्षक सेना भारत संगठन सम्पूर्ण भारत में निस्वार्थ भाव से चौबीसों घंटे गौ माताओ की सेवा और रक्षा करने में लगा हुआ है गौ माता की सेवा प्रतिदिन होती है श्री धाम वृंदावन में आज ग्यारह बोरी हरे चारे और दो मन गुड़ की सेवा श्री बंशी वट गौशाला वृन्दावन धाम में ब्रजवासी गौ रक्षक सेना भारत संगठन के वृन्दावन नगर अध्यक्ष गौ पुत्र राहुल ब्रजवासी और अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ पुत्र धर्म दास महाराज के निर्देश अनुसार दी गई। कहते हैं जिस पर गौ माता की कृपा होती है उसके सारे कार्य चलते रहते हैं आज का इंसान केवल मतलब से जुड़ता है जो निस्वार्थ भाव से चौबीसों घंटे गौ माताओ की सेवा और रक्षा करते हैं उनके सारे कार्य हमेशा चलते रहते हैं वृन्दावन धाम जैसा धाम सम्पूर्ण लोकों में नहीं है जहां विराजे राधे रानी अलबेली सरकार, सांवरिया ले चल परली पार गौ पुत्र धर्म दास महाराज हमेशा गौ माता के लिए कार्य करते हैं क्योंकि पिछले पांच साल पहले गौ माताओं को जीवन समर्पित कर दिया था तब से गौ माता की तरह रहते, चलते, नंगे पैर जगह जगह जाते हैं और गौ माता की कृपा से चौबीसों घंटे काम करते हैं।

# मकर संक्रांति व एकादशी ब्रज में मनी श्रद्धा, भक्ति व उल्लास के साथ

■ मथुरा-वृंदावन में यमुना में स्नान करने के लिए उमड़े हजारों श्रद्धालु

■ वृंदावन,गोवर्धन, बरसाना कीपरिक्रमा लगा श्रद्धालुओं ने किया दान

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** मकर संक्रांति व एकादशी का पर्व एक साथ होने से दोनों पर्वो का उल्लास बुधवार को दो गुना हो गया। ब्रजवासियों ने ही नहीं देश के विभिन्न नगरों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने मथुरा में यमुना के घाटों पर पहुंचकर स्नान किया। इस अवसर पर लोगों ने तीर्थ स्थल वृंदावन, गोवर्धन व बरसाना की परिक्रमा लगाई और मंदिरों में दान-पुण्य किया। संतों के आश्रम व मठों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान, द्वारिकाधीश मंदिर, वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर , राधा बल्लभ मंदिर, रसिक बिहारीजी मंदिर, सेवा कुंज, निधिवन, राधा श्याम सुंदर मंदिर, राधा रमण मंदिर, प्रेम मंदिर, वैष्णदेवी मंदिर, चार धाम, गोवर्धन के दानघाटी मंदिर, गिरिराज मुखारविंद मुकुट मंदिर, हर गोकुल, हरदेवजी मंदिर, जतीपुरा के गिरिराज मुखारविंद मंदिर, बरसाना के लाड़लीजी मंदिर, दादी बाबा मंदिर, दाऊजी मंदिर, सुदामाजी मंदिर, वृषभानजी मंदिर, अष्टसखी मंदिर, श्यामा श्याम मंदिर, गोपालजी मंदिरि, सांकरी खोर स्थित श्रीरामजी मंदिर, गहवर वन स्थित मानगढ़, मोरकुटी, दानगढ़, विलासगढ़ , नंदगांव के नंदबाबा मंदिर, आशेश्वर महादेव मंदिर, गोकुल, महावन, दाऊजी के मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। यमुना नदी व पवित्र कुंड़ों पर पहुंचकर स्नान किया और भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। भक्तों ने खिचड़ी, तिल-गुड़ के पकवान और अन्य मौसमी व्यंजनों व फलों का भोग लगाया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गोवर्धन, वृंदावन व बरसाना के गहवरवन की परिक्रमा लगाई। परिक्रमा मार्गो में पड़ने वाले मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने और सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मंदिरों में भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन भी हुए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

मकर संक्रांति व एकादशी के अवसर पर मथुरा के विश्राम घाट, स्वामी घाट, प्रयाग घाट, बंगाली घाट समेत यमुना के विभिन्न घाटों पर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ स्नान करने के लिए उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने यमुना जी में डुबकी लगाने के बाद मथुरा की परिक्रमा लगाई। मथुरा के भूतेश्वर, कृष्णानगर, धौलीप्याऊ, सदर, कृष्णापुरी, जनरल गंज, होलीगेट , मंडी चौराहा सहित विभिन्न स्थानों पर विशेष भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें खिचड़ी के प्रसाद को वितरित किया गया।

## सीएससी संचालकों पर बड़ी कार्रवाई

**सुल्तानपुर।** जनपद में कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों के विरुद्ध जिला प्रशासन एवं भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निर्देश पर सख्त कार्रवाई की गई है। मानकों का पालन न करने वाले 101 जन सेवा केंद्रों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है।सीएससी के जिला प्रबंधक सुनील कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई उन केंद्रों पर की गई है, जहां भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रॉपर ब्रांडिंग एवं रेट चार्ट (सेवाओं की मूल्य सूची) प्रदर्शित नहीं की गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में केवल वही सीएससी संचालित किए जाएंगे, जो पारदर्शिता एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप कार्य करेंगे।जिला प्रबंधक ने कहा कि जिन केंद्रों पर न तो अधिकृत ब्रांडिंग पाई गई और न ही सेवाओं की रेट लिस्ट लगी थी, उन्हें चिन्हित कर बंद किया गया है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं के नाम पर होने वाली अतिरिक्त वसूली से बचाना तथा वास्तविक और अधिकृत सीएससी की पहचान सुनिश्चित करना है। विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि किसी भी संचालक द्वारा अनिवार्य ब्रांडिंग या रेट लिस्ट में लापरवाही बरती गई, तो उसका सेंटर बिना पूर्व सूचना के निरस्त कर दिया जाएगा।

# अल्पावासित पीड़ित महिलाओं हेतु दिया दिशा-निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया धनेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा पीड़िताओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण करने हेतु केन्द्र प्रबन्धक को निर्देशित किया गया। सचिव द्वारा केंद्र पर संवासित 16 पीड़िताओ में से निरीक्षण के समय उपस्थित 10 पीड़िताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके अधिकारों के बारें में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा वन स्टाप सेण्टर पर अल्पावासित पीड़ित महिलाओं /बालिकाओं को शासनादेश के अनुसार पॉच महिलाओं/ बालिकाओं के अतिरिक्त आवासित कराये जाने हेतु नाराजगी व्यक्त किया गया। सचिव के द्वारा सम्बन्धित को पीड़िताओं को समय से सुपुर्दगी सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया गया। न्यायाधीश द्वारा वन स्टाप सेण्टर के केन्द्र प्रबन्धक नीतु भारती को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता होए उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में संदर्भित करें।

# दुनिया के नंबर-दो शटलर एंटोनसन ने इंडिया ओपन से क्यों बनाई दूरी



**नई दिल्ली।** एंटोनसन ने इंडिया ओपन बैडमिंटन से दूर रहने का फैसला किया है। उन्होंने बुधवार को वजह का खुलासा किया और बताया कि दिल्ली में काफी प्रदुषण। इसी वजह से और अपने स्वास्थ्य को देखते हुए वह इंडिया ओपन में हिस्सा नहीं लेंगे।

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन ने बुधवार को कहा कि दिल्ली में बहुत अधिक प्रदूषण के कारण उन्होंने लगातार तीसरे साल इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया।

एंटोनसन ने पिछले हफ्ते इंडिया ओपन से हटने का फैसला किया था, लेकिन यह कारण नहीं बताया था कि उन्होंने आखिर क्यों ऐसा फैसला किया। डेनमार्क के इस खिलाड़ी ने हालांकि बुधवार को इंस्टाग्राम पर अपने फैसले का कारण बताते हुए दिल्ली में प्रदूषण के खतरनाक स्तर को जिम्मेदार ठहराया। एंटोनसन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, बहुत से लोग जानना चाहते हैं कि मैंने लगातार तीसरे साल इंडिया ओपन से नाम क्यों वापस ले लिया है। इस समय दिल्ली में बहुत अधिक प्रदूषण है इसलिए मुझे नहीं लगता कि यह बैडमिंटन टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए सही जगह है। डेनमार्क के इस 28 साल के खिलाड़ी ने हालांकि उम्मीद जताई कि अगस्त में जब इसी जगह पर बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा तो हालात जनवरी की तुलना में बेहतर होंगे। विश्व चैंपियनशिप में एक रजत और तीन कांस्य पदक सहित चार पदक जीतने वाले एंटोनसन ने कहा, उम्मीद है कि गर्मियों में जब दिल्ली में विश्व चैंपियनशिप होगी तो हालात बेहतर होंगे। एंटोनसन ने इंडिया ओपन का ड्रॉ निकाले जाने से पहले ही प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया था, लेकिन उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता से हटने के कारण वैश्विक संचालन संस्था विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने उन पर पांच हजार अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है। एंटोनसन पिछली बार 2023 में इंडिया ओपन में खेले थे जहां वह दूसरे दौर में हार गए थे। एंटोनसन ने साथ ही इंस्टाग्राम पर एक 'स्क्रीनशॉट' भी डाला है जिसमें दिल्ली के एक्यूआई स्तर को 348 दर्शाया गया है। बीडब्ल्यूएफ के नियमों के अनुसार किसी चोट या चिकित्सा छूट के अलावा शीर्ष खिलाड़ियों (शीर्ष 15 एकल और शीर्ष 10 युगल खिलाड़ी) के लिए विश्व टूर 750, विश्व टूर 1000 प्रतियोगिता और वर्ल्ड टूर फाइनल्स में खेलना जरूरी है।

# भारतीय पुरुष बॉक्सिंग टीम के मुख्य कोच बने सीए कुटप्पा



**नई दिल्ली।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता सीए कुटप्पा को भारतीय पुरुष बॉक्सिंग टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है और यह उनका तीसरा कार्यकाल होगा। कमजोर अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के बाद बीएफआई ने यह बदलाव किया है, जबकि पूर्व कोच धर्मेंद्र यादव को कोचिंग स्टाफ में बनाए रखा गया है।

द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित सीए कुटप्पा एक बार फिर भारतीय पुरुष बॉक्सिंग टीम के मुख्य कोच नियुक्त किए गए हैं। यह उनका तीसरा कार्यकाल होगा। इस नियुक्ति की पुष्टि बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मंगलवार को की। सीए कुटप्पा ने इस पद पर एसएआई रोहतक के कोच धर्मेंद्र यादव की जगह ली है। हालांकि, धर्मेंद्र यादव पुरुष टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा बने रहेंगे। बीएफआई के कार्यकारी निदेशक कर्नल अरुण मलिक ने इस बदलाव की जानकारी दी। भारतीय पुरुष बॉक्सिंग टीम का पिछले कुछ वर्षों का प्रदर्शन अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहा है। 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए केवल दो पुरुष मुक्केबाज ही क्वालीफाई कर सके थे। इसके बाद 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप (लिवरपूल) में भारतीय पुरुष टीम 12 साल में पहली बार बिना पदक के लौटी।

सीए कुटप्पा पहले भी टोक्यो और पेरिस ओलंपिक के दौरान भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं। वह 2008 बीजिंग ओलंपिक के दौरान राष्ट्रीय सहयोगी स्टाफ का भी हिस्सा थे, जब विजेंदर सिंह ने भारत को बॉक्सिंग में पहला ओलंपिक पदक दिलाया था। पूर्व हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर सैंटियागो निएवा, जिन्हें पिछले महीने महिला टीम का विदेशी कोच नियुक्त किया गया था, कैंप में शामिल हो चुके हैं। वहीं, महिला बॉक्सिंग टीम की कोच-इन-चार्ज की जिम्मेदारी एसएआई की गीता चानू संभालेंगी। भारतीय मुक्केबाज 12 जनवरी से पटियाला स्थित नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (ह्हुस्) में प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह कैंप 14 मार्च तक चलेगा, जहां राष्ट्रीय कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ की निगरानी में अभ्यास होगा।बीएफआई की 2026 चयन नीति के तहत, राष्ट्रीय चैंपियनशिप में ओलंपिक वेट कैटेगरी के टॉप-4 बॉक्सरों को कैंप में शामिल किया गया है। इसके अलावा नॉन-ओलंपिक वेट कैटेगरी के स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को भी मौका मिला है। स्टार बॉक्सरों को विशेष प्रवेश चोट के कारण नेशनल्स में हिस्सा नहीं ले पाने वाले मौजूदा 57 किग्रा वर्ल्ड चैंपियन जैस्मिन लांबोरिया और 60 किग्रा वर्ल्ड कप फाइनल्स की गोल्ड मेडलिस्ट परवीन हुड्डा को वाइल्डकार्ड के जरिए कैंप में शामिल किया जाएगा। कुछ ऐसे बॉक्सर, जो पदक राउंड तक नहीं पहुंच सके लेकिन जिनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर की क्षमता दिखी, उन्हें भी वाइल्डकार्ड एंट्री दी जाएगी ताकि कैंप में प्रतिस्पर्धा और गहराई बनी रहे।

एशियन चैंपियनशिप, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स जैसे बड़े टूर्नामेंटों के चलते 2026 भारतीय बॉक्सिंग के लिए बेहद महत्वपूर्ण साल साबित होगा। भारतीय बॉक्सरों का साल का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट स्पेन के ला नुसिया में 2 फरवरी से शुरू होने वाला बॉक्सम इंटरनेशनल टूर्नामेंट होगा। चयन मानदंड के अनुसार, ओलंपिक वेट कैटेगरी के स्वर्ण पदक विजेता और नॉन-ओलंपिक वेट कैटेगरी के रजत पदक विजेता भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## लक्ष्य सेन और त्रीसा-गायत्री की जोड़ी ने जीत से की शुरुआत



**नई दिल्ली।** इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट की शुरुआत मंगलवार से हुई। पहले दौर में लक्ष्य सेन और त्रीसा जॉली तथा गायत्री गोपीचंद ने जीत से शुरुआत की। वहीं, मिश्रित युगल वर्ग में भारत को निराशा मिली। राष्ट्रमंडल खेलों के विजेता लक्ष्य सेन ने हमवतन आयुष शेट्टी को हराकर इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत से शुरुआत की है। वहीं, आठवीं रैंकिंग की महिला युगल जोड़ी त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसथापोनपार्न और सुकिता सुवाचाई की जोड़ी को 42 मिनट में 21-15, 21-11 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य ने आयुष को आसानी से 21-12, 21-15 से हराया। लक्ष्य ने बेहतर खेल दिखाया और परिस्थितियों से बेहतर ढंग से सामंजस्य बैठाने में सफल रहे। आयुष ने कुछ मौकों पर अच्छी टक्कर दी लेकिन लक्ष्य का बड़े मुकाबलों में खेलने का अनुभव उनके काम आया। लक्ष्य अगले दौर में जापान के केंता निशिमोतो से भिड़ेंगे जिन्होंने 21-6, 7-5 के स्कोर पर अपने सातवें वरीय हमवतन प्रतिद्वंद्वी कोडाई नारोका के मुकाबले से हटने पर दूसरे दौर में प्रवेश किया। महिला युगल मुकाबले में त्रीसा और गायत्री ने पूरे मैच के दौरान दमदार खेल दिखाया। भारतीय जोड़ी ने नेट पर शानदार खेल दिखाने के अलावा स्मैश से भी काफी अंक जुटाए। थाईलैंड की जोड़ी ने दूसरे गेम में बेहतर शुरुआत की थी लेकिन त्रीसा और गायत्री वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहीं। मिश्रित युगल वर्ग में भारत को निराशा मिली और ध्रुव रावत तथा मनीषा के पहले ही दौर में बाहर हो गए, जबकि महिला युगल वर्ग के एक अन्य मुकाबले में प्रिया कोंजेगबाम और श्रुति मिश्रा की जोड़ी को भी हार का सामना करना पड़ा।

सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की तीसरी वरीय जोड़ी कोपहले दौर के मुकाबले में उतरना था, लेकिन अमेरिका के उनके प्रतिद्वंद्वियों चेन झी यी और प्रेस्ले स्मिथ के प्रतियोगिता से हटने पर भारत की स्टार जोड़ी ने वाकओवर मिलने पर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। अमेरिका की यह जोड़ी पिछले हफ्ते मलयेशिया ओपन के पहले दौर में हार गई थी।

## रोहित से छिना ताज, चार साल बाद फिर शीर्ष पर कोहली

**दुबई।** आईसीसी की जारी ताजा रैंकिंग में विराट कोहली वनडे के शीर्ष बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली पिछले कुछ समय से शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और इसका असर रैंकिंग में भी देखने मिला है।

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली वनडे में शीर्ष बल्लेबाज बन गए हैं। आईसीसी की जारी ताजा रैंकिंग में कोहली ने रोहित को पीछे छोड़ दिया है और वह नंबर एक स्थान पर आ गए हैं। रोहित तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं, जबकि दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल हैं। दिलचस्प बात यह है कि कोहली और मिचेल के बीच महज एक रैटिंग अंक का फासला है। कोहली 785 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। वहीं, मिचेल के 784 अंक हैं। कोहली 53 महीने बाद वनडे में फिर नंबर एक बल्लेबाज बने। 37 वर्षीय कोहली जुलाई 2021 के बाद रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे हैं। कोहली पिछले कुछ समय से शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आखिरी वनडे में नाबाद 74 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने पिछली चार पारियों में 135, 102, 65 और 93 रन बनाए हैं। कोहली की यह पारी न्यूजीलैंड के 300 रन के लक्ष्य को वडोदरा में सफलतापूर्वक पार करने में अहम साबित हुई थी।

कोहली ने यह रैंकिंग पहली बार अक्तूबर 2013 में हासिल की थी और यह उनका 11वां अलग-मौका है जब वह नंबर-एक बने हैं। आज की तारीख तक, वे कुल 825 दिनों तक नंबर-एक पर रह चुके हैं, जो दुनिया में 10वां सबसे लंबा और किसी भी भारतीय खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक है।

## ठंड, गंदगी और अस्वस्थ माहौल, इंदिरा गांधी स्टेडियम की व्यवस्थाओं पर फिर भड़कीं मिया ब्लिचफेल्ट

**नई दिल्ली।** डेनमार्क की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ट ने इंदिरा गांधी स्टेडियम की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े किए हैं।

डेनमार्क की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ट ने एक बार फिर भारत में आयोजित इंडिया ओपन सुपर 750 के दौरान खिलाड़ियों को मिल रही सुविधाओं पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि नए वेन्यू इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में शिफ्ट होने के बावजूद हालात में कोई खास सुधार नहीं हुआ है।



ब्लिचफेल्ट ने कहा कि स्टेडियम में हालात गंदे और अस्वस्थ हैं, जो खिलाड़ियों के लिए बिल्कुल भी पेशेवर नहीं कहे जा सकते। उनके मुताबिक, अत्यधिक ठंड के कारण खिलाड़ी दो-दो लेयर के कपड़े, जैकेट, दस्ताने और टोपी पहनकर वार्म-अप करने को मजबूर हैं।

उन्होंने बताया कि इतनी ठंड में सही तरीके से वार्म-अप करना मुश्किल हो जाता है, जबकि खिलाड़ियों को कोर्ट पर तेज मूवमेंट और स्प्लिट्स जैसे कठिन मूव्स करने होते हैं। ब्लिचफेल्ट ने कहा कि यह एलिट खिलाड़ियों की तैयारी के लिए बिल्कुल सही माहौल नहीं है।

मिया ने साफ कहा कि उन्होंने पिछले साल केडी जाधव हॉल में भी इसी तरह की शिकायतें की थीं और इस साल भी स्थिति लगभग वैसी ही है। उन्होंने बताया कि वार्म-अप कोर्ट में पक्षी उड़ते नजर आए और कोर्ट पर गंदगी भी थी, जो बेहद अस्वस्थ स्थिति को दर्शाता है।

ब्लिचफेल्ट ने टूर्नामेंट आयोजकों, भारतीय बैडमिंटन संघ और बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन से हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह एक प्रोफेशनल खेल है और खिलाड़ियों की सेहत से समझौता नहीं होना चाहिए।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इन हालातों में खिलाड़ी बीमार पड़ते हैं या चोटिल होते हैं तो यह पूरी तरह से अनुचित होगा। खासकर अगस्त में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप से पहले इन कमियों को दूर करना बेहद जरूरी है। बता दें कि, यह पहला मौका नहीं है जब ब्लिचफेल्ट ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम की स्थितियों की आलोचना की। पिछली साल उन्होंने दिल्ली के प्रदूषण पर भी सवाल खड़े किए थे।

# बीजेपी के मकर संक्रांति के उत्सव में पहुंचे पवन सिंह




**मुंबई।** भोजपुरी के पावर स्टार कहे जाने वाले पवन सिंह ने बीजेपी मुख्यालय पर मकर संक्रांति का पर्व मनाया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के लिए एक खास गीत भी गायाज

देश के कई हिस्सों में आज मकर संक्रांति का पर्व मनाया जा रहा है। इस मौके पर कई जगह कार्यक्रम भी हो रहे हैं। इसी क्रम में राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय पर भी मकर संक्रांति के पर्व में एक कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता और भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह ने भी शिरकत की। इस मौके पर पवन सिंह ने स्टेज पर परफॉर्मेंस देते हुए गाना भी गाया।

पवन सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो में पवन सिंह स्टेज पर माइक लिए खड़े हैं और बीजेपी की जीत पर गाना गा रहे हैं।

वो बीजेपी और पीएम मोदी की बंपर जीत पर एक गीत गा रहे हैं और स्टेज से 'जय श्रीराम' का नारा भी लगा रहे हैं। स्टेज पर उनके साथ बाकी लोग भी नजर आ रहे हैं। सबके साथ में एक लाल रंग गमछा या चोली भी है। पवन सिंह मोदी और योगी की बंपर जीत का नारा लगा रहे हैं।

इसके अलावा पवन सिंह का एक और वीडियो भी सामने आया है। इसमें वो लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दे रहे हैं।

इसके साथ ही वो कह रहे हैं कि 'आज दही चूड़ा खाए के बा, खिवाये के बा।' पवन सिंह के ये दोनों ही वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

# सच्चाई के करीब जाती है क्राइम सीरीज

**मुंबई।** इमरान हाशमी और शरद केलकर स्टारर नई वेब सीरीज 'तस्करी॰ द स्मगलर्स वेब' आज रिलीज हो गई है। सीरीज देखने से पहले यहां पढ़िए इसका रिव्यू और जानिए कैसी है नीरज पांडे की यह सीरीजज

तस्करीः द स्मगलर्स वेब एक 7 एपिसोड की क्राइम ड्रामा वेब सीरीज है। इसे नीरज पांडे ने फ्राइडे स्टोरीटेलर्स के बैनर में बनाया है। यह स्मगलिंग की उस दुनिया को दिखाती है, जो आम लोगों की नजरों से छुपी रहती है। कहानी कई देशों से जुडी हुई है। यह बताती है कि तस्करी सिर्फ एक जगह तक सीमित नहीं है, बल्कि एक बड़ा इंटरनेशनल नेटवर्क है।

सीरीज की शुरुआत इस बात से होती है कि कैसे महंगी घड़ियां, ब्रांडेड बैग, सोना, विदेशी करेंसी और नशीले पदार्थ एयरपोर्ट के रास्ते एक देश से दूसरे देश पहुंचाए जाते हैं। इसमें दिखाया गया है कि

**संतुलित**

> सीरीज का निर्देशन नीरज पांडे और राघव एम जैरथ ने मिलकर किया है, जिसकी वजह से कहानी का टोन गंभीर और संतुलित बना रहता है।

स्मगलर कानून, कस्टम ड्यूटी और सुरक्षा व्यवस्था की कमियों का फायदा कैसे उठाते हैं। इसके बाद कहानी मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंच जाती है। यहां कस्टम्स विभाग की एक टीम इन गैरकानूनी कामों को रोकने की कोशिश करती है। इस टीम को लीड अर्जुन मीणा (इमरान हाशमी) करता है। वह एक ईमानदार



और मेहनती कस्टम्स अधिकारी है। वह नियमों से कोई समझौता नहीं करता। वह पूरे मन से अपना काम करता है। लेकिन जांच के दौरान उसे बार-बार यह एहसास होता है कि तस्कर बहुत चालाक हैं। वे हमेशा कानून से एक कदम आगे रहते हैं। फर्जी कागजात, गुप्त कोड और सिस्टम के अंदर मौजूद लोगों की मदद से वे खुद को बचा लेते हैं। कहानी में बाबा चौधरी (शरद केलकर) नाम का एक बड़ा तस्कर भी है। वह इस पूरे नेटवर्क को चुपचाप चलाता है। वह ज्यादा सामने नहीं आता, लेकिन उसके फैसले पूरे धंधे को चलाते हैं। जब कस्टम्स टीम उसकी कमाई को नुकसान पहुंचाने लगती है, तब हालात और मुश्किल हो जाते हैं। इस टकराव के दौरान अफसरों पर काम का दबाव बढता है। उनकी निजी जिंदगी भी प्रभावित होने लगती है। इमरान हाशमी ने अर्जुन मीणा के रोल में संयमित और भरोसेमंद अभिनय किया है। वह शांत रहते हुए भी अपने किरदार का असर दिखाते हैं। शरद केलकर बाबा चौधरी के रोल में बिना ज्दाया शोर किए खतरनाक लगते हैं। सीरीज में मिताली कामत (अमृता खानविलकर) और रविंदर गुज्जर (नंदीश सिंह संधू) जैसे किरदार भी अहम भूमिका निभाते हैं। ये किरदार जांच और ऑपरेशन के दौरान कहानी को आगे बढाते हैं। इनके अलावा फ्रेडी दारूवाला, जमील खान और अन्य कलाकारों ने भी अपने-अपने किरदारों को मजबूती दी है। सीरीज का निर्देशन नीरज पांडे और राघव एम जैरथ ने मिलकर किया है, जिसकी वजह से कहानी का टोन गंभीर और संतुलित बना रहता है। सीरीज में जरूरत से ज्यादा एक्शन या ड्रामा नहीं दिखाया गया है। जांच की प्रक्रिया को धीरे और साफ तरीके से पेश किया गया है। कुछ एपिसोड थोड़े धीमे जरूर लग सकते हैं। इसके बावजूद कहानी ज्यादा असली और भरोसेमंद महसूस होती है।

## लीसा के साथ प्रियंका चोपड़ा जोनस ने दिए शानदार पोज




**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा जोनस ने 2026 गोल्डन ग्लोब अवाड्र्स से ब्लैकपिंक की लीसा के साथ बीटीएस तस्वीरें साझा की हैं। जहां दोनों ने एक साथ अवॉर्ड दिए थे।

प्रियंका चोपड़ा जोनस ने 2026 गोल्डन ग्लोब अवाड्र्स की कई बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें ब्लैकपिंक की लीसा ललिसा मनोबल के साथ उनके प्यारे पल नजर आए। दोनों ने बेवर्ली हिल्स में हुए इस समारोह में साथ में एक अवॉर्ड पेश किए। ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, क्योंकि दोनों की मौज-मस्ती की ये तस्वीरें फैंस को बेहद पसंद आ रही हैं। प्रियंका ने लीसा के साथ गोल्डन ग्लोब की कई शानदार बीटीएस तस्वीरें अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। प्रियंका और लीसा ने बेस्ट एक्टर इन ए टेलीविजन Series Drama का अवॉर्ड दिया। बॉलीवुड, हॉलीवुड और के-पॉप की दुनिया को जोड़ते हुए, उनकी जोड़ी ने एक खास अंतरराष्ट्रीय पल बनाया। एक तस्वीर में दोनों हाथ में हाथ डालकर मंच पर आती दिखीं। तो वहीं एक तस्वीर में दोनों मुस्कुराती नजर आईं। बैकस्टेज में प्रियंका और लीसा दोनों हंसती-बातें करती नजर आईं। मंच पर दोनों शांत नजर आईं, लेकिन प्रियंका की शेयर हुई बीटीएस तस्वीरें साफ बता रही हैं कि लीसा और प्रियंका ने कई मस्ती भरे पल साथ में बिताए। कुछ फोटोज में दोनों हंसती और चंचल अंदाज में पोज देती नजर आईं। इन तस्वीरों में दोनों की केमिस्ट्री फैंस को काफी पसंद आई। प्रियंका और लीसा के बारे में होस्ट निक्की ग्लेजर ने मजाक में कहा, एक द व्हाइट लोटस लीसा में थी और एक ने निक जोनस प्रियंका से शादी की, जिससे वहां पर मौजूद सभी हंस पड़े। वहीं प्रियंका ने निक के साथ एक वीडियो भी इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें उन्होंने गोल्डन ग्लोब की झलक दिखाई है।

प्रियंका के लिए गोल्डन ग्लोब्स नया नहीं है। वे 2017 में वहां होस्ट भी रह चुकी हैं। लेकिन लीसा के लिए ये बड़ा मौका था। लीसा ने हाल ही में एचबीओ के द व्हाइट लोटस में एक्टिंग शुरू की है और बहुत तारीफ मिली है। मंच पर प्रियंका ने कहा कि उन्हें इतना बड़ा अवॉर्ड पेश करने पर गर्व है। लीसा ने नामांकित कलाकारों की लिस्ट को सराहा, जिसमें स्टर्लिंग के. ब्राउन और डिएगो लूना जैसे बड़े नाम थे। कुल मिलाकर, ये रात दोनों के लिए यादगार और फैंस के लिए बहुत मजेदार रही।

लालिसा मनोबल, जिन्हें लिसा के नाम से जाना जाता है, एक थाई रैपर, गायिका और डांसर हैं। वह दक्षिण कोरियाई लड़की समूह ब्लैकपिंक की सदस्य हैं, जिसने 2016 में ङ्घत्र एंटरटेनमेंट के तहत शुरुआत की थी।

## दोस्त की शादी में पहुंचे आलिया भट्ट और रणबीर कपूर

**मुंबई।** आलिया भट्ट और रणबीर कपूर मुंबई में अपने एक दोस्त की शादी मां शामिल हुए। रणबीर और आलिया के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर बीते मंगलवार को मुंबई में एक दोस्त की शादी के रिसेप्शन में गए। दोनों ने बहुत खूबसूरत ट्रेडिशनल ड्रेसी कैरी की थी। आलिया और रणवीर का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। आलिया और रणबीर ने दोस्त की शादी में शिरकती की। इस दौरान आलिया व्हाइट कढ़ाईदार सीक्वेंस व्गाइट साड़ी में बेहद खूबसूरत दिखीं। आलिया ने इस शाइनिंग साड़ी को डीप नेक ब्लाउज के साथ कैरी किया। आलिया ने अपने इस देसी लुक को गले में चोक नेकलेस पहनकर पूरा किया। वहीं रणबीर ने काला कुर्ता-पायजामा पहना था, जिसके ऊपर कढ़ाई वाली नेहरू जैकेट थी।

## एपी ढिल्लों ने धोनी और सलमान खान के साथ शेयर की एडवेंचर फोटो

**मुंबई।** एपी ढिल्लों ने सलमान खान और एमएस धोनी के साथ कीचड़ भरे ऑफ-रोड एडवेंचर की एक खास तस्वीरें साझा की है। तीनों की इस खास तस्वीर पर फैंस अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

रैपर एपी ढिल्लों ने अपने वन ऑफ वन इंडिया टूर के दौरान मिले प्यार के बाद अब एक और धमाकेदार मुलाकात से सबको हैरान कर दिया है। इस बार एपी ढिल्लों ने सलमान खान और क्रिकेटर धोनी के साथ खास अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जो फैंस के बीच जमकर वायरल हो रही है। इन तस्वीरों में सलमान, धोनी और ढिल्लों तीनों ही मिट्टी में सने नजर आ रहे हैं, लेकिन उनके चेहरे पर मुस्कान साफ देखी जा सकती है। इस बार एपी ढिल्लों ने सलमान खान और एमएस धोनी के साथ मिलकर बहुत मजेदार एडवेंचर किया। ढिल्लों ने इंस्टाग्राम पर सलमान खान के पनवेल फार्महाउस में



कीचड़ भरे एडवेंचर की कई फोटो और वीडियो शेयर की हैं। इन तस्वीरों में तीनों कीचड़ से सने हुए नजर आए। वे ऑल-टेरेन व्हीकल (ञ्रङ्क) चला रहे थे। एक वीडियो में ञ्रङ्क कीचड़ में फंस गई। ढिल्लों ने मजाक में लिखा, आपको क्या लगता है इसे किसने क्रैश किया? इसी पोस्ट पर सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर ने लिखा, बहुत मजा आया।

यह पहली बार नहीं है जब एपी ढिल्लों और सलमान खान साथ आए हैं। पहले सलमान ने एपी के गाने ओल्ड मनी के म्यूजिक वीडियो में काम किया था, जिसमें संजय दत्त भी थे। फैंस को वो बहुत पसंद आया था। एपी ढिल्लों ने हाल ही में नया गाना रातां लम्बियां रिलीज किया है। यह एक रॉक स्टाइल का गाना है।

सलमान खान अपनी नई फिल्म बैटल ऑफ गलवां में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 2020 के गलवां घाटी संघर्ष पर आधारित है। फिल्म को अपूर्वा लखिया ने डायरेक्ट किया है। इसमें चित्रांगदा सिंह भी हैं। यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# ईडी छापेमारी विवाद पर हाईकोर्ट में सुनवाई

**सर्वोच्च**

**9 जनवरी को ईडी ने अपनी याचिका में दावा किया है कि इस घटना में राज्य के सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व की सीधी भागीदारी थी और पुलिस बल का दुरुपयोग किया गया।**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी से जुड़े विवाद पर कलकत्ता हाईकोर्ट में आज सुनवाई हो रही है। इससे पहले इस मामले की सुनवाई तय तारीख पर नहीं हो सकी थी, क्योंकि अदालत परिसर में भारी भीड़ जमा हो गई थी। जिसके चलते 9 जनवरी को अदालत ने सुनवाई को स्थगित कर दिया था।

9 जनवरी को ईडी ने अपनी याचिका में दावा किया है कि इस घटना में राज्य के सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व की सीधी भागीदारी थी और पुलिस बल का दुरुपयोग किया गया। एजेंसी ने अदालत से आग्रह किया है कि वह सीबीआई को एफआईआर दर्ज करने और मुख्यमंत्री सहित सभी संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच करने का निर्देश दे। एजेंसी ने कहा कि सीबीआई की जांच जरूरी है, क्योंकि कलकत्ता हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों ने लगातार यह माना है कि जहां राज्य में ऊंचे और शक्तिशाली लोग संज्ञेय अपराधों को करने में शामिल होते हैं, वहां जांच सीबीआई को ट्रांस्फर कर दी जानी चाहिए। ईडी ने सर्च वाली जगहों से अवैध रूप से और जबरदस्ती ले जाए गए सभी डिजिटल उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड, स्टोरेज मीडिया और दस्तावेजों को तत्काल जब्त करने, सील करने, फोरेंसिक संरक्षण और ईडी की कानूनी हिरासत में वापस करने की भी मांग की थी। इस मामले को लेकर टीएमसी ने ढ्ढ-ब्र्र पर ईडी की छापेमारी के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। टीएमसी की याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता टीएमसी बंगाल में एसआईआर के खिलाफ आवाज उठा रही है और विरोध कर रही है। इसलिए ईडी टीएमसी के पॉलिटिकल स्ट्रैटेजी ऑफिस और को-फाउंडर के घर पर तलाशी और जब्ती कर रही है। टीएमसी की याचिका में यह भी कहा गया है कि एजेंसी ईडी ने गैर-कानूनी तरीके से गोपनीय डेटा जब्त किया है। ईडी ने गुरुवार (8 जनवरी) को कथित कोयला घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में I-PAC के सॉल्ट लेक ऑफिस और इसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर छापेमारी की थी।

# कर्नाटक में सीएम की कुर्सी को लेकर रार जारी



**बंगलूरू** कर्नाटक में सीएम पद को लेकर सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच की खींचतान अभी भी जारी है। मंगलवार को राहुल गांधी के कर्नाटक दौरे पर दोनों नेताओं ने राहुल गांधी से मुलाकात की थी। अब कांग्रेस विधायक ने कहा है कि राहुल गांधी ने दोनों नेताओं के दिल्ली बुलाया है। कर्नाटक में सीएम की कुर्सी को लेकर सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच खींचतान का अभी भी अंत नहीं हुआ है। अब कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि राहुल गांधी ने दोनों नेताओं को दिल्ली बुलाया है। हालांकि अभी तारीख तय नहीं हुई है। कर्नाटक में सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच लंबे समय से कुर्सी को लेकर खींचतान जारी है। बीते दिनों भी दोनों नेता दिल्ली गए थे, लेकिन उस समय भी कोई फैसला नहीं हो सका था। दोनों नेता हालांकि सार्वजनिक तौर पर किसी भी मतभेद से इनकार करते हैं और मीडिया पर इसे लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हैं, लेकिन जिस तरह से दोनों नेता दिल्ली के चक्कर लगा रहे हैं और उनकी ही पार्टी के विधायक बयानबाजी कर रहे हैं, उससे साफ है कि सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कुछ भी सही नहीं है।

# नितिन नबीन भाजपा प्रमुख बनने की प्रक्रिया 21 जनवरी तक पूरी होगी

**नई दिल्ली।** बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष बनने की औपचारिकता 20-21 जनवरी तक पूरी की जा सकती है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर स्थित भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय पर पार्टी के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में यह प्रक्रिया पूरी होगी।

बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष बनने की औपचारिकता 20-21 जनवरी तक पूरी की जा सकती है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर स्थित भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय पर पार्टी के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में यह प्रक्रिया पूरी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह उनके अध्यक्ष बनने के प्रस्तावक हो सकते हैं। अध्यक्ष पद हेतु केवल नितिन नबीन ही नामांकन कर सकते हैं। इस अवसर पर पार्टी के सभी मुख्यमंत्री, प्रदेशों के अध्यक्ष और अन्य उच्च पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बुधवार को मकरसंक्रांति के दिन नितिन नबीन ने पार्टी की दिल्ली प्रदेश इकाई के पूर्वांचल मोर्चा द्वारा आयोजित



कार्यक्रम में भाग लिया। नितिन नबीन ने पार्टी कार्यकर्ताओं को मकरसंक्रांति की शुभकामना देते हुए कहा कि उन सबको मिलकर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के हित के लिए कार्य करना है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है जिसे पूरा करने के लिए सबको एकजुट होकर कार्य करना है।

दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा ने अमर उजाला से कहा कि मकरसंक्रांति पूर्वांचल का बहुत लोकप्रिय त्योहार है। यह पूरे विश्व के कल्याण के लिए भगवान सूर्य से प्रार्थना के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के सभी भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। दिल्ली सरकार का भी इसमें सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के माध्यम से हर बस्ती में कल्याण कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया जाएगा।

मकरसंक्रांति पर प्रदेश कार्यालय पर पूर्वांचली गीत - संगीत का कार्यक्रम किया गया जिसमें भारी संख्या में पूर्वांचली कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में लगाए गए हेल्थ कैंप पर लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच भी कराई।

# उत्तर बनाम दक्षिण की तुलना पर घमासान



**चेन्नई।** डीएमके सांसद दयानिधि मारन के उत्तर और दक्षिण भारत की महिलाओं को लेकर दिए बयान से सियासी विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा ने बयान को विभाजनकारी बताया, जबकि डीएमके ने इसका बचाव किया।

डीएमके सांसद दयानिधि मारन के उत्तर भारत और तमिलनाडु की महिलाओं को लेकर दिए गए बयान ने राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। उनके बयान पर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई है, जबकि डीएमके ने इसे महिला सशक्तिकरण से जुड़ा संदेश बताया है।

चेन्नई सेंट्रल से चार बार सांसद रह चुके दयानिधि मारन ने क्वैद-ए-मिल्लत गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वूमन में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि तमिलनाडु में लड़कियों को पढ़ाई और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता है, जबकि उत्तर भारत में महिलाओं से घर में रहने, रसोई संभालने और बच्चे पैदा करने की उम्मीद की जाती है।

उन्होंने आगे कहा कि तमिलनाडु एक द्रविड़ राज्य है, जहां महिलाओं की प्रगति को राज्य की प्रगति माना जाता है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री करुणानिधि, सीएन अन्नादुरई और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का जिक्र करते हुए कहा कि यही वजह है कि वैश्विक कंपनियां चेन्नई आती हैं, क्योंकि यहां की महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर हैं। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने भी छात्रों को संबोधित किया और 'उलगम उंगल कईयिल' योजना के तहत छात्राओं को लैपटॉप वितरित किए।

मारन के बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। तमिलनाडु बीजेपी प्रवक्ता नारायणन तिरुपति ने कहा कि यह बयान उत्तर भारत के लोगों का अपमान है। वहीं भाजपा नेता अनिला सिंह ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि भारत में शक्ति की पूजा होती है और महिलाओं को उत्तर-दक्षिण में बांटना विभाजनकारी राजनीति है। अनिला सिंह ने कहा मारन भूल गए हैं कि वह भारत में रहते हैं। यहां महिला शक्ति को उत्तर या दक्षिण में नहीं बांटा जा सकता।

हालांकि डीएमके ने मारन के बयान का बचाव किया है। पार्टी नेता टीकेएस एलंगोवन ने कहा कि तमिलनाडु में महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और सरकारी नौकरियों में आरक्षण देकर सशक्त किया गया है। डीएमके सूत्रों के मुताबिक मारन का उद्देश्य छात्राओं को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना था। पार्टी सूत्रों ने यह भी दावा किया कि देश की औद्योगिक महिला श्रमिकों में 40 प्रतिशत से अधिक अकेले तमिलनाडु से हैं और बयान को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

# महंत नरेंद्र गिरि की मौत के मामले में आरोपी को जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि की मौत के मामले में आरोपी को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। महंत नरेंद्र गिरि साल 2021 में अपने मठ में मृत पाए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रमुख रहे महंत नरेंद्र गिरि की मौत के मामले में एक आरोपी को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। आरोपी आद्या प्रसाद तिवारी महंत नरेंद्र गिरि की मौत के मामले में मुख्य आरोपी है। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि अभी सुनवाई पूरी होने में समय लगेगा और आरोपी को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

भारत में साधुओं के सबसे बड़े संगठन अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि, 20 सितंबर, 2021 को इलाहाबाद के बाघंबरी मठ में फांसी पर लटके मिले थे। सीबीआई ने नवंबर 2021 में दायर अपनी चार्जशीट में कहा था कि गिरि अपने अलग हो चुके शिष्य आनंद गिरि, पुजारी आद्या प्रसाद तिवारी और उनके बेटे संदीप तिवारी के चलते गंभीर मानसिक तनाव में थे कि उन्होंने समाज की नजरों में बदनामी और अपमान से बचने के लिए अपनी जान दे दी।

सोमवार को जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने 14 अक्टूबर, 2025 के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को पलटते हुए आद्या प्रसाद तिवारी को जमानत दे दी। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में आद्या प्रसाद तिवारी को जमानत देने से इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा, ट्रायल निकट भविष्य में पूरा होने की संभावना नहीं है। वैसे भी, अपीलकर्ता मुख्य आरोपी नहीं लगता है। इसे देखते हुए, हमारी राय है कि ट्रायल के दौरान अपीलकर्ता को और हिरासत में रखना जरूरी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि अपीलकर्ता 22 सितंबर, 2021 से हिरासत में है, और ट्रायल के दौरान उसे और हिरासत में रखना जरूरी नहीं है। इस मामले में एफआईआर 21 सितंबर, 2021 को प्रयागराज जिले के जॉर्ज टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी। तिवारी को शुरू में भारतीय दंड संहिता की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत गिरफ्तार किया गया था, लेकिन 18 नवंबर, 2021 को दायर की गई चार्जशीट में हत्या (धारा 302) और आपराधिक साजिश (धारा 120) के आरोप लगाए गए।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने ट्रायल कोर्ट को यह आजादी दी कि अगर किसी भी शर्त का उल्लंघन होता है तो वह जमानत रद्द कर सकती है। चार्जशीट में इलाहाबाद के बड़े हनुमान मंदिर के पुजारी आनंद गिरि, आध्या प्रसाद तिवारी और संदीप तिवारी पर आत्महत्या के लिए उकसाने और आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया है।

## आचार संहिता के बावजूद महायुति को पैसे बांटने की खुली छूट

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आचार संहिता लागू होने के बावजूद महायुति दलों को घर-घर जाकर पैसे बांटने की छूट दी जा रही है।

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने बुधवार को महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद महायुति की पार्टियों भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी को घर-घर जाकर प्रचार और पैसे बांटने की खुली छूट दी जा रही है।

मुंबई में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजय राउत ने कहा कि नियमों के मुताबिक मंगलवार को चुनाव प्रचार समाप्त हो चुका था, लेकिन इसके बाद भी चुनाव आयोग ने डोर-टू-डोर कैंपेन की अनुमति दे दी, जो सवालों के घेरे में है।

# उत्तरी माली में दर्दनाक हादसा नाइजर नदी में फेरी नाव पलटी




**बमाको।** उत्तरी माली के टिंबक्टू क्षेत्र में नाइजर नदी में फेरी नाव चट्टानों से टकराकर डूब गई। इस दर्दनाक हादसे में 38 लोगों की जान गई, जबकि 23 लोग किसी तरह बच पाए।

उत्तरी माली के टिंबक्टू क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है, जहां नाइजर नदी में एक फेरी नाव दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में दर्जनों लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग अब भी सदमे में हैं। यह दुर्घटना गुरुवार को डिरे शहर के पास हुई, जब फेरी नाव नदी किनारे उतरने की कोशिश कर रही थी। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, नाव चट्टानों से टकरा गई और देखते ही देखते नदी में डूब गई। हालांकि प्रशासन ने अभी तक आधिकारिक मौतों की संख्या जारी नहीं की है, लेकिन क्षेत्र के निवासी और पूर्व सांसद अलकैदी तूरे ने बताया कि इस हादसे में 38 लोगों की जान गई, जबकि 23 लोग किसी तरह बच पाए।

स्थानीय निवासी मूसा अग अलमौबारेक ट्राओरे ने बताया कि इस दुर्घटना में उन्होंने अपने 21 परिजनों को खो दिया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर नदी से शव निकालने में मदद की। उन्होंने कहा कि नदी में शव बिखरे पड़े थे, कुछ तो सड़ने भी लगे थे। उनकी गंध अब तक महसूस हो रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नाव में सवार अधिकतर लोग किसान परिवार से थे, जो धान की फसल काटकर लौट रहे थे। सुरक्षा कारणों से रात के समय नावों के किनारे लगने पर प्रतिबंध है, क्योंकि इस क्षेत्र में अल-कायदा से जुड़े आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं।

बताया जा रहा है कि नाव चालक सुबह तक इंतजार नहीं करना चाहता था और उसने दूसरी जगह उतरने की कोशिश की, जहां नाव चट्टानों से टकराकर पलट गई। माली पिछले कई दशकों से आतंकवाद की समस्या से जूझ रहा है। टिंबकटू क्षेत्र में अल-कायदा समर्थित संगठन छ्वह्ढ्ढरू की गतिविधियां लगातार बनी हुई हैं, जिसके चलते सुरक्षा नियम बेहद सख्त हैं। नाइजर नदी में फेरी हादसे पहले भी होते रहे हैं, लेकिन इस दुर्घटना में मानवीय नुकसान असामान्य रूप से ज्यादा बताया जा रहा है। अलकैदी तूरे के अनुसार पूरा टिंबकटू क्षेत्र शोक में है। इस हादसे ने समाज को गहरे रूप से प्रभावित किया है, क्योंकि इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे डूब गए।

## युगांडा में राष्ट्रपति चुनाव से पहले इंटरनेट बंद

**कंपाला।** युगांडा में राष्ट्रपति चुनाव से पहले इंटरनेट पर पाबंदी लगाई जा चुकी है। इसी के साथ जनता को सड़कों पर सैनिक का समना करना पड़ रहा है। ऐसे में अफ्रीकी देश के अंदर निष्पक्ष मतदान बड़ी चुनौती बनता नजर आ रहा है।

अफ्रीकी देश युगांडा में राष्ट्रपति चुनाव होने जा रहे हैं, लेकिन निष्पक्ष मतदान एक बड़ी चुनौती बनती नजर आ रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि गुरुवार (15 जनवरी) को होने वाले मतदान से पहले इंटरनेट पर पाबंदी लगा दी गई है। इसी के साथ सड़कों पर जनता को सैनिकों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे विपक्ष की चिंताएं बढ़ती नजर आ रही है। इस चुनाव में विपक्षी नेता बॉबी वाइन और राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी एक बार फिर आमने-सामने है।

# कनाडा के पीएम का चीन दौरा बेहद खास



**बीजिंग।** अमेरिका और कनाडा करीबी और पारंपरिक सहयोगी रहे हैं। हालांकि अमेरिका के टैरिफ के चलते कनाडा-यूएस संबंध भी इन दिनों तनाव के दौर से गुजर रहे हैं। यही वजह है कि चीन को एक अवसर दिख रहा है। कनाडा के पीएम के चीन दौरे पर जानिए चीन के सरकारी मीडिया में क्या कुछ लिखा जा रहा है।

कनाडा के प्रधानमंत्री बुधवार चीन दौरे पर पहुंच गए। कनाडा के पीएम का चीन दौरा वैश्विक राजनीति में बदलते परिदृश्य का उदाहरण है क्योंकि कई वर्षों के बाद कनाडा के पीएम चीन दौरे पर पहुंचे हैं। वहीं चीन भी इस मौके को भुनाने की ताक में है और उसने कनाडा को उसके करीबी सहयोगी अमेरिका से दूर करने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। चीन के सरकारी मीडिया ने कनाडा की सरकार से अपील की है कि वे अमेरिका से स्वतंत्र विदेश नीति अपनाएं, जिसे रणनीतिक स्वायत्ता कहते हैं।

चीन के सरकारी अखबार चाइना डेली ने अपने एक संपादकीय में लिखा कि %अगर कनाडाई पक्ष पिछले कुछ वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों में आई गिरावट के मूल कारणों पर विचार करती है तो उसे एहसास होगा कि वह चीन से जुड़े मुद्दों को संभालते समय अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए बन सकता है। अगर ओटावा भविष्य में भी अपनी चीन नीति को वॉशिंगटन की मर्जी के हिसाब से चलाता है, तो बीजिंग के साथ रिश्ते सुधारने की उसकी पिछली सारी कोशिशें बेकार हो जाएंगी।

वहीं ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि अमेरिका का बिना सोचे-विचारे सहयोग करने और चीन पर उच्च टैरिफ लगाने के बाद अब लगता है कि कनाडा की रणनीतिक स्वायत्ता की समझ जाग रही है।

हालांकि कनाडा के अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि कार्नी की चीन यात्रा से दोनों देशों के बीच व्यापार मजबूत होने की उम्मीद है, लेकिन इससे कनाडा द्वारा लगाए गए टैरिफ हटेंगे या नहीं ये अभी तय नहीं है।

दरअसल कनाडा, लंबे समय से अमेरिका का करीबी सहयोगी है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक विदेश नीति और टैरिफ के चलते अमेरिका और कनाडा के रिश्तों में भी इन दिनों थोड़ी तल्खी है। ट्रंप ने कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कही है। जो बाइडन के कार्यकाल में अमेरिका ने यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, भारत, कनाडा और अन्य देशों के साथ मिलकर चीन को घेरने की रणनीति बनाई थी। हालांकि अब ट्रंप के समय में अमेरिका जिस तरह से मनमानी कर रहा है, उसमें चीन को अपने लिए अवसर दिख रहे हैं।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का चीन दौरा व्यापार पर फोकस है और कनाडा भी अब अमेरिका से इतर अपने लिए बाजार ढूंढ रहा है और अमेरिका पर अपनी निर्भरता को कम कर रहा है। यही वजह है कि कनाडा और चीन के रिश्ते फिर से बेहतर हो रहे हैं, जो कि जस्टिन ट्रुडो सरकार में खराब थे।

अमेरिका के प्रभाव में ही कनाडा ने चीन की इलेक्ट्रिक कारों पर 100 फीसदी टैरिफ लगा दिया था, जिसके चलते कनाडा और चीन के रिश्ते बेहद खराब हो गए थे। अब फिर से दोनों देश रिश्तों को परिभाषित करने की कोशिशों में जुटे हैं।

## थाईलैंड में क्रेन गिरने के कारण पटरी से उतरी ट्रेन

**थाईलैंड।** थाईलैंड में एक बड़ा रेल हादसा हुआ है। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब बैंकॉक से ट्रेन उत्तर पश्चिमी प्रांत जा रही थी, उसी दौरान एक निर्माणाधीन क्रेन, ट्रेन पर गिर गई, जिससे ट्रेन बेपटरी हो गई। थाईलैंड में एक बड़ा रेल हादसा हुआ है। दरअसल राजधानी बैंकॉक से थाईलैंड के उत्तर पश्चिमी प्रांत जा रही एक ट्रेन पर निर्माणाधीन साइट की क्रेन गिर गई। इसके बाद ट्रेन भी पटरी से उतर गई। इस हादसे में 29 लोगों की मौत हुई है और करीब 30 लोग घायल हैं। ये दुर्घटना बुधवार सुबह थाईलैंड के सिखियो जिले में हुई। यह क्षेत्र राजधानी बैंकॉक से करीब 230 किलोमीटर दूर है। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि हादसे में 22 लोगों की मौत हुई है और 30 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

# अग्निकांड के बाद भवन रखरखाव-सुरक्षा कानूनों में बदलाव की पहल



**हांगकांग।** हांगकांग में आग त्रासदी के बाद सरकार ने बड़े बदलाव की तैयारी की है। भ्रष्टाचार रोकने और इमारतों को सुरक्षित बनाने के लिए नए और सख्त नियम लाए जा रहे हैं। प्रशासन ने भ्रष्टाचार, लापरवाही और निगरानी की कमियों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोका जा सके।

हांगकांग में हुई आग त्रासदी के बाद अधिकारियों ने बुधवार को इमारतों की मरम्मत और आग से सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने का प्रस्ताव दिया है। यह फैसला नवंबर में लगी भीषण आग के बाद लिया गया है। उस हादसे में कम से कम 161 लोगों की जान गई थी और हजारों लोग बेघर हो गए थे।

एक अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स के सात टावरों में फैली इस आग ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इमारतों की मरम्मत में भ्रष्टाचार, लापरवाही और सरकारी निगरानी में कमी की बात सामने आई है। इससे हांगकांग के नेता जॉन ली और बीजिंग की शासन प्रणाली पर दबाव बढ़ गया है। नई चुनी गई विधायिका की पहली बैठक में जॉन ली ने कहा कि इस घटना ने सुधार की जरूरत को उजागर किया है। उन्होंने वादा किया कि पुलिस और एक जज की अध्यक्षता वाली स्वतंत्र समिति इसकी पूरी जांच करेगी। ली ने कहा, ÷हम निष्पक्ष रूप से जवाबदेही तय करेंगे। तथ्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। चाहे वे सरकार के अंदर हों या बाहर, जूनियर हों या सीनियर, किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

इसके साथ ही बोली में धांधली रोकने के लिए प्रशासन ने नया तरीका सुझाया है। अब %अर्बन रिन्यूअल अथॉरिटी घर मालिकों को ठेकेदार चुनने में मदद करेगी। अधिकारियों ने सलाहकारों और ठेकेदारों की एक लिस्ट बनाने की योजना बनाई है। यह लिस्ट उनके काम की जांच और पुराने रिकॉर्ड के आधार पर बनेगी। अथॉरिटी घर मालिकों को टेंडर और बोली लगाने की प्रक्रिया में भी मदद करेगी।

सरकार ने बड़े मरम्मत कामों की निगरानी के लिए किसी तीसरे पक्ष के पेशेवर को रखना जरूरी बताया है। आग बुझाने वाले उपकरणों को बंद करने से पहले फायर डिपार्टमेंट की मंजूरी लेनी होगी। साथ ही, किसी भी निर्माण स्थल पर धूम्रपान पर पूरी तरह रोक लगाने का सुझाव दिया गया है। धूम्रपान पर रोक से जुड़े कानून में बदलाव के प्रस्ताव अगले कुछ हफ्तों में समीक्षा के लिए पेश किए जाएंगे। अधिकारी अभी अन्य सुझावों पर अर्बन रिन्यूअल अथॉरिटी के साथ चर्चा कर रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि वांग फुक कोर्ट अपार्टमेंट में मरम्मत के दौरान घटिया जाली और फोम बोर्ड का इस्तेमाल हुआ था। यही नवंबर में लगी आग का कारण बना। उन्होंने यह भी माना कि कुछ फायर अलार्म जांच के समय काम नहीं कर रहे थे।

राजनीतिक विश्लेषकों को चिंता है कि यह त्रासदी हांगकांग में सिर्फ एक शुरुआत हो सकती है। ऊंची इमारतों वाले इस शहर में बोली में धांधली और खराब सामग्री के इस्तेमाल का शक है। लोगों को डर है कि ऐसी आपदा दोबारा हो सकती है।

# स्पेन में 150 वर्षों में पहली बार कोई महारानी करेगी राज

**मैड्रिड।** स्पेन की 20 वर्षीय राजकुमारी लियोनोर, देश की अगली महारानी बनेंगी। किंग फेलिप और रानी लेटिजिया की बड़ी बेटी राजकुमारी लियोनोर एक प्रशिक्षित पायलट हैं और कई भाषाओं की जानकार हैं। स्पेन में 150 वर्षों के बाद किसी महारानी का राज होगा।

स्पेन में एक इतिहास रचने की तैयारी हो रही है। दरअसल 150 वर्षों में पहली बार वहां एक महारानी का राज होगा। स्पेन के राजा किंग फेलिप छठे और रानी लेटीजिया की 20 साल की बेटी राजकुमारी लियोनोर स्पेन की पहली रानी बनेंगी। इससे पहले 1800 सदी में इसाबेला द्वितीय स्पेन की महारानी बनीं थीं। 20 साल की राजकुमारी प्रिंसेस लियोनोर, स्पेन के राजा किंग फेलिप छठे और रानी लेटीजिया की बड़ी बेटी हैं। स्पेनिश राजशाही पर 1700 के दशक की शुरुआत से बॉर्बन राजवंश का कब्जा रहा है।





बॉर्बन राजवंश ने उत्तराधिकारी की लड़ाई में हैब्सबर्ग्स को हराया था।

जनरल फ्रेंको की तानाशाही खत्म होने के बाद साल 1975 में किंग जुआन कार्लोस प्रथम के साथ स्पेन में फिर से राजशाही बहाल हुई। किंग जुआन कार्लोस प्रथम ने स्पेन में लोकतंत्र में बदलने में अहम भूमिका निभाई। साल 2014 में किंग कार्लोस ने गद्दी छोड़ दी और सिंहासन अपने बेटे फेलिप को सौंप दिया। अब किंग फेलिप के बाद राजकुमारी लियोनोर स्पेन की सत्ता संभालेंगी। राजकुमारी लियोनोर ने वेल्स के अटलांटिक कॉलेज से उच्च शिक्षा हासिल की है। साथ ही वे स्पेन की सेना, नौसेना और वायुसेना में भी ट्रेनिंग पूरी कर चुकी हैं, जो स्पेन के राजघराने के सदस्यों को करनी अनिवार्य होती है। राजकुमारी लियोनोर स्पेनिश और फ्रेंच समेत इंग्लिश, मंदारिन, अरबी आदि भाषाएं बोल सकती हैं। साथ ही वे एक प्रशिक्षित पायलट हैं।

# कबड्डी व रस्साकशी सीनियर वर्ग बालिकाओं में येलो हाउस रही अव्वल



- बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रबंधक ने प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर किया सम्मानित
- चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम दिन येलो हाउस का रहा दबदबा

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)।** सिटी पब्लिक स्कूल में बुधवार को चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता ने झंडारोहण कर किया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से लेकर 12 तक के छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन येलो हाउस का दबदबा रहा। खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम दिन खिलाड़ियों ने कबड्डी, खो खो, रस्साकसी व वॉलीबॉल में चार हाउस ने हिस्सा लिया। कबड्डी सीनियर वर्ग बालिकाओं में रेड व येलो हाउस के बीच शानदार मुकाबला हुआ। 4पॉइंट से येलो हाउस ने रेड हाउस को हराया। कबड्डी जूनियर वर्ग बालिकाओं में कक्षा 7 से 10 ब्लू हाउस ने चार पॉइंट से रेड हाउस को हराया। कबड्डी जूनियर वर्ग बालिकाओं में कक्षा 4 से 6 ब्लू व येलो तथा बालिका कक्षा 7 से 10 रेड व ब्लू के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ। जिसमें बालिकाओं में येलो तथा बालिका में ब्लू हाउस ने बाजी मारी। वॉलीबॉल प्रतियोगिता कक्षा 7 से 10 रेड व ग्रीन हाउस के बीच तथा कक्षा 9 से 12 तक रेड व येलो बीच हुआ। खो खो प्रतियोगिता बालक व बालिका दोनों वर्गों में ब्लू व ग्रीन हाउस की टीम अव्वल रही। रस्साकसी सीनियर वर्ग बालिकाओं व बालकों में येलो हाउस अव्वल रहा। रस्साकसी जूनियर वर्ग बालिकाओं में रेड व ग्रीन तथा बालकों में ब्लू व येलो के बीच शानदार मुकाबला हुआ जिसमें बालिकाओं में ग्रीन तथा बालकों में येलो हाउस अव्वल रहा।उत्कृष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में जानवी, अदविका दूबे, ओशिका, सोनाक्षी, आयुषी, शिवम, अनुपम, सिद्धी, अर्पित व किशन व रूकसार आदि को प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता व आदित्य गुप्ता ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। रेफरी की भूमिका अभिषेक सिंह नीरज मिश्रा व कमलेश मिश्रा व कोच रंजीत गुप्ता ने निभाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्रा, शिवचंद तिवारी, अभिषेक तिवारी, सुभाष मिश्रा, दुर्गा दुर्गा, काजल, बबीता, मधु, हीना, जया गुप्ता, पल्लवी, सपना, प्रगति, प्रज्ञा सिंह व इंद्रजीत आदि लोगों ने खेल को सम्पन्न कराने में सहयोग किया।

# स्वामी विवेकानंद ने सामाजिक सुधारों में अविस्मरणीय योगदान दिया



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर नेहा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में विविध कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को राष्ट्रसूत्र में पिरोया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गिरिजाघर चौराहा स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद शिवम पूर्व माध्यमिक विद्यालय मड़या में एक विचार गोष्ठी पूर्व पालिकाध्यक्ष श्रीमती इंदिरा देवी जायसवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि समाजसेवी हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव, प्रबंधक फौजदार सिंह, संजय कुमार सिंह ने स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष पुष्पाजंलि और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। संचालन वरिष्ठ साहित्यकार प्रभुनारायण पांडेय प्रेमी ने किया। स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता देवमणि त्रिपाठी अंगार ने बताया कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक है। धार्मिक कवि पंडित सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद व्यक्ति नहीं विचार हैं। उन्होंने भारत की सनातन संस्कृति का परचम पूरे विश्व में फैलाया और सामाजिक सुधारों के मामले में अविस्मरणीय योगदान दिया। कवि और साहित्यकार संजय कुमार पांडेय सरस ने विवेकानंद को युग पुरुष और युवाओं का प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि आज इनके विचारों की प्रासंगिकता बढ़ गयी है। सोसाइटी द्वारा जरूरतमंदों में कंबल वितरित किया गया। आंगतुकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम संयोजक रवि कुमार जायसवाल व अध्यक्ष सुरेश चंद्र जायसवाल ने संयुक्त रूप से स्वामी जी के जीवन को आदर्श पाठ बताया और उनके आदर्शो पर चलकर ही श्रेष्ठ भारत का निर्माण करने का संकल्प दिलाया।

# चाइनीज मांझे के चपेट आने से एक डॉक्टर की मौत

**जौनपुर।** जिले में चाइनीज मांझे की चपेट में आकर एक डॉक्टर की दर्दनाक मौत से जिले में सनसनी फैल गई। यह हादसा लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पचहटिया गांव के पास प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के सामने हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। केराकत कोतवाली क्षेत्र निवासी डॉ. मोहम्मद शमीर के रूप में हुई है, जो ह फिजियो थेरेपी और निजी प्रैक्टिस करते थे। पिता अनुसार, डॉ. शमीर आज सुबह बाइक से जौनपुर मुख्यालय किसी डॉक्टर से मिलने आए थे। वापस लौटते समय प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के पास अचानक सड़क पर फैले चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए, जिससे उनकी गर्दन बुरी तरह कट गई। प्रत्यक्षदर्शी प्रदीप कुमार मौर्या ने बताया कि वह अपने बच्चे की फीस जमा कर स्कूल से बाहर निकले ही थे कि अचानक सड़क पर एक बाइक सवार गिर पड़ा। पास जाकर देखा तो उसकी गर्दन कटी हुई थी। मौके पर मौजूद ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने तत्काल एंबुलेंस बुलवाकर घायल को जिला अस्पताल भिजवाया। सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता ने बताया कि पुलिस द्वारा चाइनीज मांझे पर पूरी तरह रोक लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन ऑनलाइन मार्केटिंग के चलते इसकी बिक्री पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आरसेटी प्रशिक्षित उद्यमियों का सम्मान

- ग्रामीण उद्यमियों को मिला प्रोत्साहन
- डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण का समापन
- 35 प्रशिक्षणार्थियों को मिले प्रमाण पत्र
- आरसेटी में सफल उद्यमियों का सम्मान समारोह

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** निदेशक बी.ओ.आई. आरसेटी ने बैंक ऑफ इण्डिया के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में आर.सेटी प्रशिक्षित उद्यमियों के सफल पूर्व उम्मीदवारों का संघ कार्यक्रम समारोह आयोजित किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, डी.सी.एन.आर.एल.एम. शौकत अली एवं जिला अग्रणी प्रबन्धक रामचन्द्र साह ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्य विकास अधिकारी ने 14 सफल पूर्व उम्मीदवारों को उपहार देकर सम्मानित किया डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह 35 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये, उन्होने प्रशिक्षणार्थियों का परिचय लेते हुए उन्हें मार्केटनिंग के कई तरीके बताए जिससे ऑनलाइन मार्केटनिंग का एक विकल्प अच्छा है। उन्होने सरकार की तरफ से आर्थिक मदद के तौर पर विभिन्न योजनाओ के बारे में बताया, मुख्यमंत्री युवा उद्यमि विकास अभियान के बारे में भी जानकारी दी, जिसे लेकर व्यक्ति अपना कार्य आसानी से बढ़ा सकता है, प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दी और उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम समारोह में आरसेटी निदेशक सुरेन्द्र यादव ने बताया कि आरसेटी में सभी प्रकार का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाता है, इस अवसर पर आरसेटी फैकल्टी अवनेश कुमार यादव, फैकल्टी शिवदीप सिंह, ऑफिस असिस्टेंट सोमेश प्रताप सिंह, सुमित यादव तथा गिरन्द सिंह आदि उपस्थित रहे।

## शास्त्र की रक्षा करने के लिए, शस्त्र की नितांत आवश्यकता : कौशल किशोर



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** माघ मेले में मकर संक्रांति पर्व के दिन रामानंद मार्ग पर कोलहू नाथ खालसा के शिविर में मानस मधुकर कौशल किशोर महाराज ने श्री राम कथा सुनाते हुए कहा कि आज के समय में शास्त्र की रक्षा करने के लिए, शस्त्र की नितांत आवश्यकता है। क्योंकि हमारे भगवान भी शस्त्र हाथ में लेकर के सजग रहते हैं कि कोई दानव यदि अपनी दानवता पूर्ण कृत्य करता है। शस्त्र के द्वारा उसको दंड दे करके और धरा धाम पर संस्कृति की स्थापना करते हैं।कौशल किशोर महाराज ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरती पर लगने वाले महाकुंभ और माघ मेले में पुण्य का लाभ कमाने के लिए देश-विदेश के साथ तमाम जिलों से लोग कल्पवास करने आते हैं। और भगवान राम का नाम जपते हुए सुख समृद्धि प्राप्त करते हैं।

## सतुआ बाबा के काफिले में करोड़ों की गाड़ी



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** माघ मेला में कई संत और महात्मा भी आए हुए हैं। इनमें से कुछ सांसारिक मोह माया से दूर हैं तो कुछ ऐसे भी है जिनके ठाठ-बाठ किसी रईसों से कम नहीं है। इस बीच संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा काफी चर्चा में हैं। बताया जाता है? कि सतुआ बाबा के पास लग्जरी गाड़ियों का काफिला है। उनके पास लैंड रोवर की डिफेंडर समेत कई अन्य करोड़ों की गाड़ियां हैं। इस बीच उनके इस लग्जरी काफिले में पोर्शे कार भी शामिल हो गई है। जिसकी कीमत 3 करोड़ से अधिक है। सतुआ बाबा ने माघ मेला शिविर में इस कार का विधि-विधान के साथ पूजन किया। इस दौरान उनके साथ अन्य साधु-संत भी मौजूद रहे। वहीं, कुछ लोग उन्हें माला पहनाकर उनका आदर सत्कार किया। माघ मेले में उनकी कार आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वहीं, कार के पूजन का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## फिल्म अभिनेता राजपाल यादव ने संगम में लगाई डुबकी



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** जाने माने फिल्म अभिनेता और हास्य कलाकार राजपाल यादव बुधवार को माघ मेले में पहुंचे। उन्होंने षटतिला एकादशी पर संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी के शिविर में पहुंचकर पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजा अर्चन किया। राजपाल यादव ने कि उनके जीवन के निर्देशक दद्दा जी ही हैं। दद्दाजी ने उनके जीवन को बदल दिया। आज सनातन धर्म का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। दद्दाजी ने एक बात सिखाई थी कि देश में रहो या विश्व के किसी कोने में रहो अपना धर्म हमेशा याद रखो। राजपाल यादव ने कहा कि दद्दाजी ने जो आचरण, व्यवहार और संस्कार सिखाया है उससे जीवन बदल गया है। दद्दाजी पुत्र के समान स्नेह देते थे। मैं भी दद्दाजी को गुरु और पिता के समान प्यार करता था। मैं हर जन्म में दद्दा जी का आशीर्वाद पाना चाहता हूं। कहा कि माघ मेला में अमीर, गरीब, संत, महात्मा, योगी, संन्यासी, नागा, फकीर सबके दर्शन होते हैं। कहा कि यहां पर कोई किसी को जानता और पहचानता नहीं। सब एक दूसरे की सेवा और सहायता के लिए तत्पर हैं। हर ओर पूजन अर्चन और धार्मिक कार्य हो रहे हैं। यहां आने पर असीम सुख की अनुभूति होती है। यहां पर महापुरुषों का दर्शन होता है, जो लोगों को जीवन जीने की सीख देते हैं।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाने व 21 लाख की धनराशि हड़पने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर/आजमगढ़।** पूर्व की घटना वादिनी थाना मुबारकपुर द्वारा थाना पर उपस्थित होकर तहरीर दी गई कि अभियुक्त सुरेन्द्र यादव पुत्र गुलाब यादव, निवासी ग्राम बद्दोपुर मातनपुर, थाना कन्धरापुर, जनपद आज़मगढ़ द्वारा शादी का झांसा देकर वादिनी के साथ शारीरिक सम्बन्ध स्थापित किया गया तथा जमीन खरीदने के नाम पर वादिनी के खाते से किस्तों में कुल 21,00,000/- (इक्कीस लाख रुपये) निकलवा लिए गए। बाद में जमीन लिखवाने की बात कहने पर अभियुक्त द्वारा गाली-गलौज, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त तहरीर के आधार पर थाना मुबारकपुर पर मु0अ0सं0 15/26, धारा 69, 316 (2), 115(2), 352, 351(3) बीएनएस बनाम सुरेन्द्र यादव पंजीकृत किया गया। उ0नि0 मुरारी मिश्र मय हमराह थाना हाजा से रवाना होकर देखभाल क्षेत्र एवं वांछित अभियुक्त की तलाश में मामूर थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि उपरोक्त मुकदमे का वांछित अभियुक्त सुरेन्द्र यादव अपने घर में मौजूद है तथा फरार होने की फिराक में है। सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर पहुँचकर अभियुक्त को मौके से आवश्यक बल प्रयोग करते हुए गिरफ्तार किया गया। नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम सुरेन्द्र यादव पुत्र गुलाब यादव, उम्र लगभग 36 वर्ष, निवासी ग्राम बद्दोपुर (मातनपुर), थाना कन्धरापुर, जनपद आज़मगढ़ बताया। अभियुक्त को मुकदमा उपरोक्त में वांछित होने की जानकारी देते हुए कारण गिरफ्तारी बताते हुए पुलिस हिरासत में लिया गया। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## पारिवारिक विवाद/ मारपीट में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मृत्यु



**मुबारकपुर/आजमगढ़।** आज रात्रि सूचना प्राप्त हुई कि थाना मुबारकपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अमिलो निवासी मोहम्मद ताहिर पुत्र हाफिजुर रहमान एवं उनकी पत्नी शबाना खातून के साथ संपत्ति विवाद को लेकर उनके परिजनों मोहम्मद आमिर, कासिफ कमर, मोहम्मद सलीम, रेहाना खातून, नसीमा बानो तथा बहनोई दानिश आदि द्वारा मारपीट की गई। घटना में मोहम्मद ताहिर एवं शबाना खातून को हाथ, पैर व सिर में गंभीर चोटें आई, जिन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय आज़मगढ़ भेजा गया, जहाँ इलाज के दौरान आज प्रातः मोहम्मद ताहिर (उम्र लगभग 32 वर्ष) की मृत्यु हो गई। उल्लेखनीय है कि पूर्व में शबाना खातून द्वारा अपने ससुराल पक्ष के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसके उपरांत मोहम्मद ताहिर को उनके पिता द्वारा संपत्ति से बेदखल कर दिया गया था। इसी संपत्ति विवाद को लेकर दोनों पक्षों के मध्य आपसी विवाद उत्पन्न हुआ, जो उक्त घटना का कारण बना।

## डॉ. श्रवण कुमार ने अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन की वार्षिक बैठक में पीयू का किया प्रतिनिधित्व



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह 'रज्जू भैया' शोध संस्थान के भू एवं ग्रहीय विज्ञान विभाग में कार्यरत डॉ. श्रवण कुमार ने अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स, लुइसियाना में 15 से 19 दिसंबर 2025 तक आयोजित प्रतिष्ठित अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन (AG-2025) की वार्षिक बैठक में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर गौरवान्वित किया। डॉ. श्रवण कुमार की उत्कृष्ट शोध क्षमता एवं वैश्विक योगदान को मान्यता देते हुए भारत सरकार की नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (NRF) ने उन्हें इंटरनेशनल ट्रैवल सपोर्ट प्रदान किया। यह उपलब्धि उनके एटमॉस्फेरिक एरोसोल एवं क्लाइमेट चेंज संबंधी महत्वपूर्ण शोध कार्य को अंतरराष्ट्रीय मंच पर रेखांकित करती है। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने डॉ. श्रवण कुमार को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, यह सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत शोध की पहचान है, बल्कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के लिए वैश्विक स्तर पर गर्व का विषय है। यह उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाली मील का पत्थर है। रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद यादव सहित संस्थान के समस्त प्राध्यापकों ने इस उपलब्धि पर डॉ. श्रवण कुमार को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे शोध विस्तार एवं अंतरराष्ट्रीय अकादमिक सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## उत्तर प्रदेश पर्व- हमारी संस्कृति, हमारी पहचान

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश के गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा को विश्व पटल पर अंकित करने और ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने हेतु जिला प्रशासन और जिला पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के समन्वय से संस्कृति उत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया जाना है। प्रमुख आकर्षण- शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय संगीत, गायन, वादन और नृत्य की समृद्धि विधाएं, लोक संगीत एवं लोकनाट्य, आपके आंचल की पारंपरिक कलाओं का सम्मान। मंच और पहचान- कलाकारों को योग्यता अनुसार उचित मंच और सम्मान। परंपरा का संरक्षण- लुप्त होती विधाओं और संगीत विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास। अपनी कला प्रतिभा को नेपथ्य से बाहर लाएं और प्रदेश का मान बढ़ाएं। प्रतियोगिता श्रेणी- आयु सीमा किशोर वर्ग 14 वर्ष से 20 वर्ष तक तथा युवा वर्ग 21 वर्ष से 25 वर्ष तक पंजीकरण एवं संपर्क https://upsanskriti com/utsav-login तथा जिला सूचना कार्यालय दोनों माध्यम से स्वीकार्य।

# माघ मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

- वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से लगी रोक



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** बुधवार को एकादशी पर संगम तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दोपहर बाद स्नान का योग होने के कारण बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने बुधवार को भी डुबकी लगाई। मकर संक्रांति स्नान के लिए संगम तट पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। बुधवार सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी हो गया है। माघ मेले तक आने वाले सभी मार्गों पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों का संचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। एंट्री प्वॉइंट पर ही वाहनों को रोक दिया जा रहा है। मेले के बाहर बनाए गए पार्किंग में वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। मेले में पुलिस और सुरक्षा बलों की सक्रियता बढ़ गई है।

एटीएस के साथ पैरामिलिट्री के लोग संगम समेत सभी घाटों पर निगरानी कर रहे हैं। संगम वॉच टॉवर से पूरे मेला क्षेत्र और स्नान घाटों की निगरानी की जा रही है। श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का क्रम जारी है। बुधवार को दोपहर बाद से ही सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के कारण आज भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। फिल्म अभनेता राजपाल यादव ने भी संगम में डुबकी लगाई।

### जल पुलिस और एनडीआरएफ सक्रिय

माघ मेले में एकादशी और मकर संक्रांति पर उमड़ी भीड़ के मद्देनजर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के साथ जल पुलिस टीमें सक्रिय हो गई हैं। घाटों की लगातार निगरानी की जा रही है। घाटों पर गहराई वाले स्थानों को चिन्हित कर संकेतक लगाए गए हैं। घाटों को तैयार करने का कार्य बुधवार को दिन भर चलता रहा।

### एंट्री प्वॉइंट पर रोके गए वाहन

प्रयागराज। बुधवार को मकर संक्रांति की भीड़ बढ़ने के बाद वाहनों का प्रवेश मेले में पूरी तरह से रोक दिया गया। सभी मार्गों पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रही। जौनपुर, लखनऊ, प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी, अयोध्या, मध्य प्रदेश, कानपुर मार्ग पर वाहनों के लिए पार्किंग बनाए गए हैं। मेले में वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से रोक दिया गया है।


## कार्यालय नगर निगम फिरोजाबाद

नगर निगम फिरोजाबाद

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

पत्रांक : 143/सा0प्र0/एस0वी0एम0/2024-25 दिनांक- 12/01/2026

**-: अधिसूचना :-**

स्वच्छ ट्यूलिप के माध्यम से स्वच्छता और सफाई गतिविधियों में युवाओं की भागीदारी को प्रभावी ढंग से प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में नगर निगम फिरोजाबाद में द अर्बन लर्निंग इंटर्नशिप प्रोग्राम (TULIP) के अंतर्गत 04 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। द अर्वन लर्निंग इंटर्नशिप प्रोग्राम (TULIP) के तहत 04 माह का प्रशिक्षण हेतु दिनांक 16/01/2026 से 24/01/2026 तक TULIP पोर्टल https://internship.aicte-india.org पर आवेदन किये जा सकते है।

**आवेदन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश :-**

- केवल भारतीय नागरिकों में से ऐसे आवेदकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने स्नातक अथवा समकक्ष (डिग्री/डिप्लोमा/अन्य शैक्षिक योग्यता) की परीक्षा उत्तीर्ण की हो तथा जिनके परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से नगर निगम द्वारा इंटर्नशिप हेतु जारी अधिसूचना की तिथि तक की अवधि 36 माह से अधिक न हो।
- आवेदन केवल https://internship.aicte-india.org के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेगें, अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
- प्रशिक्षण अवधि प्रशिक्षण प्रारंभ होने की तिथि से 04 माह की होगी।
- प्रशिक्षण अवधि के दौरान किसी भी प्रशिक्षु को किसी प्रकार का मानदेय/यात्रा भत्ता/अन्य भत्ता देय नहीं होगा।
- उक्त प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत प्रशिक्षु को यह अधिकार नहीं होगा कि वह प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से नगर निगम फिरोजाबाद में रोजगार प्राप्त करने का कोई दावा करे।
- यदि 10 से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो शैक्षिक योग्यता में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले इंटर्नों का चयन किया जाएगा।
- नगर निगम फिरोजाबाद को बिना कोई कारण बताए कभी इंटर्नशिप प्रोग्राम को निरस्त करने का अधिकार होगा।
- आवेदन से संबंधित अन्य जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र-7088118012 अथवा स्वच्छ भारत मिशन कार्यालय, पता-सुभाष तिराहा, बस स्टैण्ड, आगरा गेट, रैन बसेरा के निकट, फिरोजाबाद में संपर्क किया जा सकता है।
- नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा संचालित कार्यों एवं स्वच्छता क्षेत्र से संबंधित गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा तथा इंटर्नशिप प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

**अधिशासी अभियंता (निर्माण) /नोडल अधिकारी एस.बी.एम. नगर निगम, फिरोजाबाद।**


# संस्कृति उत्सव में उभरी ग्रामीण प्रतिभाएं

- सांस्कृतिक मंच से युवाओं को मिला सम्मान
- हमारी संस्कृति हमारी पहचान उत्सव संपन्न
- जनपद स्तरीय संस्कृति उत्सव में विजेता सम्मानित
- युवाओं की प्रतिभा को निखारने का माध्यम बना संस्कृति उत्सव



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश संस्कृति उत्सव पर हमारी संस्कृति-हमारी पहचान के अंतर्गत एस.बी.आर.एल. एकेडमी में आयोजित जनपद स्तरीय संस्कृति उत्सव के अंतर्गत आयोजित एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य, वादन प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक उत्सव में विभिन्न विधाओं में मोहक प्रस्तुति देने वाले युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं, इन्हें मंच उपलब्ध कराकर इनकी प्रतिभा को निखारने की आवश्यकता है, आज जिन युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये हैं, वह प्रशंसनीय हैं। उन्होने कहा कि सांस्कृतिक उत्सव का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराकर उन्हें भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मुहैया कराना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में काफी हुनर है लेकिन संसाधनों के अभाव, सुविधाओं की कमी के कारण उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर नहीं मिल पाता, ऐसे सभी कलाकारों, बच्चों के लिए जनपद की प्रत्येक तहसील में मंच मुहैया कराने का कार्य सांस्कृतिक उत्सव के दौरान हुआ, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विधाओं के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला, उन्हीं प्रतिभाओं में से चयनित कलाकारों को आज जनपद स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है, जनपद स्तर पर चयनित कलाकार मंडल स्तर पर अपने हुनर का प्रदर्शन कर सकेंगे, मंडल स्तर से चयनित कलाकारों को प्रदेश मुख्यालय पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने कहा कि हमारी संस्कृति-हमारी पहचान के तहत प्रत्येक ब्लॉक, तहसील में कार्यक्रम आयोजित कराकर विभिन्न विधाओं के कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर जिलास्तर पर प्रदान किया गया, नृत्य, समूह नृत्य, एकल गायन, एकल वादन, समूह गायन, समूह वादन आदि विधाओं में प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। उन्होने कहा कि जनपद के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं, यहां के युवाओं ने हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन किया है, सांस्कृतिक गतिविधियों में भी जनपद के विभिन्न विद्यालयों में अध्यनरत् छात्र-छात्राओं ने समय-समय पर मोहक प्रस्तुति दी है। जूनियर वर्ग के एकल नृत्य में अंशिका को प्रथम, वंशिका को द्वितीय, इशिका शाक्य को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ जबकि सीनियर वर्ग के एकल गायन मे सोम्यता शाक्य को प्रथम, गारगी को द्वितीय, करन को तृतीय, जूनियर वर्ग गायन में माधुरी को प्रथम, क्रष्टि सक्सैना को द्वितीय, वैष्णवी को तृतीय, सीनियर वर्ग में आफताब अली को प्रथम, सौम्यता, नीशू को द्वितीय, अल्तमश को तृतीय, ग्रुप डांस में पल्लवी एंड कम्पनी को प्रथम, दीक्षा एंड कम्पनी को द्वितीय, चंचल एंड कम्पनी को तृतीय, ग्रुप गायन में अभिनव कुमार एंड कम्पनी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस दौरान पूर्व विधायक अशोक सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान, विद्यालय के प्रबंध निदेशक अनुपम गुप्ता के अलावा उपायुक्त एन.आर.एल.एम. शौकत अली, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. सत्येंद्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा, प्रधानाचार्या सुमन यादव, सुलक्षणा शर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी अल्का मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# एयरबीएनबी पर मिलेगा सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ मुंबई को लोकल्स की तरह महसूस करने का मौका

## इस एक्सपीरियंस के लिए 19 जनवरी को सुबह 11 बजे से शुरू होगी बुकिंग

**नई दिल्ली।** भारत में जेन जेड के ट्रैवल पर म्यूजिक का गहरा असर दिख रहा है। 2026 में 77 प्रतिशत जेन जेड ने अपनी ट्रिप्स को कंसर्ट और फेस्टिवल्स के हिसाब से प्लान किया है। इसी रुझान को देखते हुए, एयरबीएनबी इन प्रशंसकों को उनकी पसंदीदा दुनिया के और करीब ला रही है। लोलापालूजा के साथ अपनी ग्लोबल लाइव म्यूजिक पार्टनरशिप के तहत एयरबीएनबी ने अभिनेता संगीतकार और सांस्कृतिक आवाज बन चुके सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ 'लोला इंडिया लाइक ए लोकल' की मेजबानी करने के लिए साझेदारी की है। यह मुंबई में एयरबीएनबी का एक्सक्लूसिव ओरिजिनल एक्सपीरियंस है। एक खास और वन्स-इन-ए-लाइफटाइम एक्सपीरियंस के रूप में डिजाइन किए गए इस आयोजन से मेहमानों को उस शहर को करीब से जानने का मौका मिलेगा,जिसने सिद्धांत की पहचान बनाई है। उन्हें यहां सिद्धांत की पसंदीदा जगहों, खानपान, म्यूजिक और क्रिएटिव स्पेस को देखने का मौका मिलेगा। और फिर लोलापलूजा इंडिया के साथ दिन के आखिर में वह इस सफर के जादू को महसूस कर सकेंगे। इस गठजोड़ के केंद्र में है मुंबई गाइडबुक। यह डिजिटल सिटी गाइड है, जिसे सिद्धांत चतुर्वेदी ने क्यूरेट किया है खास लोलापलूजा इंडिया 2026 के दौरान मुंबई आने वाले ट्रैवलर्स के लिए। उन्हें प्रेरित करने वाले शहर को ध्यान में रखकर तैयार गाइडबुक में सिद्धांत की पसंदीदा जगहों, लोकल स्पॉट्स और एयरबीएनबी की चुनिंदा ठहरने की जगहों को शामिल किया गया है, जिनसे शहर का असली रंग निखरकर सामने आता है। भारत में 76 प्रतिशत जेन जेड ट्रैवलर्स का कहना है कि वह पहली बार किसी कंसर्ट या फेस्टिवल की वजह से ही इस शहर में आए हैं। ऐसे में यह गाइडबुक उनकी उत्सुकता को शांत करती है और उन्हें अपने ट्रिप को बढ़ाने और मुंबई को किसी लोकल की तरह महसूस करने का मौका देती है। सिर्फ चार मेहमानों को इस गाइड के करीब से जीने का मौका मिलेगा। एक ऐसे समय में जहां ज्यादातर भारतीय डिस्कवरी और रेयर मूमेंट्स के लिए ट्रैवल करने निकलते हैं, इस खास आयोजन के माध्यम से उन्हें इस गाइड में दी गई रिकमेंडेशन को रियल मूमेंट, स्टोरीज और शेयर्ड एक्सपीरियंस में बदलने का मौका मिलेगा। 62 प्रतिशत जेन जेड ट्रैवलर्स का कहना है कि किसी नए शहर को जानना ही उन्हें ट्रैवल करने के लिए सबसे ज्यादा प्रोत्साहित करता है। वहीं 55 प्रतिशत ट्रैवलर्स वन्स-इन-ए-लाइफटाइम एक्सपीरियंस के लिए ट्रैवल करते हैं।* म्यूजिक इवेंट के लिए ट्रैवलिंग करते हुए मेहमान वही करते हुए दिन बिताएंगे, जो वह चाहते हैं। यहां उन्हें सिद्धांत के पसंदीदा लोकल फूड जॉइंट पर खाने का मौका मिलेगा। इसके बाद बांद्रा के ऐतिहासिक रनवार विलेज में उन्हें एक क्यूरेटेड हेरिटेज वॉक कराया जाएगा। इसके बाद सिद्धांत की एक परफॉर्मेंस के साथ इसका जोश बढ़ेगा, जिसमें सिद्धांत इस शहर से प्रेरित अपना ओरिजिनल ट्रैक परफॉर्म करेंगे। फिर मेहमान म्यूजिक और एनर्जी में डूबने के लिए लोलापलूजा इंडिया की ओर कदम बढ़ाएंगे। सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा, 'मुंबई ने मेरी हर चीज को आकार दिया है - मेरे म्यूजिक से लेकर उन जगहों को जहां मैं बार-बार वापस जाता हूं। एयरबीएनबी पर इस एक्सपीरियंस को होस्ट करना और उनके साथ मुंबई गाइडबुक बनाना, मेहमानों का स्वागत करने का मेरा तरीका है।

# थोक महंगाई दर आठ महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** दिसंबर 2025 में भारत की थोक मुद्रास्फीति आठ महीने के उच्च स्तर 0.83% पर पहुंच गई है। विनिर्माण और खाद्य उत्पादों की कीमतों में आए बदलावों और आरबीआई की मौद्रिक नीति के प्रभाव पर पढ़ें विस्तृत बिजनेस रिपोर्ट।

भारत की थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में दिसंबर 2025 के दौरान उल्लेखनीय उछाल दर्ज किया गया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, थोक मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 0.83% पर पहुंच गई, जो पिछले आठ महीनों का उच्चतम स्तर है। यह वृद्धि नवंबर में दर्ज किए गए 0.32त्न के संकुचन के बाद आई है, जो बाजार विशेषज्ञों की 0.30% की उम्मीदों से काफी अधिक है।

दिसंबर में थोक मुद्रास्फीति के सकारात्मक क्षेत्र में आने का मुख्य कारण विनिर्माण, खनिजों और खाद्य उत्पादों की कीमतों में हुआ बदलाव है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, खाने-पीने के चीजों की कीमतों में इजाफा दिख रहा है। विनिर्मित उत्पाद- इस श्रेणी में मुद्रास्फीति नवंबर के 1.33त्न से बढ़कर दिसंबर में 1.82% हो गई। इसमें मशीनरी, उपकरण, कपड़ा और अन्य विनिर्माण क्षेत्रों का प्रमुख योगदान रहा।

खाद्य मुद्रास्फीति- नवंबर में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 2.60% की गिरावट देखी गई थी, लेकिन दिसंबर में यह शून्य (0.00%) पर स्थिर रही, जिससे समग्र सूचकांक को समर्थन मिला। खाद्य क्षेत्र में डिफ्लेशन (कीमतों में गिरावट) के कम होने से मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ा है। हालांकि सब्जियों की कीमतों में साल-दर-साल आधार पर 3.5% की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन यह नवंबर में हुई 20.23% की भारी गिरावट की तुलना में काफी कम है। प्याज की कीमतों में गिरावट जारी रही, लेकिन इसकी गति 64.70% (नवंबर) से घटकर 54.40% (दिसंबर) रह गई। आलू की कीमतों में 38.21% और दालों में 13.88% का संकुचन देखा गया।

### एसरी इंडिया और टेरी एसएएस ने जियोस्पैटियल शिक्षा और अनुसंधान को गति देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

**नई दिल्ली।** भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) टेक्नोलॉजीज और लोकेशन इंटेलिजेंस सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में जियोस्पैटियल शिक्षा को गति देने, क्षमता निर्माण करने और व्यवहारिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए दि एनर्जी एंड रिसोर्सेज़ इंस्टीट्यूट स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज़ (टेरी एसएएस) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। टेरी-एसएएस एक डीम्ड टु बी यूनिवर्सिटी है।

इस रणनीतिक गठबंधन के जरिए दोनों संगठन शासन व टिकाऊ विकास के लिए जीआईएस टेक्नोलॉजीज़ के उपयोग को बढ़ावा देने वाली पहल में अपनी पूरक ताकतों का संयुक्त इस्तेमाल करेंगे। पर्यावरण, ऊर्जा और टिकाऊपन में टेरी एसएएस की विशेषज्ञता का एसरी इंडिया की अत्याधुनिक जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजी के साथ उपयोग करने से यह गठबंधन भारत में एक जबरदस्त जियोस्पैटियल पारितंत्र तैयार करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित करेगा।

एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशकअगेन्द्र कुमार ने कहा, टेरी एसएएस के साथ यह गठबंधन भारत के जियोस्पैटियल शिक्षा पारितंत्र को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारी उन्नत जीआईएस टेक्नोलॉजी को टिकाऊपन को लेकर टेरी एसएएस के अकादमिक परिश्रम और अनुसंधान उत्कृष्टता से मिलाकर हम जियोस्पैटियल पेशेवरों और निर्णय कर्ताओं की अगली पीढ़ी को प्रशिक्षित करने के लिए एक शक्तिशाली प्लेटफॉर्म तैयार कर रहे हैं। संयुक्त रूप से क्षमता निर्माण की पहल और पाठ्यक्रम तैयार कर हमारा लक्ष्य शहरी नियोजन, पर्यावरण प्रबंधन, आपदा लचीलापन और ढांचागत विकास सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में डेटा संचालित, स्थान आधारित दृष्टिकोणों को अपनाने को गति देना है। यह गठबंधन इस बात का उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे अकादमिक संस्थान और उद्योग जियोस्पैटिल इंटेलिजेंस एवं नवप्रवर्तन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए साथ मिलकर काम कर सकते हैं।

# पीएनबी मेटलाइफ ने शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ की साझेदारी



**लखनऊ।** पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पीएनबी मेटलाइफ) ने शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी का ऐलान किया है। इस साझेदारी का उद्देश्य अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक बीमा की सुविधा पहुँचाना है। इस करार के जरिए शिवालिक बैंक के करीब 10 लाख मौजूदा और संभावित ग्राहकों को पीएनबी मेटलाइफ के सेविंग्स, प्रोटेक्शन और रिटायरमेंट से जुड़े जीवन बीमा प्लान्स का लाभ मिलेगा। पीएनबी मेटलाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ समीर बंसल ने कहा, ÷हमें शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ जुड़कर बेहद खुशी हो रही है। इस साझेदारी के जरिए हम भारत के ग्रामीण और कम सुविधा वाले क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा परिवारों को जीवन बीमा की सुरक्षा पदे सकेंगे। अब तक जहाँ उपलब्धता, पहुँच और खर्च बीमा की राह में बाधा रहे हैं, वहीं पीएनबी मेटलाइफ और शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक मिलकर लोगों को सुरक्षित और भरोसेमंद भविष्य की दिशा में आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।÷शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ अंशुल स्वामी ने कहा, ÷शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक में हमारा फोकस हमेशा से ही उभरते और कम सेवा वाले बाजारों में ग्राहकों को सशक्त बनाने पर रहा है।

# मीरो डिजिटल लैब्स ने स्मार्ट एवं सतत कृषि को बढ़ावा देने हेतु कन्नौज में किसान जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया



**कन्नौज।** मुंबई स्थित 'मीरो डिजिटल लैब्स प्राइवेट लिमिटेड' ने किसानों एवं किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को डिजिटल नवाचार, आईओटी-आधारित कृषि समाधान और सतत कृषि पद्धतियों के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से कन्नौज में 'किसान गोष्ठी (किसान जागरूकता बैठक) का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान, एफपीओ प्रतिनिधि, कृषि विशेषज्ञ और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल हुए। बैठक में डेटा, तकनीक और आधुनिक उपकरणों के उपयोग से फसल उत्पादन, मृदा स्वास्थ्य और कृषि लाभप्रदता में सुधार पर विशेषकर आलू, मक्का और अन्य प्रमुख फसलों के संदर्भ में चर्चा की गई। कार्यक्रम के 'मुख्य अतिथि' उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्य कृषि सलाहकार एवं एफपीओ विशेषज्ञ पी. एस. ओझा' रहे। उन्होंने तकनीक-आधारित कृषि और किसान-नेतृत्व वाले विकास मॉडल के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मीरो डिजिटल लैब्स प्राइवेट लिमिटेड' की संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक सुश्री सुनीति गुप्ता, एस. पी. सिंह', पूर्व निदेशक, नेशनल सीड्स कॉरपोरेशन लिमिटेड, धनंजय सिंह', उप आयुक्त उद्योग, कन्नौज, संतोष यादव', उप निदेशक कृषि, कन्नौज, ए. पी.सिंह', संयुक्त निदेशक, एफएफडीसी कन्नौज, सी. पी. अवस्थी', जिला उद्यान अधिकारी, कन्नौज, संत लाल गुप्ता', जिला कृषि अधिकारी, कन्नौज, डॉ. अरविंद कुमार', वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, कन्नौज, हरिगोविंद पांडेय', वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, पेप्सिको इंडिया शामिल रहे। सत्र में 'मृदा परीक्षण, उन्नत ''कृषि पद्धतियाँ, ''रोग पहचान एवं रोकथाम तकनीकें, तथा कृषि में आईओटी के व्यावहारिक अनुप्रयोग' जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। किसानों ने इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लेकर उत्पादकता बढ़ाने और इनपुट लागत घटाने से जुड़े व्यावहारिक सुझाव प्राप्त किए। इस अवसर पर 'मीरो डिजिटल लैब्स प्राइवेट लिमिटेड' की संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक सुश्री सुनीति गुप्ता ने कहा, ÷कृषि का भविष्य तकनीक और विश्वास के संगम में निहित है। हमारा उद्देश्य जमीनी स्तर तक व्यवहारिक डिजिटल समाधान पहुंचाना है, ताकि किसान सूचित निर्णय लेकर सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ सकें।÷ कार्यक्रम की शुरुआत किसान पंजीकरण से हुई, इसके पश्चात दीप प्रज्वलन, विशेषज्ञों के साथ संवाद, और अंत में धन्यवाद ज्ञापन व सामुदायिक भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस आयोजन को 'नेशनल सीड्स कॉरपोरेशन (कानपुर), ''एपेक्स डेवलपमेंट सर्विसेज (लखनऊ), ''लक्ष्मी सेल्स कॉरपोरेशन (कन्नौज), ''किसान सीड्स (कन्नौज), ''एम. एस. कोल्ड स्टोरेज (नज़रपुर, कन्नौज)' तथा 'एस. विराज टूरिज़्म प्राइवेट लिमिटेड' का सहयोग प्राप्त हुआ।

# सीईएस 2026 में एआई का जलवा आपके साथ तालमेल में इनोवेशन

**लखनऊ।** सीईएस 2026 में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने सिर्फ एआई की बात नहीं की बल्कि दिखाया कि जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बन जाता है तो वह कैसा दिखता है। इनोवेशन इन ट्युन विद यू थीम के तहत एलजी का एक्जीबिट एक साथ जुड़े कई एनवायरोनमेंट के रूप में सामने आया, जिसमें होम, मोबिलिटी और इंटरटेनमेंट से जुड़े अनुभव दिखाए गए। इन सभी के जरिए यह बताया गया कि एलजी की अफेक्शनेट इंटेलिजेंस आसपास क्या हो रहा है, उसे समझती है और उसी कंटेक्ट में ऐसा रिस्पॉन्स देती है जो लोगों को नेचुरल और हेल्पफुल महसूस हो। डिवाइसों के अंदर बंद किसी चीज़ की तरह एआई को देखने के बजाय, एलजी ने इस पर फोकस किया कि एआई अलग-अलग जगहों में कैसे काम करता है। किचन, लिविंग रूम, व्हीकल्स और इंटरटेनमेंट सेटअप सभी एक ही कनेक्टेड एक्सपीरियेंस का हिस्सा बने, जहां टीवी, अप्लाएंसेस, रोबोट्स, सॉफ्टवेयर और सेंसर्स पर्दे के पीछे चुपचाप एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करते रहे। यही था शो फ्लोर पर दिखा हुआ एआई इन एक्शन। एक विजुअल ओवरचर और एक आइकॉन की वापसी ़ यह कहानी उसी पल शुरू हो गई, जब दर्शक अंदर कदम रखते हैं। इन ट्युन मॉन्यूमेंट को 38 एलजी ओएलईडी ईवीओ डब्ल्यू 6, टू वायरलेस वॉलपेपर टीवी से बनाया गया था, जिन्हें इस तरह सजाया गया था जैसे वे हवा में तैर रहे हों और एक ही कंटीन्यूअस विजुअल कैनवास में जुड़े हों। सिर्फ 9 मिलीमीटर-क्लास पतले इस डिस्प्ले ने एलजी के उस आईकॉनिक वॉलपेपर टीवी डिजाईन को फिर से ज़िंदा कर दिया, जिसे पहली बार 2017 में पेश किया गया था, अब टू वायरलेस कनेक्टिविटी और अब तक की सबसे एडवांस पिक्चर टेक्नालॉजी, यानी हाईपर रेडियेंट कलर टेक्नालॉजी के साथ। यह सिर्फ एक डिजाइन स्टेटमेंट नहीं था। यह इस बात का प्रतीक था कि एलजी कैसे एस्थेटिक्स, इंजीनियरिंग और इंटेलिजेंस को एक ही एक्सपीरियेंस में जोड़ता है। सीमलेस विविंग एक्सपीरियेंस ़ विविंग इन ट्युन जोन में यह सोच और आगे बढ़ती नजर आई। वॉलपेपर टीवी सीधे दीवारों में घुले-मिले दिखाई दिए, जिन्हें नया अल्फा 11 एआई प्रासेसर जेन3 पावर दे रहा था। इसकी वजह से बिना रिफ्लेक्शन वाली तस्वीरें मिलीं, जिनमें इतनी गहराई और असलीपन था कि ऐसा लगा जैसे स्क्रीन नहीं, बल्कि किसी खिड़की से बाहर देखा जा रहा हो। प्रोजेक्शन मैपिंग के जरिए विजुअल्स को स्क्रीन से आगे तक फैलाया गया, जबकि एक मज़ेदार गोल्डबर्ग-स्टाईल इंस्टालेशन ने दिखाया कि वेब ओएस कैसे हर व्यक्ति की देखने की आदतों के अनुसार खुद को ढाल लेता है, जिससे टीवी वाकई एक पर्सनल एस्पीरियेंस बन जाता है। द रिस्पॉन्सिव रोड ़ राईड इन ट्युन जोन में कार को एक इंटेलिजेंट और रिस्पॉन्सिव मोबिलीटि पार्टनर के रूप में नए सिरे से पेश किया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी की स्वदेशी पहल के अंतर्गत ओला ने पहली बार भारत में बनी BESS ओला शक्ति की लखनऊ में शुरू की डिलिवरी

## शुभ मुहूर्त में लखनऊवासियों को मिलेगी चालीस हजार तक कि छूट, साथ ही 8 साल की मिलेगी अतिरिक्त वारंटी



**लखनऊ।** मकर संक्रांति के खास मौके पर ओला इलेक्ट्रिक ने आज प्रारंभ 2026 में अपनी स्वदेशी 4680 भारत सेल प्लेटफॉर्म की लखनऊ में विस्तार की घोषणा की। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब लखनऊ में व्यवसायों और स्टार्टअप्स को सीधे 4680 भारत सेल या 1.5kWh 4680 भारत सेल बैटरी पैक खरीदने की सुविधा उपलब्ध होगी, जिसका उपयोग ऑटोमोटिव, ह्यूमनॉइड्स, ड्रोन और पोर्टेबल मेडिकल उपकरणों जैसे विविध क्षेत्रों में किया जा सकेगा। इस कदम से लखनऊ और पूरे भारत में डिज़ाइन, इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग वाली नई ऊर्जा स्टोरेज सॉल्यूशंस के साथ स्टार्टअप्स और व्यवसाय तेजी से इनोवेट और स्केल कर सकेंगे। समूचे लखनऊ मे मकर संक्रांति के पावन पर्व पर पच्चीस से ज्यादा परिवारों को शुभ मुहूर्त के अंदर भारतीय निर्मित BESS ओला शक्ति का वितरण किया गया।

BESS ओला शक्ति अब खरीद के लिए उपलब्ध है। शक्ति 6kW/9.1kWh की डिलीवरी जनवरी 2026 के अंत से और शक्ति 3kW/5.2kWh की डिलीवरी फरवरी 2026 के मध्य से शुरू होगी। साथ ही, कंपनी ने अपनी फ्लैगशिप मोटरसाइकिल रोडस्टर X+ 9.1kWh की डिलीवरी शुरू कर दी है, जो 4680 भारत सेल से पावर्ड है और सिंगल चार्ज पर 500 किमी तक की रेंज प्रदान करती है। इसके अलावा, S1 Pro+ 5.2kWh की डिलीवरी पूरे भारत में स्केल-अप कर दी गई है।

इन सभी उत्पादों का केंद्र 4680 भारत सेल है - कंपनी का इन-हाउस एनर्जी प्लेटफॉर्म, जो अब दो-व्हीलर पोर्टफोलियो के साथ-साथ ओला शक्ति को भी पावर देता है। एक सेल, एक प्लेटफॉर्म, एक पोर्टफोलियो - पूरी तरह भारत के लिए बनाया गया। ओला शक्ति भारतीय घरों, खेतों और व्यवसायों के लिए ऊर्जा को पोर्टेबल, ऑन-डिमांड संसाधन के रूप में एक्सेस, कंट्रोल और उपयोग करने के तरीके में मूलभूत बदलाव लाता है। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा, 4680 भारत सेल हमारे इन-हाउस एनर्जी और मोबिलिटी इकोसिस्टम का मूल है, और अब हम इस प्लेटफॉर्म को कंज्यूमर व्हीकल्स और रेसिडेंशियल एनर्जी से आगे बढ़ाकर स्केल कर रहे हैं। व्यवसायों और स्टार्टअप्स के लिए 4680 भारत सेल प्लेटफॉर्म को खोलकर हम ह्यूमनॉइड्स, ड्रोन, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और पोर्टेबल मेडिकल मशीनों जैसे विविध एप्लीकेशंस को सक्षम बना रहे हैं। व्यवसाय या तो सीधे 4680 भारत सेल खरीद सकते हैं या हमारे 1.5kWh 4680 भारत सेल बैटरी पैक का उपयोग करके अपने उत्पादों को तेजी से बना और स्केल कर सकते हैं। एक सेल और एक स्केलेबल प्लेटफॉर्म से मोबिलिटी, एनर्जी और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी को पावर देकर हम भारत में डिज़ाइन, इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग वाली भविष्य-तैयार एनर्जी बैकबोन बना रहे हैं।

# बजट में विनिर्माण-इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ घरेलू बाजार पर रहे फोकस

**मुंबई।** बाजार विशेषज्ञों के अनुसार बजट 2026 में विनिर्माण और अवसंरचना जैसे विकास के क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित होगा और विनिवेश के लक्ष्यों को बढ़ाने के साथ कई अन्य उपाय भी किए जा सकते हैं। अगले महीने केंद्रीय बजट पेश होने जा रहा है। यह बजट कि बाजारों की दिशा को तय करने के साथ निवेशकों और घरेलू बाजार को आकार देने व विनिर्माण के क्षेत्र को बढ़ावा देने वाला होगा। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में ठहराव, विदेशी निवेशकों की लगातार भारतीय बाजार से निकासी और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच घरेलू बाजार को मजबूत करने और निवेश को बढ़ाने के लिए इस बजट में ध्यान दिया जा सकता है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के विश्लेषकों का कहना है कि इस बजट में विनिर्माण क्षेत्र पर फोकस होगा, क्योंकि सरकार भारत पर अमेरिकी टैरिफ प्रभाव को कम करने का प्रयास कर रही है। ट्रंप ने भारत पर सबसे पहले 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया और भारत द्वारा लगातार रूसी तेल खरीदने के जवाब भी 25 प्रतिशत अतरिक्त टैरिफ लगाया गया। अब यह भी अटकले लग रही हैं, कि भारत पर अधिक शुल्क जो कि 500 प्रतिशत है लगाने का अधिकार देने वाला कानून पास हो गया है, जो चिंता का विषय है। सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार इस बजट में विनिर्माण और अवसंरचना जैसे विकास के क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित होगा और विनिवेश के लक्ष्यों को बढ़ाने के साथ कई अन्य उपाय भी किए जा सकते हैं। क्रिसिल इंटेलिजेंस के वरिष्ठ अध्यक्ष और ग्लोबल हेड कंसल्टिंग जगनारायण पद्मनाभन कहते हैं, सरकार को यूनिट बजट 2026 में इंफ्रास्ट्रक्चर पर आधारित ग्रोथ को बनाए रखना होगा, जिसमें करीब 12 लाख करोड़ रुपये का पूंजी व्यय होगी और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सड़कों, रेलवे और लॉजिस्टक्स पर लगातार ध्यान देने की आवश्यकता है।

# सरकार की सख्ती के बाद जेप्टो-स्विगी ने बंद की 10-मिनट डिलीवरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम मंत्रालय के आदेश के बाद जेप्टो, स्विगी और ब्लिंकिट ने 10-मिनट डिलीवरी का दावा वापस ले लिया है। पढ़ें गिग वर्कर्स की सुरक्षा और डिलीवरी टाइमलाइन पर सरकार की सख्ती के बाद आए इस बदलाव पर विस्तृत रिपोर्ट।

देश तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स सेक्टर में एक बड़ा बदलाव हुआ है। सरकार की नसीहत के बाद प्रमुख प्लेटफॉर्म जेप्टो, स्विगी और ब्लिंकिट ने अपनी सेवाओं के लिए 10-मिनट डिलीवरी का प्रचार करना बंद कर दिया है। यह कदम केंद्रीय श्रम मंत्रालय के सीधे हस्तक्षेप और डिलीवरी पार्टनर्स की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बाद उठाया गया है। सरकारी निर्देशों के बाद, क्विक कॉमर्स की दिग्गज कंपनियों ने अपनी ब्रांडिंग और विज्ञापनों से 10-मिनट के दावे को हटाना शुरू कर दिया है। रिपोर्टों के अनुसार, केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने पिछले सप्ताह इन कंपनियों के साथ एक बंद कमरे में बैठक की थी। इस बैठक में उन्होंने कंपनियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपनी ब्रांडिंग से इस समय-सीमा के वादे को हटाएं, क्योंकि यह डिलीवरी श्रमिकों पर अनुचित दबाव डालता है और उनकी सुरक्षा से समझौता है। इसके बाद, एटरनल के स्वामित्व वाले ब्लिंकिट ने अपनी मुख्य टैगलाइन को 10 मिनट में 10,000+ उत्पाद से बदलकर 30,000+ उत्पाद आपके दरवाजे पर कर दिया है। जेप्टो और स्विगी ने भी बुधवार को अपनी ब्रांडिंग में बदलाव कर 10-मिनट की सेवाओं का प्रचार बंद कर दिया है। सरकार की ओर से यह कार्रवाई 25 और 31 दिसंबर को गिग वर्कर यूनियनों द्वारा की गई देशव्यापी हड़तालों के बाद आई है। ये दिन क्विक कॉमर्स प्लेटफार्मों के लिए साल के सबसे व्यस्त समय में से एक होते हैं, और श्रमिकों ने 10-मिनट के इस मॉडल को समाप्त करने की मांग की थी। गिग वर्कर्स एसोसिएशन ने केंद्र के इस फैसले का स्वागत किया है। इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स के सह-संस्थापक और राष्ट्रीय महासचिव शेख सलाउद्दीन ने कहा, ÷डिलीवरी कर्मचारी एल्गोरिदम के गुलाम नहीं हैं। हम असुरक्षित 10-मिनट डिलीवरी मॉडल को स्वीकार नहीं करेंगे। एसोसिएशन का तर्क है कि इस मॉडल ने श्रमिकों को सड़क पर जोखिम लेने, तेज गाड़ी चलाने और ऐप पर रेटिंग और इंसेंटिव के दबाव के कारण लंबे समय तक काम करने के लिए मजबूर किया। आंकड़ों के अनुसार, यह दबाव केवल समय तक सीमित नहीं है, बल्कि मेहनताने से भी जुड़ा है। एक उदाहरण में पाया गया कि एक कर्मचारी को एक साथ दो ऑर्डर डिलीवर करने के लिए केवल 19.30 रुपये का भुगतान किया गया, जिससे जोखिम और काम का भार तो बढ़ा, लेकिन अलग से पैसे नहीं मिले। आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने भी इस बदलाव का समर्थन करते हुए कहा कि जब डिलीवरी पार्टनर की वर्दी या बैग पर 10 मिनट लिखा होता है।

# KFuture Health Pvt Ltd ने अपनेओपीडी हेल्थ प्लान लॉन्च करने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया



**लखनऊ।** KFuture Health Pvt Ltd ने Zealthi& Technologies Pvt Ltd के सहयोग से आज अपने ओपीडी हेल्थ प्लान की शुरुआत की। आज के समय में ज्यादातर मेडिकल खर्च अस्पताल में भर्ती हुए बिना ही ओपीडी के होते हैं लेकिन पारंपरिक हेल्थ इंश्योरेंस में ओपीडी खर्च कवर नहीं होता है। लखनऊ जैसे शहर में एक परिवार में लगभग ओपीडी का खर्चा 10000 से 15000 साल का होता है। इस समस्या और स्वास्थ्य की जरूरत को ध्यान में रखते हुए लखनऊ में पहली बार एक OPD HEALTH PLAN की शुरुआत की गई है। जिसमें आप छोटे-छोटे इलाज डॉक्टर फीस और दवाइयों का खर्चा जेब पर भारी नहीं पड़ेगा, जो हर वर्ग के लिए बजट फ्रेंडली है कम खर्चे में ज्यादा फायदा यही ओपीडी प्लान की सबसे बड़ी खासियत है। इस ओपीडी प्लान में डॉक्टर कंसल्टेंसी, दवाएं और जांचों पर विशेष डिस्काउंट सिर्फ एक क्लिक पर उपलब्ध है। जिसमें ओपीडी का समय सुबह 9:00 बजे से रात 09:00 बजे तक रहेगा और आने वाले समय में कंपनी द्वारा इसे 24*7 कर दिया जाएगा। इसमें कोई भी व्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 85 वर्ष का है वह अपने और अपने परिवार के लिए यह प्लान ले सकता है। जिसकी शुरुआत मात्र 499 से होती है। समय-समय पर होने वाले हेल्थ चेकअप दवाएं आदि की सुविधाएं घर बैठे ले सकते हैं। सभी प्रमुख दवा विक्रेता कंपनियों और डायग्नोस्टिक सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों से KFuture Health Pvt Ltd टाईअप है। जिनकी सुविधा उच्चगुणवत्ता के साथ आपको प्राप्त होगी। इस अवसर पर Kfuture Health Services Private Limited के प्रबंध निदेशक श्री मनीष रायजादा और Zealthi& Technologies Pvt Ltd - के सी.ई.ओ अभिषेक कुमार के द्वारा प्लान के बारे में विस्तार से बताया गया।

# स्ट्रोक से पहले के लक्षणों को पहचानने के लिए रीजेंसी हॉस्पिटल ने साझा की जानकारी



**लखनऊ।** रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ भारत में स्ट्रोक के तेजी से बढ़ते मामलों के मद्देनजर जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने का काम कर रहा है। हॉस्पिटल स्ट्रोक के लक्षणों की जल्दी पहचान और समय पर इलाज़ पर जोर दे रहा है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में हर 20 सेकेंड में एक स्ट्रोक होता है। हर साल 18 लाख नए स्ट्रोक के मामले देखने को मिलते हैं। इन भयावह आंकड़ों के बावजूद स्ट्रोक की रोकथाम और शुरुआती लक्षणों के बारे में जागरूकता तथा त्वरित इलाज़ की व्यवस्था बहुत कम है। जागरूकता की कमी से स्ट्रोक से विकलांगता या जान भी चली जाती है। अगर जानकारी का अभाव न हो तो इन त्रासदियों को समय रहते रोका जा सकता है। स्ट्रोक तब होता है जब मस्तिष्क में खून की सप्लाई रुक जाती है या बहुत कम हो जाती है। इससे मस्तिष्क की कोशिकाओं को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती है और कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं या मर जाती हैं। यह रुकावट बोलने, चलने-फिरने, याददाश्त और तालमेल जैसे ज़रूरी कामों पर असर डाल सकती है। स्ट्रोक मुख्य रूप से तीन तरह के होते हैं। इस्केमिक स्ट्रोक मस्तिष्क को खून पहुंचाने वाली धमनियों में रुकावट या क्लॉट के कारण होता है। हेमरेजिक स्ट्रोक कमजोर खून की नस फटने से होता है, जिससे मस्तिष्क के अंदर ब्लीडिंग होने लगती है। तीसरा ट्रांजिएंट इस्केमिक अटैक होता है। इसे अक्सर मिनी-स्ट्रोक कहा जाता है। इसमें कुछ समय के लिए रुकावट होती है। कभी कभी इससे मस्तिष्क में स्थायी नुकसान नही होता है, लेकिन यह भविष्य में होने वाले बड़े स्ट्रोक के लिए एक गंभीर चेतावनी का संकेत होता है। स्ट्रोक के बारे में जागरूकता और जल्दी प्रतिक्रिया की आवश्यकता के बारे में टिप्पणी करते हुए रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ के न्यूरोलॉजी कंसल्टेंट डॉ सुमित वर्मा ने कहा, ÷स्ट्रोक सबसे ज़्यादा टाइम-क्रिटिकल मेडिकल इमरजेंसी में से एक है। इस इमरजेंसी में हर मिनट मायने रखता है। मरीज़ को जितनी जल्दी इलाज मिलेगा, उसके बचने और बिना किसी लंबे समय की विकलांगता के ठीक होने की संभावना उतनी ही ज्यादा होगी। दुर्भाग्य से बहुत से लोग या तो लक्षणों को पहचान नहीं पाते या उन्हें हल्के में लेते हैं। इस वजह से वे हॉस्पिटल पहुंचने में देरी कर देते है। रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ में हम न केवल एडवांस्ड और समय पर न्यूरोलॉजिकल केयर देने के लिए समर्पित हैं, बल्कि समाज को शिक्षित करने के लिए भी प्रयासरत हैं ताकि ज़्यादा से ज़्यादा जानें बचाई जा सकें। स्ट्रोक के शुरुआती लक्षण अक्सर अचानक दिखते हैं और इन्हें कभी भी नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए। स्ट्रोक होने पर लोगों को अचानक कमज़ोरी या सुन्नपन महसूस हो सकता है। यह लक्षण खासकर शरीर के एक तरफ ज्यादा होता है जिससे चेहरा, हाथ या पैर प्रभावित हो सकते हैं। बोलने में लड़खड़ाहट या समझने में मुश्किल हो सकती है, और कई मरीज़ों को भ्रम या ठीक से जवाब न दे पाने की दिक्कत होती है। कुछ लोगों को चलने में परेशानी हो सकती है, चक्कर आ सकते हैं, या संतुलन और तालमेल बिगड़ सकता है। बिना किसी ज्ञात कारण के तेज़ सिरदर्द भी हेमरेजिक स्ट्रोक का संकेत हो सकता है। एक या दोनों आँखों में देखने में कमी या धुंधलापन भी स्ट्रोक का लक्षण हो सकता है। इन लक्षणों पर तुरंत मेडिकल ध्यान देने की ज़रूरत होती है, क्योंकि तुरंत इलाज से मस्तिष्क को स्थायी नुकसान से बचाया जा सकता है और रिकवरी में काफी सुधार हो सकता है।

# दोस्ती से दुश्मनी की आग : सभासद संजय के गैंग ने सूजा पठान के घर पर की फायरिंग, 5 गिरफ्तार

- संजय पटेल समेत कई अन्य की तलाश तेज, नेपाल में छिपे होने की आशंका
- कप्तानगंज में वर्चस्व को लेकर कई बार हो चुकी है गैंगवॉर



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** कप्तानगंज कस्बे की मंगल बाजार में सोमवार की रात गोलियों की तड़तड़ाहट से हड़कंप मच गया। नकाबपोश बदमाशों ने सूजा पठान के घर पर चार राउंड फायरिंग की और ईंट-पत्थरों की बौछार कर दी। घर में मौजूद सूजा, पिता मुश्ताक अहमद खान, मां शबनम और बहन सानिया ने छिपकर किसी तरह जान बचाई। गोली की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर हमलावर फरार हो गए। इस दौरान हमलावरों को पकड़ने की कोशिश में मोहल्ले की महिला राधा देवी घायल हो गईं। मुश्ताक ने बताया कि भागते समय उन्होंने एक नकाबपोश को पकड़ लिया था, लेकिन उसके साथी ने डंडे से पीठ पर वार कर उन्हें गिरा दिया।

मुश्ताक की तहरीर पर पुलिस ने वार्ड नंबर 11 के सभासद संजय पटेल समेत नौ लोगों के खिलाफ हत्या का प्रयास, अवैध हथियार और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मंगलवार दोपहर राम जानकी घाट से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। कस्बे के वार्ड 8 लालचौक स्टेशन रोड निवासी मोहम्मद आरिफ, पिपराइच थाने के मोतीपाकड़ राजन चौधरी, स्थानीय सेमरा के सौरभ कुमार, महराजगंज निचलौल के पिपरा काजी समीर अली और शिव चौक सिद्धांत सिंह को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इन लोगों के पास से पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा, चार एंड्रॉयड मोबाइल और 680 रुपये नकद बरामद हुए। फरार संजय पटेल नेपाल में छिपे होने की सूचना मिली है। पुलिस टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं। जिगरी यारी से गैंगवार तक का सफर सूजा ने हमले का मास्टरमाइंड संजय पटेल को बताया। दोनों कभी जिगरी दोस्त थे। हर गलत काम जमीन कब्जा, धमकी, जुआ अड्डा साथ करते। 2023 में संजय ने वार्ड 11 से निर्दलीय सभासद चुनाव लड़ा और जीता। सूजा ने बढ़ चढ़कर मदद की, क्योंकि वह इसी वार्ड का था। लेकिन सभासद बनने के बाद टकराव शुरू हो गया। उसी साल मंगल बाजार में भाजपा सभासद के पति रमेश मोदनवाल पर हमले के मामले में संजय, ऋषि पासवान, आदित्य साहनी और सूजा पर मुकदमा दर्ज हुआ। सूजा जेल गया, जमानत पर बाहर आया। छह माह से संजय गलत कामों के लिए दबाव डाल रहा था। विरोध पर दुश्मनी भड़क गई। कप्तानगंज में दोनों गैंग का वर्चस्व था, लेकिन अप्रैल 2025 में सूजा को मुठभेड़ में पैर में गोली लगी। तब से संजय का गिरोह सक्रिय। संजय पर हत्या प्रयास, सूदखोरी, जुआ-सट्टेबाजी जैसे कई मुकदमे हैं। 20 अक्टूबर 2023 को बैजनाथ चौहान की शिकायत पर भूमाफिया धाराएं जुड़ीं। 8 अक्टूबर 2024 को रेलवे क्रॉसिंग पर जुआ का केस। 10 नवंबर 2025 को कमलेश साहनी के घर फायरिंग। सूजा गैंग का हिस्ट्रीशीटर आदित्य (बभनौली) भी फरार, जो नर्तकी अपहरण मामले में जेल जा चुका। घटना के बाद दोनों गैंग के युवक भूमिगत हो गए। थानाध्यक्ष दीपक सिंह बोले, पांच गिरफ्तार हैं, बाकी की धरपकड़ जारी है।

# घटिया सामान, वीआईपी भूखे : विवाह योजना में करोड़ों का भ्रष्टाचार

- पडरौना ब्लॉक का मामला, समाज कल्याण विभाग के कार्यशैली पर सवाल

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** गरीब, असहाय और वंचित बेटियों के सम्मानजनक विवाह के लिए चलाई गई मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कुशीनगर जिले मे अपने उद्देश्य से भटककर भ्रष्टाचार की कब्रगाह बनती दिख रही है, जिस योजना को सामाजिक संवेदना और सरकार की नैतिक प्रतिबद्धता का प्रतीक माना जाता था, उसी योजना में बेटियों की खुशियों को नोटों में तौलकर सरकारी धन को निजी तिजोरियों तक पहुंचाने का संगठित खेल खेला गया।

इस घोटाले की परत-दर-परत तब खुली, जब पडरौना के खंड विकास अधिकारी रवि रंजन द्वारा सीडीओ को भेजें गये एक आधिकारिक पत्र सामने आया। पत्र में दर्ज तथ्य इतने गंभीर हैं कि वे न केवल समाज कल्याण विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हैं, बल्कि समाज कल्याण अधिकारी की भूमिका को सीधे कटघरे में खड़ा कर रहा हैं। पत्र के अनुसार, विवाह समारोह में वितरित किए गए गृहस्थी सामान की गुणवत्ता निर्धारित मानकों से कोसों दूर पाई गई, जबकि भुगतान और बिलिंग उच्च गुणवत्ता व ऊंची दरों पर दिखाई गई है। हकीकत यह है कि नवविवाहित कन्याओं को जो सामान दिया गया, वह घटिया, सस्ता और कई मामलों में मानवीय गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। कहीं स्टील के नाम पर पतली धातु, कहीं इलेक्ट्रॉनिक सामान की जगह खिलौने जैसे उपकरण, तो कहीं आधा-अधूरा सेट। इतना ही नही कई लाभार्थियों को पूरा सामान मिला ही नहीं।

सवाल उठता है कि आखिर बाकी सामान और बची धनराशि कहां गई? सूत्रों की मानें तो यह सब बिना ऊंचे संरक्षण और विभागीय मिली भगत के संभव नहीं था। आरोप है कि समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव ने नियमों को रौंदते हुए चहेते आपूर्तिकर्ताओं को ठेके दिए, बाजार दरों से कई गुना अधिक कीमतें दर्शाई और वास्तविक आपूर्ति के अंतर को कमीशन और बंदरबांट में तब्दील कर दिया।

बीडीओ का पत्र इस पूरे खेल का लिखित सबूत बनकर उभरा है।शर्मनाक पहलू यह है कि इस घोटाले में सबसे ज्यादा नुकसान उन बेटियों का हुआ है, जिनके लिए यह योजना बनी थी। विवाह के पवित्र अवसर पर उन्हें यह एहसास कराया गया कि सरकारी योजनाओं में उनका सम्मान नहीं, बल्कि सिर्फ फाइलों और बिलों की अहमियत है। यह केवल आर्थिक घोटाला नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक अपराध है।

### बीडीओ ने सीडीओ को पत्र भेजकर मनमाने का लगाया आरोप

खंड विकास अधिकारी पडरौना रवि रंजन द्वारा मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव को पत्र संख्या-1093 स्थान दिनांक 4 दिसम्बर 2025 को दिए गये पत्र में कहा गया है कि 4 दिसम्बर 2025 को पडरौना नगर के उदित नारायण इंटर कॉलेज में आयोजित किए गये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जो सामग्री दिया गया वह गुणवत्ता विहीन व बेहद ही खराब गुणवत्तायुक्त था जिसका फोटोग्राफ संलग्न है, जब मेरे द्वारा सैंपल सामग्री को देखने की मांग की गई तो उन्हे दिखाया नहीं गया। सामग्री की गुणवत्ता की जांच, पर्यवेक्षणीय अधिकारी परियोजना निदेशक से भी नहीं कराया गया और ना ही किसी भी सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कराया जा रहा है, जिला समाज कल्याण अधिकारी कुशीनगर मौके पर बिना किसी अधिकारी से सामग्रियों का सत्यापन कराए ही सभी सामग्री का वितरण करा रहे है। बीडीओ ने उक्त सामूहिक विवाह मे घटिया भोजन का भी उल्लेख किया है। उन्होने स्पष्ट शब्दों मे कहा है कि सामूहिक विवाह में खाने की गुणवत्ता भी अति खराब थी, खाना सुबह आठ बजे ही बनवाकर पैक करवा दिया गया था, उनके द्वारा जब जांच किया गया तब जाकर पनीर की सब्जी को थाली में सम्मिलित किया गया। बीडीओ ने पत्र मे आगे लिखा है कि कार्यक्रम समाप्ति के समय जब विधायक पडरौना वापस जा रहे थे उस समय तक वीआईपी भोजन स्टाल तैयार नही था, जिसका फोटोग्राफ संलग्न है। बीडीओ ने समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव पर मनमानेपन का आरोप लगाते हुए खुद को नोडल अधिकारी के जिम्मेदारी से मुक्त करते हुए मनमानी कर रहे समाज कल्याण अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाने के लिए सीडीओ से अनुरोध भी किया है।

# कुशीनगर में 28 जनवरी को आयेंगी थाईलैंड की रानी, तैयारियां तेज

- बुद्ध मंदिर में करेंगी पूजा, दो दिवसीय रहेगा यात्रा



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** थाईलैंड की क्वीन चखुन सिनीनात वांगवजीरापकडी 70 सदस्यीय ग्रुप के साथ दो दिवसीय धार्मिक यात्रा पर 28 जनवरी को कुशीनगर आएंगी। पहली बार कुशीनगर आ रहीं कवीन दोन दिन थाई मोनास्ट्री में ही ठहरेंगी। क्वीन पहले दिन 28 जनवरी को थाई बुद्धिस्ट मोनास्ट्री परिसर स्थित उपोसथ हाल, थाई चैत्य व नौवें राम महाराजा भूमिबोल अदुल्यदेज की प्रतिमा के समक्ष पूजा करेंगी।

दूसरे दिन 29 जनवरी को पहले वह महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर जाएंगी। वहां बुद्ध की लेटी प्रतिमा पर चीवर चढ़ाकर विश्व शांति व भारत-थाईलैंड के मध्य मैत्री पूर्ण संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए विशेष पूजा करेंगी। उसके बाद वह रामाभार स्तूप का पूजन वंदन कर दोपहर का भोजन करने के बाद लुंबिनी (नेपाल) चली जाएंगी।

यह जानकारी थाई मोनास्ट्री के मांक इन चीफ फ्रा सोमपोंग ने पत्रकारों को दी। बताया कि क्वीन 21 जनवरी को बैंकाक से स्पेशल चार्टर प्लेन से गया आएंगी।

### 23 को करेंगी बोधगया का भ्रमण

22 जनवरी को राजगिरि व नालंदा का भ्रमण कर 23 को बोधगया पहुंचेंगी। क्वीन 25 जनवरी को बोधगया में धम्मानापावांग नामक धार्मिक कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी। इसमें भारत सहित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध भिक्षु शामिल होंगे। 26 जनवरी को वह जन्मदिन समारोह आयोजित करेंगी। क्वीन 27 जनवरी को कार द्वारा सारनाथ पहुंच कर धम्मेक स्तूप की विशेष पूजा करेंगी। वह 28 जनवरी को कार द्वारा कुशीनगर आएंगी। 28 व 29 जनवरी को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होंगी। 29 जनवरी को दोपहर का भोजन करने के बाद कार द्वारा लुंबिनी जाएंगी। वहां पहले से मौजूद अपने चार्टर स्पेशल प्लेन से बैंकाक के लिए रवाना हो जाएंगी।

## समूह सखी रेनू बनी महिला सशक्तिकरण की रोल मॉडल

**अमेठी।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत टिकरी गांव में संचालित बजरंगी स्वयं सहायता समूह ने रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता का आदर्श प्रस्तुत किया है। समूह सखी के रूप में काम कर रही रेनू ने दस साल के भीतर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के साथ दो दर्जन से अधिक ग्रामीण महिलाओं को रोजगार दिया है। बजरंगी स्वयं सहायता समूह की स्थापना 1अप्रैल 2013को हुई। समूह ने सरकार से ऋण प्राप्त कर धूपबत्ती निर्माण का काम शुरू किया। रेनू की ओर से धूप बत्ती निर्माण के काम और समूह को हो रही आमदनी से प्रभावित होकर अन्य समूहों की महिलाएं भी उसके साथ आ गई 2021मे रेनू को समूह सखी का प्रशिक्षण हासिल हुआ और उसने अन्य समूहों का भी मार्गदर्शन शुरू किया। महिलाओं को बचत और रोजगार के आंदोलन से जोड़ने के साथ बीमा योजनाओं से भी आच्छादित किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

- उ पडरौना नगर के छुछिया गेट के समीप मिला युवक का शव



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** पडरौना नगर के छुछीया गेट के समीप बुधवार की सुबह एक 21 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी है। मृतक की पहचान नगर के कसेरा टोली निवासी सोनू खरवार पुत्र कैलाश खरवार के रूप में हुई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर किसी तरह से शान्त किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पडरौना नगर में उस समय सनसनी फैल गई जब छुछीया गेट के समीप सड़क किनारे 21 वर्षीय सोनू का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। सुबह होते ही मौके पर लोगों की भारी संख्या में भीड़ जुट गई और तरहङ्कतरह की चर्चाएं शुरू हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में मातम का माहौल बन गया। बताया जाता है कि पडरौना नगर के कसेरा टोली, निवासी 21 वर्षीय सोनू खरवार पुत्र कैलाश खरवार के घर की माली हालत ठीक न होने के कारण बाहर कमाता था तीन दिन पूर्व वह अपने घर पडरौना आया हुआ था। परिजनों ने सोनू की मौत को सामान्य न मानते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि सोनू की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी, लेकिन जिस हालत में शव मिला है, वह कई सवाल खड़े करता है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पडरौना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। स्थानीय लोगों के अनुसार जिस स्थान पर शव मिला है, वह नगर का व्यस्त इलाका है। ऐसे में युवक की मौत को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठना लाज़मी हैं। घटना के बाद नगर में दहशत का माहौल है और लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि आखिर युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल और मृतक के हालिया गतिविधियों की भी पड़ताल की जा रही है। फिलहाल पुलिस किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों का इंतजार कर रही है। युवक की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और उन्हें न्याय मिल सके।

# खड्डा में तटबंध कटा, किसानों की चिंता बढ़ी, कराया जायेगा दुरस्त

- भैसहा तटबंध को जाने वाले मार्ग के माघी भगवानपुर गांव के पास कटा तटबंध



**अवधनामा संवाददाता**

**खड्डा, कुशीनगर।** क्षेत्र के नवतार जंगल से भैंसहा तटबंध को जाने वाली तटबंध जो माघी भगवानपुर गांव के पास स्थित है उसका कुछ हिस्सा कट गया है। जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है साथ ही बरसात के मौसम में तटबंध टूटने का खतरा अभी से लोगों को सताने लगा है। लोग विभाग के अधिकारियों से मिल कर मरम्मत करने की मांग की है।

बताते चले कि यह तटबंध खड्डा से पनियहवा रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे लाइन से सटे नौतार जंगल गांव से भैसहा तक लोगो की सुरक्षा के दृष्टि से वर्षो पहले बनाई गई थी। लेकिन इसकी मरम्मत व रखरखाव नहीं होने के कारण यह बदहाल हो गया है। तटबंध पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं लेकिन इस तटबंध को कोई देखने वाला नहीं है। क्षेत्र के लोगों ने विभागीय लापरवाही का आरोप लगा रहे है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि इस तटबंध को समय से मरम्मत नहीं कराई गई तो आने वाली बरसात के मौसम में इस क्षेत्र के लोगों का आना जाना मुश्किल हो जाएगा। इस समस्या को लेकर क्षेत्र के किसान अंगद यादव, महेंद्र प्रसाद, रामशीष साहनी, दिनेश निषाद, अखिलेश यादव और अन्य किसानों ने बाढ़ खंड के एसडीओ खड्डा मनोरंजन राय को एक शिकायती पत्र सौंप कर तटबंध को मिट्टी से तत्काल मरम्मत कराने और इसके जीर्णोद्धार की मांग की है।

पूछे जाने पर बाढ़ खंड विभाग के एसडीओ खड्डा मनोरंजन राय ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं थी।शिकायत मिली है। तटबंध की जांच कराई जाएगी। कटे हुए तटबंध की मरम्मत कर उसे दुरुस्त भी कराया जाएगा। क्षेत्र की जनता को कोई परेशानी नहीं होगी।

# राजा लक्ष्मेश्वर सिंह स्मृति खेल प्रतियोगिता 2026



- प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभगियो को पुलिस अधीक्षक ने किया पुरस्कृत

**बृजेश कुमार शुक्ल**

**बस्ती।** देशराज नारंग दयानन्द इण्टर कालेज, गोविन्दनगर( वाल्टरगंज) के प्रांगण मे चल रही राजा लक्ष्मेश्वर सिंह स्मृति खेल प्रतियोगिता 2026 के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनंदन और क्षेत्राधिकार सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी ने विजयी खेल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया।

समापन समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करें और समाज के लिए एक सकारात्मक उदाहरण बनें।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजा बस्ती एश्वर्य प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण-पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए। प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न खेलों में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। इसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। आयोजन की सफलता में सभी सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। इस प्रतियोगिता ने स्थानीय स्तर पर खेल संस्कृति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और भविष्य में ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की योजना है।

## अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य महिला आयोग का दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम 15 व 16 जनवरी को

**अमेठी।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान का दो दिवसीय जनपद अमेठी भ्रमण कार्यक्रम 15 व 16 जनवरी 2026 को प्रस्तावित हुआ है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महिला आयोग की अध्यक्ष 15 जनवरी 2026 को सायं 05:30 बजे जनपद अमेठी के गेस्ट हाउस पहुँचेंगी । रात्रि विश्राम के उपरान्त 16 जनवरी 2026 को 10:00 बजे जिला महिला चिकित्सालय, अमेठी का निरीक्षण करेंगी, उसके उपरान्त आयोजित गोद भराई, अन्नप्राशन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी।



अध्यक्ष द्वारा 11:30 बजे गौरीगंज तहसील के सभागार में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से जनसुनवाई करेंगी, जिसमें घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न अथवा अन्य किसी भी प्रकार से पीड़ित महिलायें अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है।। महिला कल्याण, बाल विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, बेसिक/माध्यमिक शिक्षा, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन, अल्पसंख्यक, उद्योग, एन0आर0एल0एम0, पंचायतीराज, कौशल विभाग, परिवहन के अधिकारियों के साथ शासन द्वारा संचालित महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगी। उक्त कार्यक्रम के समाप्ति के उपरान्त 15:30 बजे जनपद अमेठी से जनपद सुल्तानपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।

## प्रभागीय कार्यालय में वन अग्नि नियंत्रण कक्ष की गयी स्थापना : डॉ शिरीन

**बस्ती ।** प्रभागीय कार्यालय बस्ती में एक वन अग्नि नियंत्रण कक्ष की स्थापना तत्कालिक प्रभाव से की गयी है। यह जानकारी प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग डा. शिरीन ने दी है। उन्होने बताया कि वन अग्नि नियंत्रण कक्ष 24 घण्टे कार्यरत रहेंगा। वन अग्नि नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंम्बर-9454085996 है। वन अग्नि नियंत्रण कक्ष में सर्वेयर शक्ति मिश्रा, माली/चौकीदार राम ललित व रामचन्द्र की ड्यूटी प्रति 08 घण्टे के अनुसार लगायी गयी है।

## बांझपन के इलाज में पहचान बना रहीं डॉ. रूही परवीन

**अवधनामा संवाददाता, शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ स्थित डॉ. अंसारी हॉस्पिटल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रूही परवीन बांझपन (इन्फर्टिलिटी) के सफल इलाज को लेकर क्षेत्र में तेजी से पहचान बना रही हैं। डॉ. रूही परवीन ने बांझपन के कारण, लक्षण, उपाय और इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. रूही परवीन ने बताया कि बांझपन केवल महिलाओं की समस्या नहीं है। कई मामलों में इसका कारण पुरुषों से भी जुड़ा होता है, इसलिए पति-पत्नी दोनों की जांच जरूरी है। बिना गर्भनिरोधक के एक वर्ष तक नियमित दांपत्य जीवन के बावजूद गर्भधारण न होना बांझपन की श्रेणी में आता है। डॉ. रूही के अनुसार बांझपन के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिनमें हार्मोनल असंतुलन, पीसीओडी/पीसीओएस, फैलोपियन ट्यूब में रुकावट, गर्भाशय से जुड़ी समस्याएं, बढ़ती उम्र, मानसिक तनाव और असंतुलित जीवनशैली प्रमुख हैं। पुरुषों में शुक्राणुओं की कमी या उनकी गतिशीलता में कमी भी एक बड़ा कारण है।उन्होंने बताया कि लंबे समय तक गर्भ न ठहरना, मासिक धर्म की अनियमितता, पेट के निचले हिस्से में दर्द और बार-बार गर्भपात जैसे लक्षण नजर आने पर तुरंत विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। डॉ. अंसारी हॉस्पिटल में बांझपन से संबंधित सभी आवश्यक जांच और इलाज की सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां महिला व पुरुष दोनों की जांच, आधुनिक तकनीक से उपचार और नियमित फॉलो-अप की व्यवस्था की गई है। डॉ. रूही परवीन का कहना है कि समय पर सही परामर्श और धैर्य के साथ इलाज कराने से अधिकांश मामलों में बांझपन का समाधान संभव है। उन्होंने दंपत्तियों से अपील की कि सामाजिक संकोच छोड़कर समय रहते डॉक्टर से संपर्क करें।



# जनपद में तैनात महिला आरक्षी शीतल चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय स्तर पर दो स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास

- पुलिस अधीक्षक ने 25,000/- रुपये के पुरस्कार से किया पुरस्कृत



**बृजेश कुमार शुक्ल**

**बस्ती।** पुलिस लाइन, बस्ती में तैनात महिला आरक्षी शीतल चतुर्वेदी ने अपनी असाधारण प्रतिभा, कठिन परिश्रम और समर्पण के बल पर राष्ट्रीय स्तर की पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिताओं में लगातार दो स्वर्ण पदक जीतकर उत्तर प्रदेश पुलिस और जनपद बस्ती पुलिस का नाम रोशन किया है। 2019 बैच की यह महिला पुलिस कर्मी, जो लखीमपुर खीरी की निवासी हैं, ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। 9वीं अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता 2024-25 में पहला स्वर्ण पदक 24 जून से 30 जून 2024 तक असम में आयोजित 9वीं अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता 2024-25 में शीतल चतुर्वेदी ने 32वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ की उत्तर प्रदेश पुलिस पेंचक सिलाट टीम के साथ मिलकर कठिन अभ्यास किया। इस प्रतियोगिता में उन्होंने 45 किलोग्राम भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। उनकी इस उपलब्धि ने उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए गर्व का क्षण रचा।

**10वीं अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता 2025-26 में दूसरा स्वर्ण पदक :** शीतल ने अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखते हुए दिनांक 8 से 16 अक्टूबर 2025 तक शेर-ए-कश्मीर इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (स्यढ्रुष्टस) में आयोजित 10वीं अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता 2025-26 में भी हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में उन्होंने आंध्र प्रदेश की खिलाड़ी कल्पना कुमारी को हराकर 45 किलोग्राम भारवर्ग में दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। यह जीत उनके अनुशासन, मेहनत और खेल के प्रति जुनून का प्रतीक है।

शीतल चतुर्वेदी की इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक बस्ती ने हर्ष व्यक्त किया है। इस उपलब्धि के फल स्वरुप पुलिस अधीक्षक द्वारा 25,000/- रुपया के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस और समस्त पुलिस परिवार शीतल चतुर्वेदी को उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देता है, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## एस डी एम मुसाफिरखाना के विरोध में अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन जारी

**मुसाफिरखाना।** एसडीएम के कार्य व्यवहार के विरोध में तहसील परिसर में अधिवक्ताओं का आंदोलन मंगलवार को भी जारी रहा। बार एसोसिएशन अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की। यह आंदोलन बीते 30 दिसंबर से लगातार चल रहा है, जिसके कारण तहसील में न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप पड़ा है। अधिवक्ताओं के आंदोलित रहने के कारण न्यायालयों के बंद रहने से दूर-दराज से आने वाले वादकारियों को भारी परेशानी उठनी पड़ रही है। ठंड के मौसम में लोग मुकदमों की पैरवी के लिए आते हैं, लेकिन अगली तारीख लेकर लौटने को मजबूर होते हैं। प्रदर्शन के बाद अधिवक्ताओं की एक बैठक का आयोजन बार सभागार में हुई। जिसमें विचार विमर्श के बाद पहले से 15 जनवरी को प्रस्तावित महापंचायत उस दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाने के कारण स्थगित करने का फैसला लिया गया। अब सर्व सम्मति से 22 जनवरी को महापंचायत आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

# लाभार्थियों ने किया कोटेदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, घटतौली का लगाया आरोप



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी/तिलोई ।** जिले के बहादुरपुर ब्लॉक की खरौली ग्राम सभा के ग्रामीणों ने कोटेदार राजेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने तिलोई तहसील परिसर में पहुंचकर घटतौली और समय पर राशन न मिलने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कोटेदार राजेश कुमार नियमित रूप से राशन का वितरण नहीं करते। जब लाभार्थी राशन लेने जाते हैं, तो उन्हें सर्वर की समस्या या केवाईसी न होने का बहाना बनाकर वापस भेज दिया जाता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कई पात्र लाभार्थियों के नाम केवाईसी के नाम पर काट दिए गए हैं, जबकि उनके बायोमेट्रिक सत्यापन बैंक, खाद वितरण केंद्रों और अन्य सरकारी योजनाओं में सफलतापूर्वक हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार द्वारा राशन कार्ड रद्द करने की धमकी भी दी जाती है। ग्रामीणों के अनुसार, शिकायत करने पर कोटेदार उनकी बात नहीं सुनते और जनप्रतिनिधियों की भी अनदेखी करते हैं। प्रदर्शनकारियों ने तहसील प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें मामले की निष्पक्ष जांच और आरोप सही पाए जाने पर कोटेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

# डी.एन.ए का हुआ मिलान तो 5 वर्ष बाद दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

- 5 वर्ष पहले रोजा अड्डा दुकान में मिले शव, के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज
- जानवर का शव बताकर तालाब के किनारे फेंका

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना रोजा क्षेत्र में 5 वर्ष पूर्व मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक दुकान के अंदर मिले अधजले शव के मामले में थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने 5 वर्ष बाद हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज किया है यह मामला पुलिस के लिए गले की हड्डी बन चुका था इस मामले को लेकर लगातार पुलिस पर सवाल उठ रहे थे आखिरकार मृतक के पिता राम औतार की मेहनत रंग लाई और मृतक की मां के प्रार्थना पत्र के आधार पर दो नामजद लोगों के खिलाफ हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया

19 दिसंबर 2020 की रात्रि दुकान में मिला था शव पशु का बातकर तालाब में फेंका यह पूरा मामला 19 दिसंबर 2020 की रात्रि का है जब थाना रोजा अड्डा पर एक मोबाइल दुकान (खोखे)के अंदर जिसमें आग लगी और सुबह होते उस दुकान के अंदर एक अधजला शव पड़ा पाया गया जिसे लोगों ने जानवर का बताकर तालाब के किनारे फेंक दिया था जब लोगों ने कहा यह जानवर का नहीं किसी इंसान का शव है तो मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी बुलाया गया जिसने मानव का शव होने की पुष्टि की इसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई लोग सवाल करने लगे आखिर यह कौन है जिसका दुकान के अंदर अधजला शव मिला है शव मिलने की जब तक सूचना थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला फतेहपुर रेती निवासी राम औतार यादव को लगी तब तक बहुत देर हो चुकी थी राम औतार लगातार थाना रामचंद्र मिशन में अपने गायब हुए बेटे अभिषेक यादव की गुमशुदी दर्ज कराने के लिए चक्कर लगा रहा था थाना रोजा और थाना रामचंद्र मिशन के बीच दौड़ते दौड़ते थक गया तब कहीं जाकर उसकी 15 फरवरी 2021 को थाना आरसी मिशन



पुलिस ने गुमशुदी में रिपोर्ट दर्ज की मृतक के पिता को जब जानकारी हुई की बॉडी से कड़ा और ताबीज मिला है तो उसने अपने बेटे की बॉडी बताते हुए अधिकारियों के चक्कर लगाने शुरू कर दिए और चिल्ला चिल्ला कर कह रहा था कि वह बॉडी हमारे बेटे अभिषेक यादव की थी हमारा बेटा कड़ा और ताबीज पहने था लेकिन पुलिस ने उसकी एक न सुनी और बड़ी मेहनत के बाद उसको उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कड़ा और ताबीज दिखाया गया फिर भी पुलिस को उसकी बात का भरोसा नहीं हुआ।

### पहचान के लिए कराया गया डीएनए टेस्ट

मृतक अभिषेक यादव का पिता चीख-चीख कर अधिकारियों से कह रहा था यह कड़ा और ताबीज हमारे बेटे का है और यह बॉडी भी हमारे बेटी की थी हमारे बेटे का मर्डर कर दिया गया है उसने कई प्रार्थना पत्र भी पुलिस को दिए लेकिन सुनवाई नहीं हुई उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने उसकी बात की पुष्टि करने के लिए मृतक की मां सुमन और मृतक के पिता राम औतार का डीएनए सैंपल लिया गया इस पूरी प्रक्रिया में 5 बर्ष लग गए तब कहीं जाकर डीएनए टेस्ट के मिलान में यह क्लियर हुआ कि अधजला शव अभिषेक यादव का था तब कहीं पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### मृतक की मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट हत्या का आरोप

इस पूरे मामले में शव की पहचान सुनिश्चित होने के बाद मृतक अभिषेक यादव की मां सुमन ने थाना रामचंद्र मिशन में मुकदमा दर्ज कराया है आरोप लगाया है कि घटना के दिन उसका बेटा अभिषेक मोहल्ले के सानू के भाई के साथ रोजा क्षेत्र के एक ढाबे पर खाना खाने गया था जहां कार चालक नईम और राजू पता अज्ञात के साथ उसका झगड़ा हो गया दोनों ने अभिषेक को पहले पीटा और फिर हत्या कर शव को रोजा अड्डे पर ( लोहे के धोखे) दुकान के अंदर डाल दिया और आग लगा दी।

इस मामले में थाना रामचंद्र प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि अभिषेक यादव हत्या मामले में हत्या, सबूत मिटाने और संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# बाँदा में बागेश्वरधाम सरकार के आगमन को लेकर तैयारियां, पूरे शहर में उत्सव का माहौल

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र शास्त्री के बाँदा आगमन को लेकर शहर पूरी तरह भक्तिमय माहौल में डूब गया है। हनुमंत कथा के आयोजन हेतु मवई बाईपास चौराहे पर विशाल और सुसज्जित पंडाल तैयार कर लिए गए हैं। आयोजन को भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक एवं सिटी मजिस्ट्रेट ने कथास्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात, भीड़ नियंत्रण और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पं. धीरेन्द्र शास्त्री के आगमन की सूचना के बाद से ही पूरे शहर में धार्मिक उत्सव जैसा माहौल बन गया है। प्रमुख चौराहों, मार्गो और बाजारों को सजाया जा रहा है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में उनकी एक झलक पाने को उत्सुक हैं। बाँदा ही नहीं, आसपास के जिलों से भी भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। कथा श्रवण के लिए बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के कारण बाँदावासियों के घरों में मेहमानों का आगमन बढ़ गया है, जिससे शहर में रौनक और चहल-पहल देखने को मिल रही है। वहीं सोशल मीडिया पर भी इस आयोजन की खास धूम है। कई स्थानीय यूट्यूबर और सोशल मीडिया एक्टिविस्ट प्रतिदिन कथास्थल मवई बाईपास चौराहे पर पहुंचकर रील्स, वीडियो और लाइव अपडेट तैयार कर रहे हैं, जिससे कार्यक्रम की जानकारी दूर-दूर तक पहुंच रही है। 15 तारीख को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह कलश यात्रा महेश्वरी देवी मंदिर, रामलीला मैदान से सुबह 11 बजे प्रारंभ होगी और नगर भ्रमण करते हुए बाबूलाल चौराहा स्थित काली मंदिर तक पहुंचेगी। कलश यात्रा को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। महिलाएं पीली साड़ियों में तथा पुरुष पीले कुर्ता-पायजामा पहनकर यात्रा में शामिल होंगे, जिससे पूरा नगर पीले रंग में रंगा नजर आएगा। कुल मिलाकर आगामी पांच दिनों तक बाँदा शहर में भक्ति, श्रद्धा और उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आयोजक समिति, प्रशासन और श्रद्धालु मिलकर इस धार्मिक आयोजन को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए जुटे हुए हैं।

# मल्टीपर्पज आडिटोरियम में संपन्न हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा को विश्व पटल पर अंकित करने और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ''उत्तर प्रदेश पर्व-हमारी संस्कृति, हमारी पहचान'' के अन्तर्गत 'संस्कृति उत्सव 2025-26' के तहत कपूरथला परिसर स्थित मल्टीपर्पज आडिटोरियम में आयोजित जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में गायन, वादन, शास्त्रीय नृत्य, उपशास्त्रीय नृत्य, जनजातीय वाद्य यंत्र/लोक वाद्य, काव्य पाठ, लोक नृत्य, नोकनाट्य इत्यादि विधाओं तहसील स्तर पर चयनित प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द व जिला पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष कुमार के साथ मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। तदोपरान्त जिला स्तरीय प्रतियोगिता कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, महराज सिंह इण्टर कालेज, तारा इण्टर कालेज सहित अन्य शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति, करजी गीत व अन्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सीडीओ श्री चन्द्र ने संस्कृति उत्सव 2025-26 में प्रतिभाग करने वाले शिक्षण संस्थाओं, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षण स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री चन्द्र ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चें अपनी संस्कृति व विरासत से भिज्ञ होंगे। उन्होनें कहा कि प्रदेश सरकार की इस पहल से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में नृत्य में श्रेष्ठा पटेल, तमन्ना चौहान व पूर्वा, गायन में वरूण वर्मा, यशी व सोनाली को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा वादन में मुस्कान मिश्रा व प्रिया मिश्रा क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

**उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, बस्ती।**

**ई-निविदा सूचना, दिनांक-14.01.2026**

**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. **अल्पकालीन ई-निविदा सं0 47/ वि0पा0सं0 (ब0) / 2025-26** :- विद्युत प्रेषण खण्ड-द्वितीय, बस्ती मुख्यालय सिद्धार्थनगर के अन्तर्गत परिचालित 132 के0वी0 बांसी-मेहदावल लाइन के लोकेशन सं0 51-58 के मध्य टावर डायवर्जन का कार्य एवं आपूर्ति करने के सम्बन्ध में। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 1770.00 एवं धरोहर धनराशि रू0 61000.00 मात्र।
2. **अल्पकालीन ई-निविदा सं0 48/वि0पा0सं0 (ब0)/2025-26** :- विद्युत प्रेषण खण्ड-द्वितीय, बस्ती मुख्यालय सिद्धार्थनगर के अन्तर्गत परिचालित 220 के0वी0 बांसी-पी0जी0सी0आई0एल0 लाइन के टॉवर लोकेशन सं0 09-14 की शिफ्टिंग कार्य एवं आपूर्ति करने के सम्बन्ध में। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 1770.00 एवं धरोहर धनराशि रू0 82000.00 मात्र।
3. **अल्पकालीन ई-निविदा सं0 49/वि0पा0सं0 (ब0) / 2025-26** :- विद्युत प्रेषण खण्ड-द्वितीय, बस्ती मुख्यालय सिद्धार्थनगर के अन्तर्गत परिचालित 132 के0वी0 बांसी-रुधौली लाइन के टॉवर लोकेशन सं0 04-05 की शिफ्टिंग कार्य एवं आपूर्ति करने के सम्बन्ध में। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धरोहर धनराशि रू0 23500.00 मात्र।
4. **अल्पकालीन ई-निविदा सं0 50/ वि0पा0सं0 (ब0) / 2025-26** :- विद्युत प्रेषण खण्ड-द्वितीय, बस्ती मुख्यालय सिद्धार्थनगर के क्षेत्रान्तर्गत 220/132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र बांसी पर स्थापित 220 के0वी0 लाइन फीडर पैनल को बदलने के सम्बन्ध में। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धरोहर धनराशि रू0 2100.00 मात्र।
5. **अल्पकालीन ई-निविदा सं0 51 / वि0पा0सं0 (ब0) / 2025-26** :- विद्युत प्रेषण खण्ड-द्वितीय, बस्ती मुख्यालय सिद्धार्थनगर के क्षेत्रान्तर्गत 132/33 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र-इटवा पर डाटा सम्प्रेषण हेतु GPRS Modem Install एवं Commission करने के सम्बन्ध में। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धरोहर धनराशि रू0 17000.00 मात्र।
6. **अल्पकालीन ई-निविदा सं0 52/वि0पा0 मं0 (ब0)/ 2025-26** :- विद्युत प्रेषण खण्ड-द्वितीय, बस्ती के अन्तर्गत 132/33 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र बांसी पर स्थापित 40 एम0वी0ए0 परिवर्तक-प्रथम (BBL Make) एवं द्वितीय (AREVA Make) पर कूलिंग फैन की आपूर्ति स्थापना एवं आटो मोड पर क्रियाशील करने से सम्बन्धित कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धरोहर धनराशि रू0 4200.00 मात्र।

अल्पकालीन ई-निविदा सं0 47, 48, 49, 50, 51, 52 की अन्तिम तिथि 04.02.2026 समय 13:00 बजे।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट-http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल
बस्ती

# अवैध सहारा बाल चिकित्सालय सील

- संचालक फरार, जुड़वा बच्चों की मौत से मचा हड़कंप

**अवधनामा संवाददाता**



**सुलतानपुर/चांदा।** चांदा बाजार में अवैध रूप से संचालित सहारा बाल चिकित्सालय पर आखिरकार स्वास्थ्य विभाग की गाज गिर गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के आदेश पर मंगलवार को सीएमओ कार्यालय की टीम ने अस्पताल पर छापा मारकर उसे सील कर दिया, जबकि अस्पताल का संचालक आकाश मिश्रा मौके से फरार पाया गया। इस मामले में कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सीएमओ कार्यालय की टीम ने 13 जनवरी को यह कार्रवाई उस समय की जब यह सामने आया कि सहारा बाल चिकित्सालय बिना पंजीकरण के चल रहा था। छापेमारी के दौरान अस्पताल में भारी अनियमितताएं पाई गई। टीम में जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. आर.के. कन्नौजिया, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जे.सी. सरोज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपी कमैचा के अधीक्षक डॉ. आर.सी. यादव, वरिष्ठ सहायक विजय कुमार तथा पुलिस बल के उप-निरीक्षक अवधेश सिंह यादव और उमा शंकर यादव शामिल रहे।जांच में सामने आया कि अस्पताल न तो सीएमओ कार्यालय में पंजीकृत था और न ही इलाज से जुड़े मानकों का पालन किया जा रहा था। छापेमारी के समय अस्पताल के कथित प्रबंधक निकिता तिवारी और शिवांग मिश्रा मौजूद थे, लेकिन संचालक आकाश मिश्रा (निवासी रामगढ़) मौके से नदारद मिले। यह कार्रवाई उस दर्दनाक मामले के बाद हुई जिसमें सराकल्याण (दारापुर) निवासी संदीप उमर वैश्य के जुड़वा नवजात बच्चों की मौत हो गई थी। संदीप वैश्य की पत्नी किरण ने 26 दिसंबर को लंभुआ के एक निजी अस्पताल में जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था। बच्चों की गंभीर हालत बताकर उन्हें पीपी कमैचा स्थित सहारा बाल चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां 27 दिसंबर को एक नवजात की मौत हो गई। इसके बाद 12 जनवरी को दूसरे बच्चे की भी मौत हो गई।लगातार दो मौतों से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपी कमैचा के अधीक्षक की तहरीर पर चांदा कोतवाली में केस दर्ज किया गया है। अब सवाल यह है कि बिना पंजीकरण के चल रहे इस अस्पताल पर कार्रवाई पहले क्यों नहीं हुई और आखिर मासूमों की जान जाने के बाद ही प्रशासन क्यों जागा?

## राजकीय इण्टर कालेज बहराइच के भवन निर्माण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

**बहराइच।** मंगलवार को देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा निर्माणाधीन राजकीय इन्टर कालेज, बहराइच के विद्यालय भवन का निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। अलंकार प्रोजेक्ट के तहत स्वीकृत धनराशि रू. 1009.64 लाख की लागत से निर्माणाधीन विद्यालय भवन के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था यूपी सिडकों के अधि.अभि. जी.एस. बिरला ने बताया कि अब तक रू. 504.82 लाख की धनराशि अवमुक्त हुई है। अधि.अभि. ने बताया कि प्रस्तावित भूमि पर स्थित जर्जर भवन का धवस्तीकरण न होने के कारण निर्माण कार्य समय से प्रारम्भ नही हो पाया था। श्री बिरला ने बताया कि प्रधानाचार्य द्वारा अवगत कराया गया है कि मेरे कार्यालय स्तर से जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही पूर्ण करते हुए भूमि शीघ्र उपलब्ध करा दी जायेगी। तत्पश्चात टेण्डर आदि की कार्यवाही पूर्ण करते हुए निर्माण कार्य 19 दिसम्बर 2025 से प्रारम्भ किया गया जो कि वर्तमान में प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि निर्माणाधीन विद्यालय भवन के मुख्य भवन में नींव खुदाई करके पी.सी.सी. का कार्य प्रारम्भ किया गया है तथा कालम एवं फुटिंग की सरिया बाइंडिग का कार्य भी किया जा रहा है।

# फर्रुखाबाद पैसेंजर ट्रेन पर पथराव में एक यात्री घायल

- सूचना पर शिकोहाबाद स्टेशन पर उतार कर यात्री का उपचार कराया
- सूचना पर पहुंचे स्वजन उसको अपने साथ प्राइवेट अस्पताल ले गए

**अवधनामा संवाददाता**



**शिकोहाबाद।** मंगलवार की शाम फर्रुखाबाद पैसेंजर ट्रेन में भोगांव रेलवे स्टेशन के समीप खेल रहे कुछ बच्चों ने ट्रेन पर पथराव कर दिया। जिससे खिड़की के पास बैठे एक युवक की नाक में पत्थर लगा, जिससे वह घायल हो गया। हादसे की जानकारी यात्री के साथी ने आरपीएफ को दी। सूचना मिलते ही स्टेशन पर जैसे ही ट्रेन पहुंची आरपीएफ ने घायल युवक को उतार कर एंबुलेंस से संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां से स्वजन उसे अपने साथ प्राइवेट अस्पताल ले गये। आरपीएफने बताया कि अनिल (38) पुत्र बंगाली ग्राम बन्ना टूंडला फिरोजाबाद किसी काम से फर्रुखाबाद गया था। यहां वह फर्रुखाबाद पैसेंजर ट्रेन से टूंडला के लिए आ रहा था। इसी दौरान जब ट्रेन भोगांव रेलवे स्टेशन क्रॉस करते आगे बढ़ रही थी, जब ट्रेन टिंडोली रेलवे स्टेशन के समीप पहुंची, तभी वहां कुछ बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान कुछ युवकों ने ट्रेन पर वहीं पड़ी गिट्टी उठा कर फेंकना शुरू कर दिया। जिसमें एक गिट्टी खिड़की के सहारे बैठे युवक की नाक पर आकर लगी। जिससे उसके चोट आ गई। अनिल के साथ युवक ने घटना की जानकारी आरपीएफ शिकोहाबाद को दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ ने एंबुलेंस को मगंवा कर खड़ा कर लिया। जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर रुकी, आरपीएफ के जवानों ने युवक को ट्रेन से उतार कर उसे संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। इधर घटना की जानकारी युवक के स्वजनों को मिली तो वह शिकोहाबाद अस्पताल आ गए और घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद अपने साथ प्राइवेट चिकित्सक के यहां ले गये। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# सीएम डैशबोर्ड व सीएमआईएस कार्यों की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**

- धीमी प्रगति पर कार्यदायी संस्थाओं को नोटिस के निर्देश

**बाँदा।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड एवं सीएमआईएस पोर्टल पर दर्ज विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करें और कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में रुचि लेते हुए गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान स्टेडियम एवं शहीद पार्क में कार्यों की प्रगति धीमी पाए जाने पर कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। पर्यटन विभाग के अंतर्गत रिवरफ्रंट रनगढ़ एवं नवाब टैंक में फाउंटेन निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा गया। यूपी सिडको को बबेरू बस स्टेशन के निर्माण कार्य में गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

सिंचाई विभाग की केन-बेतवा लिंक परियोजना में तेजी लाने, सीएनडीएस द्वारा अग्निशमन केंद्र तिंदवारी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बिसण्डा तथा नगर पंचायत ओरन के कार्यों को अतिरिक्त मैनपावर लगाकर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सेतु निर्माण कार्यों को भी समयबद्ध रूप से पूरा करने को कहा गया।

बैठक में ओडीओपी योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यों, दशमोत्तर छात्रवृत्ति वितरण, निराश्रित गौवंश संरक्षण एवं गौवंश सहभागिता योजना, खराब ट्रांसफार्मरों के प्रतिस्थापन, विद्युत बिल सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना के अवशेष आवासों के निर्माण तथा जल निगम द्वारा सड़कों के रेस्टोरेशन कार्यों की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित संबंधित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुण्य तिथि पर बुजुर्गों व मेधावियों का सम्मान

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम पूरे तुलसीराम में स्वर्गीय जगपती देवी की चतुर्थ पुण्य तिथि के अवसर पर बुजुर्गों एवं मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन तुलसी ग्रामोत्थान न्यास के तत्वावधान में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदरकांड पाठ, हवन एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। आयोजन का संचालन धर्मेन्द्र शुक्ल ने किया। सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों को अंगवस्त्र एवं भगवान राम की बालक प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया, वहीं वरिष्ठ नागरिकों व बुजुर्गों को शाल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अवधेश त्रिपाठी (जिला संचालक, सुलतानपुर) ने कहा कि ऐसे पुनीत आयोजनों से बुजुर्गों और मेधावी छात्रों का मनोबल बढ़ता है तथा समाज में सकारात्मक और प्रेरणादायी संदेश जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जुगुल किशोर श्रीवास्तव ने की। इस आयोजन का संयोजन तुलसी ग्रामोत्थान न्यास के संरक्षक बीरेंद्र तिवारी एवं अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार प्रबीण तिवारी द्वारा किया गया।

## समीक्षा बैठक 16 जनवरी को

**फिरोजाबाद।** शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में ई-डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से सेवाओं एवं जन सुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) के अन्तर्गत प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों का, लोक शिकायत-आईजीआरएस -तहसील स्तरीय, लोक शिकायत आईजीआरएस-जनपद स्तरीय, आईजीआरएस सन्दर्भो की स्थिति (मुख्यमंत्री सन्दर्भ, पी0जी0 पोर्टल ऑन लाइन एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) प्राप्त शिकायतों के विवरण के साथ-साथ 05 दिन पहले डिफाल्टर होने वाले लम्बित शिकायतों का तत्काल नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 16 जनवरी 2026 दिन शुकवार को प्रातः 12 बजे समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। उक्त के सम्बन्ध में जनपद के समस्त सम्बन्धित अधिकारियों से अपेक्षा है कि वह नियत समयानुसार 05 दिन पहले डिफाल्टर होने वाली समस्त शिकायतों का निस्तारण करते-कराते हुये उक्त बैठक में निम्नवत सूचनाओं सहित प्रत्येक दशा में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। यदि आपके द्वारा बैठक में प्रतिभाग नहीं किया जाता है, तो आपके विरूद्ध कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया जायेगा, जिसकी उत्तरदायित्व आपका होगा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम फते आब उर्फ मुंण्डहे पुत्र मुसर्रफ उर्फ मुंशरिफ खां है जो कि सारे कागजात में अब फते आब पुत्र मुसर्रफ है जो मुझे अब इसी नाम से जाना जायेगा।

**सूचनाकर्ता**
फते आब पुत्र मुसर्रफ निवासी ग्राम फिरोजपुर तरहर तहसील व जिला गोण्डा

## एनएसएस छात्र छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** दीप सिंह इंटर कॉलेज रजावली चौराहा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने विशेष शिविर के चतुर्थ दिन गांव कातिकी की में स्वयं सेवक को ने ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित किया। एनएसएस रैली का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र शर्मा ने मां सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम अधिकारी यतेंद्र सिंह ने बताया कि बेटी पढ़ाओ तभी घर में बहू ला पाओगे, बेटी बेटा एक समान है आज के समय में बेटी हो बेटा सभी समान है। इसलिए प्रत्येक परिवार को अपनी बेटी को पढ़ी लिखी अवश्य बनाये। इस मौके पर उपाध्यक्ष दिनेश पाल सिंह, रविंद्र कुमार शर्मा, आनंद कुमार, रविंद्र पाल सिंह एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



## स्व. नत्थीलाल की पुण्यतिथि पर गरीबों को बांटे कंबल एवं सॉल



**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** गांव गढ़ी भक्ति लाइनपार टूंडला में डॉ. सत्य प्रकाश बघेल एवं रिंकू बघेल के नेतृत्व में स्वर्गीय नत्थी लाल की 28 भी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में स्वर्गीय नत्थी लाल की पुण्यतिथि पर गरीब असहाय लोगों को कंबल एवं सॉल वितरण की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमती मधु बघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर, नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, शशांक प्रताप सिंह, अनन्त प्रताप सिंह, डॉ अतुल सिंह, विष्णु तिवारी, लकी यादव, गौरव जैन आदि के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नगर पालिका ने 40 साल से बंद पड़े रास्ते को खुलवाया

**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** गली बंद व पानी न निकलने की शिकायत एक महिला ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में की थी। जिस पर पुलिस व नगर पालिका टीम ने 40 साल से बंद पड़े रास्ते को खुलवा दिया गया तथा पानी की भी निकासी कर दी गई। संपूर्ण समाधान दिवस में श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी जयप्रकाश निवासी कच्चा टूंडला द्वारा गली बंद व पानी न निकलने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिस पर बुधवार को पुलिस प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद टूंडला की अतिक्रमण टीम ने 40 साल से बंद पड़े रास्ते को खुलवा दिया गया तथा पानी की भी निकासी कर दी गई। इस मौके पर उप निरीक्षक प्रशांत कुमार, मोहन कुमार, प्रभारी अशोक कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार सफाई नायक, सूरज मेवाती आदि उपस्थित रहे।




# दो दर्जन से अधिक पूर्व प्रधानों का ऑडिट को लेकर फंसा पेच

- लेखा-जोखा तैयार करने में जुटे ग्राम पंचायत सचिव
- लेखा परीक्षा ऑडिट के दौरान नहीं दिया करोड़ों की धनराशि का हिसाब

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जनपद के विकासखंड भावल खेड़ा के लगभग दो दर्जन से अधिक पूर्व ग्राम प्रधानों को जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है यह पूर्व ग्राम प्रधान वर्ष 2018-19 में ग्राम पंचायत विकास कार्यों के लिए आई करोड़ों की धनराशि का लेखा परीक्षा ऑडिट के दौरान हिसाब नहीं दे पाए थे इससे पहले भी संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों को नोटिस जारी किया जा चुका है जिसका अभी तक संबंधित ग्राम पंचायत सचिव लेखा-जोखा नहीं दे पाए हैं अब जिलाधिकारी द्वारा सीधे पूर्व प्रधानों को नोटिस जारी करते हुए सख्त चेतावनी दी गई है कि जो ग्राम प्रधान या ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत में प्राप्त वकाया धनराशि का लेखा जोखा निर्धारित समय में लेखा परीक्षा अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर पाएंगे उन पूर्व प्रधानों एवं पंचायत सचिवों से बकाया धनराशि को नियमानुसार मालगुजारी के रूप में वसूल किया जाएगा, आपको बता दें विकासखंड भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत चौडेरा में सबसे अधिक एक करोड़ 9 लाख प्राप्त धनराशि का ऑडिट नहीं हो सका था इसके अलावा भांवलखेड़ा ब्लॉक की इसी क्रम में जपनापुर , ऐंठापुर ,नगरपाल, शाहगंज, पसगवां, सुजातपुर, जलालपुर था. गुर्री, गुवारी, सडरा ,उदियपुर, बल्लिया ,डीगुरपुर असलानी, बिलंदपुर सिउरा ,अहमदनगर ता. बहादुरपुर, कनेंग दिलावलपुर देवकली ,ऐंठा हुसैनपुर, कटिया रज्जव, मऊ वासक,नुसरत पुर उर्फ वाडी गांव, गोरी कला ,ददऊ ,आंटा खुर्द, रौसर, शहबाजपुर ,दनियांपुर बादशाह नगर ग्राम पंचायते शामिल हैं जिनमें कहीं 30 लाख कहीं 25 लाख कहीं 10 लाख प्राप्त धनराशि का ऑडिट वर्ष 2018-19 में नहीं हो सका था जिनके पूर्व ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिवों को नोटिस जारी किया गया है।

## लेखा-जोखा तैयार करने में जुटे ग्राम पंचायत सचिव, भौतिक सत्यापन में फंसेगा मामला

नोटिस जारी होने के बाद वर्ष 2018-19 में कराए गए ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों का संबंधित ग्राम पंचायत सचिव लेखा जोखा तैयार करने में जुट गए हैं कुछ ग्राम प्रधानों का कहना है कि ऑडिट के दौरान ग्राम पंचायत सचिवों से लेखा परीक्षा अधिकारी द्वारा भेजे गए ऑडिट कर्मियों का विवाद हो गया था इसलिए ऑडिट नहीं हो सका अब लगभग 5 वर्ष बाद हो रहे ऑडिट विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण हुआ तो मामला फंस सकता है क्योंकि जो कार्य वर्ष 2018-19 में ग्राम प्रधानों द्वारा कराए गए थे उनमें बहुत से कार्य ऐसे हैं जिन्हें दोबारा वर्तमान ग्राम प्रधानों द्वारा कराया जा चुका है लेकिन सूत्रों की माने तो इस मामले को खत्म करने के लिए पूर्व ग्राम प्रधान और संबंधित ग्राम पंचायत सचिव एड़ी से छोटी तक का जोर लगाने में जुटे हुए हैं।

# गुरुद्वारे में लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब गुरुद्वारे में लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संगत ने लोहड़ी जलाई और कच्ची लस्सी, तिल, गुड़, मूंगफली डालकर लोहड़ी की परिक्रमा कर माथा टेक कर मन्नतें मांगी और एक दूसरे को लोहड़ी की बधाइयां दीं। गुरूद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब कमेटी के अध्यक्ष तरन पाल सिंह कालरा ने सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाइयां देते हुए कहा कि लोहड़ी का पावन पर्व परिवार में आने वाले नए मेहमान जैसे नई बहू, बच्चा या फिर हर साल होने वाली फसल के स्वागत के लिए मनाया जाता। गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब में लोहड़ी जलाने के बाद सभी को रेवड़ी, गजक, मूंगफली आदि प्रसाद बांटकर संगत ने एक दूसरे को लोहड़ी पर्व की लख लख बधाइयां देते हुए सुंदरिए, मुंदरिए ओए, तेरा कौन बिचारा, दुल्ला भट्टी वाला, दुल्ले ने धी ब्याही व सबनूं लोहड़ी दी बधाई हौबे और आ श्यामा सान्नू लोहड़ी दे, ज्यादा दे पाहवें थोड़ी दे लोहड़ी के गीतों पर भांगड़ा डांस किया। गुरुद्वारा श्री तेग बहादुर साहिब में लोहड़ी के पावन पर्व पर नव विवाहित जोड़ों व नवजात बच्चों के परिवारों ने लोहड़ी की परिक्रमा कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर शहर के सर्व समाज के गणमान्य लोगों ने शामिल होकर एक दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी।

## पैदल व्यक्ति को बाइक ने मारी टक्कर, तीन घायल

**हरदोई।** बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र मे कोथावा-अतरौली मार्ग पर बंशीपारा मोड़ समीप घर जा रहे पैदल व्यक्ति को बाईक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे जिससे पैदल जा रहे व्यक्ति समेत बाईक पर सवार तीन लोंग घायल हो गए। राहगीर धर्मेन्द्र सिंह की सूचना पर पहुंची 102 एम्बुलेंस यूपी बत्तीस एफजी गेरह तेतिस लेकर पहुचे ईएमटी सुनील कुमार पाल व पायलेट हरीश कुमार ने तीनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावा मे भर्ती कराया। जहा चिकत्सक डॉ चंद्रकांत ने तीनो की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया जनपद सीतापुर के थाना सदना क्षेत्र के कबीरपुर गांव निवासी अनलजीत राज पुत्र रामस्वरूप उम्र 19 वर्ष अपने भाई कमलजीत के साथ बी ए का पेपर देकर गौसगंज से बाईक पर सवार होकर घर जा रहे थे।कि बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र मे कोथावा-अतरौली मार्ग पर बंशीपारा मोड़ समीप बंशीपुर गांव निवासी मनोज पुत्र मुंशीलाल उम्र 35 वर्ष खेत से पैदल घर जा रहे युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीन लोंग घायल हो गए। राहगीर धर्मेन्द्र सिंह की सूचना पर पहुंची 102 एम्बुलेंस यूपी बत्तीस एफजी गेरह तेतिस लेकर पहुचे ईएमटी सुनील कुमार पाल व पायलेट हरीश कुमार ने तीनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावा मे भर्ती कराया।

# मकर संक्रांति पर राजघाट में आस्था का सैलाब



**आज से विधिवत शुरू हुआ कल्पवास**

अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बिलग्राम स्थित राजघाट एक बार फिर आस्था के महाकुंभ में तब्दील हो गया है। मिनी कुंभ के नाम से प्रसिद्ध रामनगरिया में हजारों की संख्या में श्रद्धालु कल्पवास के लिए पहुंच चुके हैं। परंपरा के अनुसार मकर संक्रांति के स्नान के साथ ही आज से विधिवत रूप से कल्पवास की शुरुआत हो गई। राजघाट पर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बिजली, पानी, सड़क और प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौक पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीओ रवि प्रकाश सिंह, कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार राय तथा बीडीओ सौरभ पांडेय ने राजघाट पहुंचकर स्नान घाट, मेला क्षेत्र और कल्पवास स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दिया और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसडीएम ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए राजघाट पहुंचेंगे। स्नान के उपरांत हवन-पूजन, कीर्तन और भंडारों का आयोजन किया जाएगा। माघ माह की शुरुआत के साथ ही गंगा तट पर भागवत कथा और भजन-कीर्तन का सिलसिला भी लगातार जारी है।

### मेला क्षेत्र को 5 सेक्टर में बांटा गया

सीओ रवि प्रकाश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला क्षेत्र को पांच सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर में एक-एक सब इंस्पेक्टर को प्रभारी नियुक्त किया गया है। सभी कल्पवासियों, अखाड़ों और साधु-संतों का रजिस्टर तैयार कराया गया है ताकि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। मुख्य स्नान पर्व पर करीब 200 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पीएसी, गोताखोरों और नावों को भी तैनात किया गया है। डीएम के निर्देश पर प्रकाश व्यवस्था को मजबूत किया गया है तथा मार्गों पर गड्ढा मुक्त सड़क और चुने डलवाने का कार्य भी कराया गया। ग्राम पंचायत को प्रतिदिन सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नगर पालिका को मेला क्षेत्र में मोबाइल टॉयलेट लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

### मुख्य स्नान पर्व पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद

सीओ रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए मुख्य स्नान पर्व के दिन बिलग्राम-कन्नौज मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। भारी वाहन माधोगंज-तिर्वा-कुल्ली मार्ग से होकर कन्नौज जाएंगे।

# खोए हुए 30 लाख रुपए कीमत के 101 मोबाइल बरामद



अवधनामा ब्यूरो

**मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे**

**इटावा।** लोगो के खोए हुए 30 लाख रुपए कीमत के 101 मोबाइल इटावा पुलिस ने बरामद कर बुधवार को वापस किये। इन खोए हुए मोबाइल की रिपोर्ट भारत सरकार के पोर्टल संचार साथी, और पुलिस के पोर्टल यूपी कॉप पर रजिस्टर की गई थी। एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने इन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों को संज्ञान लेते हुए मोबाइल बरामदगी के निर्देश दिए थे, जिसके बाद सर्विलांस टीम और एसओजी टीम ने विभिन्न संसाधनों से जांच कर मोबाइल बरामद किये। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस को धन्यवाद दिया। एक महिला ने रोते हुए बताया कि उनकी मां की तेरहवीं के दिन मोबाइल गुम हो गया था और उन्हें मोबाइल वापस मिलने की कोई उम्मीद नहीं थी। एक युवक ने बताया कि उसने पानी की बोतले और कार सफाई करके फोन खरीदा था, आज फोन वापस पाकर बहुत अच्छा लग रहा है, उसने पुलिस टीम को माला पहना कर सम्मानित किया। एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने फोन बरामद करने वाली टीम को 25 हजार रुपए का पुरुस्कार देने की घोषणा की। एसएसपी ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी का फोन गुम हो जाता है तो वो संचार साथी एप पर या upcop एप पर शिकायत दर्ज करा सकते है ताकि फोन को तलाशने में आसानी हो।

# सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह 'रानू' ने किया कंबल वितरण



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह 'रानू' ने आज क्षेत्र में आयोजित दो अलग अलग कंबल वितरण कार्यक्रमों में सहभागिता कर जरूरतमंदों की सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। विधायक ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना ही जनसेवा का वास्तविक उद्देश्य है।

कार्यक्रम की शुरुआत इकनौरा स्थित सती माता मंदिर परिसर से हुई, जहाँ ग्राम प्रधान बागीश यादव द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह 'रानू' ने मंदिर में माता सती का विधिवत आशीर्वाद प्राप्त कर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर अरविंद सिंह भी विधायक के साथ मौजूद रहे। इसके उपरांत विधायक ने धर्मेंद्र द्विवेदी (सदस्य क्षेत्र पंचायत, बरनई चतरखा) द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में भी सहभागिता की। यहाँ भी बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए, जिससे ठंड के इस मौसम में गरीब, असहाय और बुजुर्गों को राहत मिली। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सांडी अनिल सिंह राजपूत, विधायक प्रतिनिधि आदरणीय डॉ. रजनीश त्रिपाठी, भाई दीपांशु सिंह सोमवंशी, प्रधान संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मनोज दीक्षित (भगहर, सांडी), अमित पांडेय सहित क्षेत्र के अनेक प्रधानगण, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह 'रानू' ने कहा कि सेवा ही हमारा संकल्प है और सहयोग ही हमारी पहचान। जरूरतमंदों की सहायता करना केवल सामाजिक दायित्व ही नहीं, बल्कि मानवीय कर्तव्य भी है। ऐसे सेवा कार्य समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं। कंबल वितरण कार्यक्रमों को लेकर क्षेत्र में सराहना देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने इसे जनप्रतिनिधियों की संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकारों का सशक्त उदाहरण बताया। ठंड के मौसम में इस तरह के आयोजन गरीब और जरूरतमंद वर्ग के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं हैं।

## अन्नदाताओ से कोई सरोकार सरकार को नहीं: सदीप

**सोनभद्र।** इस वर्ष पूरे जनपद में डिएपी समय पर न मिलने व मोन्था जैसे तूफान को झेलने के बावजूद अन्नदाताओ ने धान की अच्छी पैदावार की है जो पिछले वर्ष से कही ज्यादे पैदावार है पिछले वित्तीय वर्ष में एक लाख बीस मीट्रिक टन खरीद हुई थी जबकि इस वर्ष अच्छी पैदावार होने पर भी एक लाख तीन हजार मीट्रिक टन खरीद कर वो भी मिलरो व उनके



बिचौलियो का मिलाकर है तो आज ये सरकार व सरकार में बैठे कुछ संवेदनहीन अधिकारियों नेताओ ने जनपद में खरीद नहीं होगी का आदेश पारित किया है जो सर्वथा किसानों के साथ अन्याय हैं आज पूरे जनपद के किसानो के फोन आ रहे हैं कि भैया कोई बोलने वाला नहीं है अब हम लोग कहा धान बेचे केवल बिचौलिए व राईसमिलरो को अधिक से अधिक मुनाफा पहुचाने के लिए ये सरकार किसानो के साथ कर रही संवेदनहीनता इसको किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा यदि जल्दी ही खरीद शुरू न की गयी तो होगा बड़ा आन्दोलन जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# डग्गामार वाहनों के खिलाफ संयुक्त यातायात चेकिंग अभियान



अवधनामा संवाददाता

**8 वाहन सीज**

**हमीरपुर।** जनपद में डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बुधवार को संयुक्त यातायात चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान क्षेत्राधिकारी सदर, एआरटीओ हमीरपुर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, एआरएम हमीरपुर एवं प्रभारी यातायात के संयुक्त नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के प्रमुख मार्गों एवं भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सघन चेकिंग की गई। इस दौरान 8 डग्गामार वाहनों को चिन्हित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई कर उन्हें सीज किया गया। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई भी की गई। चेकिंग के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन, वैध दस्तावेज साथ रखने तथा सुरक्षित तरीके से वाहन संचालन करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों ने वाहन चालकों को भीड़-भाड़ वाले स्थानों, विशेषकर जीजीआईसी कॉलेज, बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों के आसपास अनाधिकृत रूप से वाहन खड़े न करने की सख्त हिदायत दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आगे भी इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

## शिक्षक डॉ. शमसुद्दीन सईदी शम्स को रूड़की में शिक्षा श्री अवार्ड से नवाज़ा गया



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** पीराने कलीयर, रूड़की, हरिद्वार स्थित शेफील्ड स्कूल में 11 जनवरी 2026 को आयोजित पंचम अ.भा. शैक्षिक विमर्श एवं शिक्षक सम्मान समारोह में नगर के उर्दू मोहल्ला निवासी शिक्षक डॉ.शमसुद्दीन सईदी शम्स को राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों सराहनीय, उल्लेखनीय नवाचार कार्यो तथा सतत योगदान के लिए शिक्षा श्री 2026 के सम्मान से नवाज़ा गया, हालांकि इससे पूर्व भी श्री सईदी नेपाल सहित देश विदेश से अनेकों अवार्ड प्राप्त कर इटावा का नाम रौशन कर चुके हैं इसके लिए शिक्षा जगत उन पर गर्व करता है। उन्होंने बताया कि इस गरिमामयी भव्य आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से आये शिक्षा विदों, कुलपतियों, शिक्षाशास्त्रियों तथा शिक्षा विशेषज्ञयो ने भाग लिया तथा शिक्षा के भविष्य, तकनीक की भूमिका और शिक्षक दायत्वों पर गहन विमर्श किया गया। श्री सईदी की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के अनेकों शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित उनके शुभ चिंतको ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनायें तथा बधाइयाँ दी है। यह सम्मान पाकर श्री सईदी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे है।

## सफारी पार्क के निदेशक डॉ.अनिल पटेल ने डॉ.हरीशंकर पटेल को किया सम्मानित



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** इटावा सफारी पार्क के निदेशक डॉ0अनिल कुमार पटेल एवं उप निदेशक डॉ0विनय कुमार सिंह द्वारा अपना दल (एस)के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य / बैडमिन्टन प्रशिक्षक डॉ.हरीशंकर पटेल जिला वरिष्ट उपाध्यक अरवल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र के साथ सफारी की हैन्ड पहना कर को इटावा सफारी पार्क में 28 वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता हेतु दिनांक 15 अक्टूबर 2025 से 07 नवंबर 2025 तक आयोजित किए गए विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों के बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को निशुल्क सफलतापूर्वक प्रशिक्षण देने के फलस्वरूप इटावा सफारी पार्क में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सफारी पार्क के रेन्जर साहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। बधाई देनें वालों का लगा तांता जिसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष- जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल, जिला महामंत्री धर्मेन्द्र जैन सर्वेश चौहान संजय वर्मा इकरार अहमद रजीत कुशवाह लल्लू वारसी हरिओम गुप्ता यामीन रिकू चौधरी सुशीला राजावत अर्चना कुशवाह पूजा श्रीवास्तव वर्षा दुबे आदि ने बधाई दी।

## आर्मी विंटर्स डे पर वीरता पुरस्कार विजेताओं व वीर नारियों का सम्मान



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** दसवें आर्मी विंटर्स डे (आर्म्ड फोर्स वेटरन्स डे) के अवसर पर बुधवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय हमीरपुर के तत्वावधान में जिलाधिकारी आवास पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा वीरता पुरस्कार विजेताओं एवं वीर नारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कर्नल सिद्दीकी सेवामेंडल, श्रीमती विमला देवी (विधवा स्व. हवलदार शिवनारायण सिंह, कीर्ति चक्र) एवं सूबेदार नरेश कुमार पाल को शाल, उपहार एवं मिष्ठान देकर सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर कैप्टन हरजिंदर सिंह संधू, विनोद परिहार सहित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

### मौदहा बार एसोसिएशन में शोकसभा

**मौदहा (हमीरपुर) (अवधनामा संवाददाता)** मौदहा बार एसोसिएशन से लंबे समय तक जुड़े रहे वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर बुधवार को बार संघ परिसर में शोकसभा आयोजित की गई। पिपरौंदा निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता अजय सिंह सेंगर के निधन पर बार संघ के मीटिंग हाल में अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात बड़ी संख्या में अधिवक्ता उनके निवास पर पहुंचे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। शोकसभा में अधिवक्ता उमाशंकर त्रिपाठी, साकेत त्रिपाठी, ब्रजकिशोर त्रिवेदी, उमेश नामदेव, वीरेंद्र प्रजापति, विजय सिंह यादव, महेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता महमूद रजा सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल में सिसोलर ने खम्हरिया को एक विकेट से हराया

**मौदहा (हमीरपुर) (अवधनामा संवाददाता)** मौदहा विकास खंड के गांव सिसोलर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मेजबान सिसोलर टीम ने खम्हरिया को एक विकेट से हराकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। 30 दिसंबर से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में सिसोलर, गुसियारी, भैसमरी, बिहरका, भटुरी, अतरैया, छिमौली, मुंडेरा, पढ़ोरी, टोला माफ, पिपरौंदा, मेहुना, भैंसरा, सांड़ी, भमौरा एवं खम्हरिया की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में खम्हरिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवरों में 100 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सिसोलर टीम ने आखिरी ओवर की अंतिम गेंद पर मुकाबला जीत लिया। मैच के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान विजय शंकर प्रजापति ने विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया।

# नि:शुल्क कृत्रिम अंग जाँच एवं वितरण शिविर का आयोजन 18 को

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/रेणुकूट।** रोटरी क्लब रेणुकूट द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण एवं पुनर्वास के उद्देश्य से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निःशुल्क कृत्रिम अंग जाँच एवं वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 18 जनवरी दिन रविवार को रोटरी बाल शिक्षा निकेतन, मुर्धवा रेणुकूट में आयोजित होगा।

शिविर का आयोजन रोटरी क्लब रेणुकूट, रोटरी क्लब वाराणसी सनराइज एवं श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, वाराणसी के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। गौरतलब है कि श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति देशभर में कृत्रिम अंग निर्माण और दिव्यांग सेवा के लिए प्रसिद्ध संस्था है।

रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट श्री सुनील कान्त पांडेय ने बताया कि शिविर में अनुभवी तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनों की जाँच की जाएगी तथा हाथ और पैर के कृत्रिम अंगों के लिए नाप ली जाएगी। नाप लेने के बाद 8 से 10 दिनों के भीतर कृत्रिम अंग तैयार कर वितरित किए जाएंगे। जिन लोगों के पुराने कृत्रिम अंग खराब हो गए हैं, उनके सुधार या नए कृत्रिम अंग लगाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। दिव्यांगजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, शिविर के दौरान सभी लाभार्थियों एवं उनके साथ आए एक-एक सहायक के लिए भोजन की व्यवस्था रोटरी क्लब रेणुकूट द्वारा की जाएगी। रोटरी क्लब रेणुकूट की ओर से उन्होंने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस शिविर की जानकारी अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ, ताकि जरूरतमंद दिव्यांगजन इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठा सकें। रोटरी क्लब रेणुकूट का मानना है कि समाज के सहयोग से यह सेवा कार्य अनेक दिव्यांगजनों के जीवन में नई आशा और आत्मनिर्भरता लाने में सहायक सिद्ध होगा। किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु आप रोटरी संस्था से जुड़े श्री संजय रुथला सम्पर्क सूत्र- 9651706080 एवं अजीत अस्थाना सम्पर्क सूत्र- 9450814157 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर महिला को बेनीगंज बुला कर की मारपीट, घायल

**हरदोई/अवधनामा संवाददाता।** नौकरी दिलाने का झांसा देकर महिला को बेनीगंज बुला कर एक युवक ने धार दार हथियार से हमला कर दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से लहूलुहान हो गयी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने शिवम नाम के युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जनपद उन्नाव के औरास थाना क्षेत्र के करीमाबाद निवासीनी रामा सिंह पत्नी धीर सिंह ने बेनीगंज कोतवाली पहुंचकर थाने मे शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 13 जनवरी को मै अपने घर से दवा लेने के लिए घर से निकली थीं। इस दौरान शिवम नाम के युवक का कॉल आया और नौकरी दिलाने की बात कहकर बेनीगंज रेलवे क्रासिंग समीप मुझे बुलाकर धार दार हथियार से शिवम ने हमला कर दिया। जिससे मै गंभीर रूप से लहूलुहान होकर घायल हो गयी। कोतवाल ओमप्रकाश सरोज ने बताया कि पीड़िता रामा की तहरीर पर शिवम नाम के युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एनटीपीसी सिंगरौली में लोहड़ी उत्सवः संस्कृति और सौहार्द का रंग



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में 13 जनवरी 2026 को शक्तिनगर स्थित आवासीय परिसर के मनोरंजन केंद्र में लोहड़ी पर्व पारंपरिक श्रद्धा, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस सांस्कृतिक आयोजन ने कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के बीच आपसी सौहार्द, सांस्कृतिक चेतना एवं सामूहिक उल्लास को और अधिक सशक्त बनाया। कार्यक्रम में संदीप नायक, परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं श्रीमती प्रज्ञा नायक, अध्यक्षा, वनिता समाज ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप नायक ने सभी को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसे पारंपरिक पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखते हैं और संगठनात्मक परिवेश में अपनापन, एकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी परिवार की यही एकजुटता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है तथा इसी भावना के साथ कार्य करते हुए सुरक्षा, गुणवत्ता और उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित किए जा सकते हैं। आयोजन के दौरान लोहड़ी पर्व से संबंधित परंपराओं का विधिवत पालन किया गया। कर्मचारियों, महिलाओं एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर लोक-परंपरा और संस्कृति के रंग को जीवंत किया। यह उत्सव केवल एक पर्व नहीं, बल्कि सामूहिकता, पारिवारिक सहभागिता एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का भी प्रतीक बना। कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली के सी.एच. किशोर कुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एंड ए डी एम), रश्मि रंजन मोहंती, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), सिद्धार्थ मण्डल, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। साथ ही वनिता समाज की सम्माननीय सदस्याएँ, एनटीपीसी कर्मियों के परिवारजन तथा यूनियन/एसोसिएशन के मानद प्रतिनिधिगणों की सहभागिता से आयोजन अत्यंत सफल एवं स्मरणीय बन गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन मनोरंजन केंद्र द्वारा किया गया।

## मकर संक्रांति सद्भाव का प्रतीक- कार्यकारी निदेशक

**सोनभद्र/बीजपूर।** एनटीपीसी परिसर स्थित अपनी भव्यता, सुंदरता एवं आध्यात्मिक महत्व के लिए क्षेत्र में प्रसिद्ध रिहंदेश्वर धाम महादेव मंदिर में देवताओं का दिन-मकर संक्रांति उत्सव को भव्य तरीके से मनाया गया। मंदिर समिति के द्वारा भोग प्रसाद - चुरा-दही, गुड़, तिलवा, तिलकुट के साथ-साथ महाप्रसाद की भी व्यवस्था की गई जिसे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ ग्रहण किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष संजीव खेड़ा ने कहा मकर संक्रांति का उत्सव पौराणिक काल से सम्पूर्ण भारत वर्ष में मनाया जाता रहा है। इस दिन भगवान भास्कर उत्तरायण होते हैं। उपाध्यक्ष योगेश त्रिपाठी ने बताया कि आध्यात्मिक मान्यता है कि मां गंगा का सागर से मिलन आज के दिन हीं होता है और पवित्र नदियों में स्नान, दान तथा देवालयों में दर्शन पूजन से पापों का नाश एवं आत्मा की शुद्धि होती है। राकेश राय ने कहा यह त्योहार सामाजिक मेल-मिलाप एवं पारिवारिक सद्भाव का प्रतीक माना जाता है।

# राज्यमंत्री संजीव सिंह गोड़ ने कंबल वितरित किए



अवधनामा संवाददाता

**चोपन/सोनभद्र।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोकप्रिय समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने बुधवार को चोपन विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय डाला बाड़ी परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हजारों जरूरतमंद, असहाय एवं गरीब परिवारों को कंबल वितरित किए। कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी साफ झलकती दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री श्री गोड़ ने स्वयं व युवा समाजसेवी अजय देव ने लाभार्थियों को कंबल वितरित कर उनका हालचाल जाना तथा सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और सहयोग का संदेश देता है। ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की मदद करना हम सबका कर्तव्य है। उत्तर प्रदेश सरकार और माननीय मुख्यमंत्री के योजनाओं का लाभ आज सीधे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा हैं तथा हर वर्ष के भांति इस बार भी कोशिश है कि कोई भी गरीब और असहाय व्यक्ति ठंड से परेशान न हो।

इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख श्रीमती लीला सिंह गोड़, राम विचार गोड़, सुनील सिंह, शिवनाथ जायसवाल, उमेश पटेल, मीनू चौबे, संदीप पांडेय, विकास चौबे एवं युवा समाजसेवी अजय देव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सपा अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक सम्पन्न



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** समाजवादी अधिवक्ता सभा जिले की मासिक बैठक बुधवार को संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिनय यादव ने की, संचालन जिला महासचिव भुवनेश यादव ने किया। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे, जिस पर अध्यक्ष द्वारा कहा गया आप लोगों के विचारों से में सन्तुष्ट हूँ जो भी समस्याएं होगी उनको दूर किया जाएगा। बैठक में कोषाध्यक्ष /मीडिया प्रभारी मैराज अली खान, वीरू कठेरिया, लक्ष्मण सिंह यादव, अनिल कश्यप, सुमित कुमार, अनूप शर्मा, हरिशंकर सक्सेना, संदीप कुमार, अमित कुमार, मंगल कुशवाह, राजेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## मौदहा में 17 जनवरी को होगा व्यापारी संवाद कार्यक्रम

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिले में व्यापारिक गतिविधियों के प्रोत्साहन, पंजीयन आधार बढ़ाने एवं राजस्व वृद्धि के साथ ही जीएसटी 2.0 के सुधारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 17 जनवरी 2026 को मौदहा में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पंजीयन, रिटर्न फाइलिंग के विभिन्न पहलुओं, ईंट-भट्टों पर कर देयता तथा जीएसटी से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। उपायुक्त राज्य कर हमीरपुर ने महिला उद्यमियों, युवा उद्यमियों, व्यापारिक संगठनों एवं अन्य स्टेक होल्डर्स से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।

# बैंक मित्र की कथित ठगी से हड़कंप

■ डेढ़ करोड़ से ज्यादा रकम डकारने का आरोप

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मोहान रोड स्थित शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा उस समय विवादों में घिर गई, जब यहां कार्यरत बैंक मित्र पर खाताधारकों की गाढ़ी कमाई हड़पने के गंभीर आरोप सामने आए। पीड़ितों का दावा है कि बैंक मित्र ने करीब डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की रकम की हेराफेरी की है।

मामले के उजागर होते ही बुधवार को बैंक परिसर में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में खाताधारक शाखा पहुंचे और बैंक के मुख्य गेट पर धरना देकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोशित लोगों ने चैनल गेट बंद कर दिया और बैंक प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हालात इतने बिगड़ गए कि करीब तीन घंटे तक बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह ठप रहीं।

कुल्हड़ कट्टा निवासी अवधेश ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी के लिए वर्षों की मेहनत से रकम जमा की थी। आरोप है कि उनके नाम से कई फर्जी एफडी दर्शाई गईं, जबकि असल में खाते से लाखों रुपये निकाल लिए गए। जब उन्होंने जानकारी जुटाई तो ठगी का पूरा जाल सामने आया। शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक डॉ. आशुतोष पाठक ने बताया कि उनका वेतन इसी बैंक खाते में आता है। एक चेक से रकम निकालते समय पूरी राशि नहीं मिली, बाद में खाते से अलग-अलग तारीखों में पैसे गायब हो गए। मोबाइल पर लेन-देन के संदेश आने के बाद उन्हें धोखाधड़ी का शक हुआ, जिसके बाद उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। खाताधारक सालिकराम ने बताया कि उनके खाते से कई किस्तों में बड़ी रकम दूसरे खाते में ट्रांसफर की गई। स्टेटमेंट निकलवाने पर यह खुलासा हुआ। इसी तरह अब तक करीब 25 खातों में संदिग्ध लेन-देन के प्रमाण मिलने की बात सामने आ रही है। पुलिस और बैंक प्रबंधन पर सवाल प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप है कि पुलिस ने हिरासत में लिए गए बैंक मित्र को बाद में छोड़ दिया, जिससे लोगों का गुस्सा और भड़क गया। वहीं खाताधारकों ने बैंक अधिकारियों पर भी लापरवाही और मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। इस संबंध में शाखा प्रबंधक हिमांशु कुकरेती ने बताया कि खाताधारकों से मिली शिकायतों के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। बैंक स्तर पर जांच शुरू कर दी गई है और निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पीड़ित खाताधारक अपनी जमा पूंजी की वापसी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## शाहमीना शाह का माहाना कुल आयोजित

**लखनऊ।** मख्दूम शाहमीना शाह का माहाना कुल मेडिकल कॉलेज स्थित मजार पर आयोजित हुआ। कुल की महफिल में कई खानकाहों व मजारों के सज्जादानशीन व मशाएख शामिल हुए। कुल की महफिल में काकोरी के कव्वाल मोहम्मद नोमान हुसैन ने हम्द, नात और मनकबत का नजराना पेश किया। मजार के सज्जादानशीन राशिद अली मीनाई ने कुल में शामिल होने वाले मजारों व खानकाहों के सज्जादानशीनों व अकीदतमंदों के गले में चादर डाल कर स्वागत किया। कुल की महफिल में मुख्य रूप से मुगीस सागरी, मोहम्मद अली साहिल, बेनजीर शाह वारसी, सूफी इजहार अली, अयाज अहमद, जमील बशीरी, मोहम्मद कफील, अख्लाक अहमद, एहसन रईस, निसार अहमद, मोहम्मद मक्की, इरशाद खां, मोहम्मद काजिम, मजीद बानो, मोहम्मद अनीस, रईस मीनाई, अमान मीनाई, रेहान मीनाई, मोहम्मद सलीम सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल थे।

# मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति और खिचड़ी पर्व पर दीं शुभकामनाएं

■ मकर संक्रांति भारत की सांस्कृतिक एकता, आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का महापर्व: मुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मकर संक्रांति और खिचड़ी पर्व के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि मकर संक्रांति भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परम्पराओं का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे देश के विभिन्न राज्यों में विविध नामों एवं परम्पराओं के साथ श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया जाता है। तमिलनाडु में इसे पोंगल, आन्ध्र प्रदेश एवं तेलंगाना में संक्रांति, असम में माघ बिहू, पंजाब एवं हरियाणा में लोहड़ी, गुजरात में उत्तरायण, महाराष्ट्र में तिल संक्रांति तथा उत्तर प्रदेश और बिहार में खिचड़ी पर्व के रूप में मनाने की परम्परा है। यह विविधता भारत की सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं तथा उत्तरायण होते हैं। भारतीय परम्परा में सूर्य का उत्तरायण होना शुभ, सकारात्मकता और नवचेतना का प्रतीक माना गया है। यह परिवर्तन अंधकार से प्रकाश की ओर, जड़ता से कर्मशीलता की ओर तथा नकारात्मकता से सकारात्मक ऊर्जा की ओर अग्रसर होने का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति एवं माघ मास के पावन अवसर पर प्रयागराज में आयोजित माघ मेले में लाखों श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर आस्था की डुबकी लगाएंगे। प्रयागराज के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पवित्र नदियों में स्नान, दान-पुण्य और पूजा-अर्चना का इस पर्व पर विशेष महत्व है, जो सामाजिक सद्भाव, सेवा और लोककल्याण की भावना को सुदृढ़ करता है।

# बसपा सुप्रीमो का जन्मदिन आज

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** 15 जनवरी को बसपा सुप्रीमो का 70वां जन्मदिन पार्टी संगठन के लिहाज से खास है। बसपा का अस्तित्व इस बार राज्यसभा में भी समाप्त हो रहा है। वहीं राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी पार्टी को खास सफलता नहीं मिल सकी है। इसकी वजह से पार्टी के अस्तित्व पर संकट है। बसपा सुप्रीमो इससे निपटने के लिए कोई खास रणनीति का खुलासा भी कर सकती हैं।मायावती कल इस अवसर पर सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को पंचायत चुनाव और विधान सभा चुनाव को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सन्देश देंगे वहीं वह प्रेसवार्ता कर विरोधियों को सन्देश भी देंगी। वहीं सभी राज्यों में उनका जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। पार्टी पदाधिकारी इसकी तैयारियों में जुटे हैं। मायावती जन्मदिन के अवसर पर पूर्व की भांति अपनी पुस्तक मेरे संघर्षमय जीवन एवं बीएसपी मूवमेंट का सफरनामा के 21वें संस्करण का विमोचन भी करेंगी। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय संयोजक आकाश आनंद समेत तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इस दौरान वह पार्टी संगठन को मजबूत करने के साथ जनाधार बढ़ाने और राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के बाबत दिशा-निर्देश देंगी।

## मजलिसे पंजुम आज

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** स्वर्गीय निदा हसीन के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे पंजुम गुरुवार को होगी। चौक मण्डी स्थित इमामबाड़ा गुफरानमआब में शाम 6:30 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना इस्तेफा रजा खिताब करेंगे। विदित हो कि स्वर्गीय निदा हसीन किडजी स्कूल चौक की संचालिका थीं और बीते दिनों फैजाबाद रोड के रोहतास अपार्टमेण्ट स्थित फ्लैट में लगी आग से झुलस गयी थीं और गिर कर निधन हो गया था। घर में लगी आग से स्वर्गीय के पति अम्मार रिजवी यूशी नवाब गंभीर रूप से झुलस गये थे, जिनका इलाज चल रहा है।

# छोटा इमामबाड़ा में पेश किया कैदखाने बगदाद का दिलसोज मंजर

■ काजमैन,आगा बाकर में करायी ताबूत की जियारत

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शियों के सातवें इमाम हजरत मूसा काजिम (अ.स) की शहादत के सिलसिले में बुधवार को शहर के तमाम इमामबाड़ों और कर्बलाओं में मजलिस-ओ-मातम का आयोजन किया गया। बृहस्पतिवार को मनाया जाएगा इमाम की शहादत गम। इस मौके छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में असीर-ए-बगदाद का मातम शीर्षक से अयोजित दूसरी मजलिस को मौलाना जैगम अल गरवी ने खिताब करते हुए कहा कि इमाम मूसा काजिम (अ.स) अपने जमाने के सबसे बड़े आलिम थे। मजलिस के बाद कैदखाने बगदाद का दिलसोज मंजर पेश किया। कल की मजलिस के बाद हजरत इमाम मूसा काजिम (अ.स.) और हजरत अबुतालिब (अ.स.) के ताबूत की जियारत करायी जायेगी और पुले बगदाद का दिलसोज मंजर पेश किया जायेगा।रौज़ाए काजमैन में मौलाना तनवीर अब्बास नजफी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद इमाम (अ.स.) के ताबूत की जियारत करायी गयी। इसके बाद मौलाना अबुतालिब मेहदी नेमसाएब बयान किये मजलिस का आयोजन दस्ते खतिबुल ईमान ने किया था। दरिया वाली मस्जिद में मौलाना राशिद अस्करी ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में मौलाना मीसम जैदी ने गरीब-ए-बगदाद का मातम शीर्षक से मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत करायी गयी और अंजुमनों ने नौहाख्वानी की।

### इमामबाड़ा उम्मुल बनीन में मजलिस आज

**लखनऊ।** इमाम हजरत मूसा काजिम की (अ.स) शहादत की याद में इमामबाड़ा उम्मूल बनीन मंसूर नगर में बृहस्पतिवार को शाम 7 बजे असीर ए बगदाद का मातम शीर्षक से एक मजलिस को मौलाना हैदर अब्बास रिजवी खिताब करेंगे मजलिस के बाद ताबूत की जियारत कराई जाएगी

### मोहसिन-ए-इस्लाम का मातम आज

हजरत अली (अ.स) के पिता हजरत अबु तालिब (अ.स) की यौमे वफात पर बृहस्पतिवार को इमामबाड़ा अबुतालिब हसनपुरिया में रात 8 बजे मजलिस को मौलाना सैयद अबुतालिब मेहदी खिताब करेंगे। मजलिस का आयोजन गुलामाने जनाबे अबुतालिब फाउंडेशन ने किया है।

## आज बंद रहेंगी छोटा इमामबाड़ा की दुकानें

**लखनऊ।** इमाम मूसी काज़िम अस की यौमे शहादत के मौके पर हुसैनाबाद स्थित छोटा इमामबाड़ा के दोनों गेट के दरम्यान की दुकानें बंद रहेंगी। मौलाना कल्बे जवाद ने भी दुकानें बंद रखने की अपील करते हुए कहा की छोटा इमामबाड़ा में इमाम के शहादत की मजलिस का आयोजन किया जाता है जिसमे काफी बड़ी संख्या मि श्रधालु आते हैं ऐसे में दुकानों की वजह से भीड़ रहती है ऐसे में अज़ादारों को आने जाने में परेशानी हो सकती है इसलिए दुकानें बंद रखी जाएँ। वहीं हुसैनाबाद ट्रस्ट के प्रॉपर्टी सुपरवाइज़र एजाज़ ने भी दुकानें बंद रखने की अपील की है लेकिन ट्रस्ट की तरफ से ऐसा कोई आदेश जारी न होना लोगों में चर्चा का विषय है।

# चारबाग से चलने वाली बसें आलमबाग से मिलेंगी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** चारबाग बस स्टैंड के निर्माण के चलते अब यहाँ से चलने वाली बसें आलमबाग बस अड्डे से चलेंगी। बस स्टेशन के स्टाफ व बसों को शिफ्ट करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है।चारबाग बस टर्मिनल भी प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप यानी पीपीपी के तहत बनेगा। एलडीए की पांच अगस्त की बोर्ड बैठक में बस स्टेशन के पुनर्निर्माण का रास्ता साफ हो चुका है।निगम की आवंटित भूमि पर निजी विकासकर्ता की ओर से बनाए जाने वाले प्रस्तावित बस टर्मिनल में महायोजना मार्ग को ले-आउट के अनुसार 30 मीटर चौड़ा करना आड़े आ रहा था, क्योंकि 1930 के लेआउट में यह सड़क 30 मीटर चौड़ी थी लेकिन, मौके पर 24 मीटर ही चौड़ी है। एलडीए मार्ग को चौड़ा करने व सेटबैक में विकासकर्ता को राहत दिया है। चारबाग बस स्टेशन को टर्मिनल बनाने के लिए मुंबई की डीजीएस टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड 50 करोड़ रुपये खर्च करेगी। चारबाग स्टेशन से चलने वाली 300 बसों को शिफ्ट किया जा रहा है। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया, आलमबाग से बसों का संचालन शुरू कराया जाएगा और वहीं पर स्टाफ भेजा जा रहा है कानपुर, फतेहपुर, रायबरेली, सुलतानपुर, हैदरगढ़, उन्नाव सहित अन्य स्थानों की बसों का प्रतिदिन संचालन होता है।

## प्रमोद और मोना ने दी बधाई

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा में उपनेता विरोधी दल प्रमोद तिवारी और नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति और लोहड़ी के पवित्र पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। नेताद्वय ने अपने बधाई संदेश में कहा कि पवित्र त्योहार मकर संक्रांति एक तरफ जहां सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण में मकर राशि में प्रवेश करता है और शुभ काम शुरू हो जाते हैं वहीं लोहड़ी का त्योहार सिखों के धर्मगुरुओं के पवित्र संदेश देता है और सच्चाई की राह दिखाता है। नेताद्वय ने मकर संक्रांति और लोहड़ी के पवित्र त्योहार पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# कांग्रेस ने पुलिसिया बर्बरता के खिलाफ ज्ञापन दिया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** वाराणसी में बीते दिनों मनरेगा बचाओ संग्राम के दौरान एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ पुलिसिया बर्बरता का आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने बुधवार को राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारियों को सौंपा। जिलाध्यक्ष रुद्रदमन सिंह बबलू और शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंप एनएसयूआई नेताओं से अभद्रता करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष रुद्रदमन सिंह बबलू और शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी ने विरोध-प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी और कार्यकर्ताओं के साथ बर्बरता का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि पुलिस का यह रवैया दमनात्मक है और लोकतंत्र को शर्मसार करने वाली घटना है। नेताद्वय ने आरोप लगाया कि केन्द्र और प्रदेश सरकार जनहित में किसी को आवाज नहीं उठाने दे रही है। लोकतंत्र में यह ठीक नहीं है। कांग्रेसियों ने ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से पार्टी नेताओं के साथ अभद्रता करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार को निर्देशित करने की मांग की।

## अफ्हाम-जमां सोसाइटी ने राष्ट्रपति से माँगा समय

**लखनऊ।** हुसैनाबाद एण्ड एलाइड ट्रस्ट को लेकर अफ्हाम-जमां सोसाइटी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिख कर मुलाकात का समय मांगा है। सोसाइटी के अध्यक्ष अली मीसम नकवी एडवोकेट ने बताया कि सोसाइटी पिछले 14 सालों से हुसैनाबाद एण्ड एलाइड ट्रस्ट के संबंध में ट्रस्ट चेयरमैन जिलाधिकारी लखनऊ से भेंट कर ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन अब तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में संस्था के पदाधिकारी शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मिल चुके हैं और मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री और प्रधानमंत्री को भी ट्रस्ट की समस्याओं से अवगत कराते हुए समय मांग चुकी है लेकिन अब तक मिलने का कोई समय नहीं मिल सका न ही कोई कार्रवाई हुई। संस्था ने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति ट्रस्ट की समस्याओं का निस्तारण अवश्य करेंगी।

# स्नैचिंग करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** थाना दुबग्गा पुलिस ने राह चलती महिलाओं को निशाना बनाकर छीन-झपट करने वाले एक शातिर गिरोह का खुलासा करते हुए दो बाल अपचारियों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर सब्जी मंडी के पीछे जंगल के पास की गई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रिजवान उर्फ भूरा और सुमित गुप्ता के रूप में हुई है। दोनों की उम्र 17 वर्ष बताई गई है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई 13 जनवरी को दर्ज कराई गई एक शिकायत के बाद शुरू की गई थी, जिसमें वादी ने बताया था कि बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने उनकी पत्नी के कान के बाले छीन लिए और मौके से फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तफ्तीश तेज की और घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल (बिना नंबर प्लेट) और पीली धातु का एक कान का बाला बरामद किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी रिजवान उर्फ भूरा का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ लखनऊ के चिनहट और जानकीपुरम थानों में लूट और चोरी के कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने इस मामले में छीन-झपट, चोरी की संपत्ति को प्राप्त या छिपाने, तथा धोखाधड़ी व बेईमानी से जुड़े कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक लवकुश सिंह, संतोष कुमार सिंह और उनकी टीम शामिल रही। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों बाल अपचारियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

# यूनियन बैंक का शुद्ध लाभ वर्ष 26 में 18 फीसदी बढ़कर 5017 करोड़ रूपये

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने वित्तीय मोर्चे पर शानदार प्रदर्शन करते हुए वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में 5017 करोड़ रूपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। यह इसी साल की पिछली तिमाही के मुकाबले 18.07 फीसदी अधिक है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मण्डल ने 31 दिसम्बर, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक के लेखों का बुधवार को अनुमोदन किया है। वित्तीय परिणामों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान बैंक की ब्याज आय 26,443 करोड़ रुपये रही है जो पिछली तिमाही से 5.85 फीसदी अधिक है। बैंक के कुल कारोबार में वर्ष दर वर्ष 5.04 फीसदी की वृद्धि हुई है, जिसमें सकल अग्रिमों में वर्ष दर वर्ष आधार पर 7.13 फीसदी की वृद्धि हुई है और कुल जमाराशि में वर्ष दर वर्ष आधार पर 3.36 फीसदी की वृद्धि हुई है। परिणामों के मुताबिक 31 दिसम्बर, 2025 तक बैंक का कुल कारोबार 22,39,740 करोड़ है। इस अवधि में यूनियन बैंक के वैश्विक जमाराशि में वर्ष दर वर्ष 3.36 फीसदी की वृद्धि हुई है। बैंक के पास 31 दिसम्बर, 2025 तक कुल जमाराशि आधार 12,22,856 करोड़ है। वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में बैंक के रैम क्षेत्र में वर्ष दर वर्ष आधार पर 11.50 फीसदी की वृद्धि हुई है, जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर रिटेल में 21.67 फीसदी की वृद्धि और एमएसएमई अग्रिमों में 19.75 फीसदी की वृद्धि हुई है वहीं घरेलू अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में, रैम अग्रिम 58.84 फीसदी है।

यूनियन बैंक की 31.12.2025 को कुल एनपीए वर्ष दर वर्ष आधार पर 79 बीपीएस की गिरावट के साथ 3.06 फीसदी रहा वहीं शुद्ध एनपीए वर्ष दर वर्ष आधार पर 31 बीपीएस की गिरावट के साथ 0.51 फीसदी रहा है।

## प्रो. जे.पी. सैनी ने कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण किया

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में आज प्रोफेसर जे.पी. सैनी ने विधिवत रूप से विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने यह दायित्व पूर्व कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना से कुलपति कार्यालय में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम के दौरान ग्रहण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यभार ग्रहण की प्रक्रिया के दौरान पूर्व कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने प्रो. जे.पी. सैनी को कार्यभार से संबंधित दस्तावेज सौंपे और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रो. सैनी के नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छुएगा। नवनियुक्त कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं अनुभवी प्रशासक हैं, जिन्हें उच्च शिक्षा, अकादमिक नीति, गुणवत्ता आश्वासन तथा संस्थागत विकास के क्षेत्र में व्यापक अनुभव प्राप्त है।

